

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आजादी के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ़ता भारत व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष-5, अंक-266, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




आज का मौसम | 29.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 40 सूर्यास्त 06 :55

बरेली, रविवार, 11 अगस्त 2024

अभिभूत हूं, देश मना रहा है हमारी जीत का जश्न : हरमनप्रीत...13

# यह सामान्य त्रासदी नहीं, सरकार पीड़ितों की करेगी हर संभव मदद

## प्रधानमंत्री मोदी ने वायनाड भूस्खलन प्रभावित इलाकों का किया दौरा, पीड़ितों से मिले

- पीएम बोले- मदद में कोई कसर नहीं छोड़ेगी केंद्र सरकार

वायनाड (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आश्वासन दिया कि केंद्र वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास प्रयासों में हर संभव सहायता प्रदान करेगा। मोदी ने कहा कि सभी की संवेदनाएं भूस्खलन में जीवित बचे लोगों के साथ हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सामान्य त्रासदी नहीं है। केंद्र सरकार केरल सरकार के साथ मिलकर उन लोगों की मदद करेगी, जिन्होंने इस आपदा में अपना सब कुछ खो दिया। भूस्खलन की वजह से वायनाड में अब तक 226 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 130 से ज्यादा लोग लापता हैं। प्रधानमंत्री यहां जिला कलेक्ट्रेट में जमीनी हालात की समीक्षा करने व भूस्खलन पीड़ितों के पुनर्वास की योजना तैयार करने के लिए आयोजित बैठक में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि देश और भारत सरकार आपदा से प्रभावित लोगों की मदद में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वायनाड जाते समय उन्होंने भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से भूस्खलन प्रभावित चूरलमाला, मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम का हवाई सर्वेक्षण किया था।



आपदा प्रभावित वायनाड पहुंचे मोदी नुकसान का जायजा लेते हुए।

### आपदा में अपनों को खोने वाले बच्चों का दर्द बांटा

**वायनाड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अस्पताल पहुंचकर आपदा में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान की तस्वीरें सामने आई हैं, जो दिल को छूने वाली हैं। वह घायलों के पास बैठे, उनके हाथ पकड़े और उनकी बात सुनते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 11 वर्षीय लावण्या से भी मुलाकात की, जिसने अपने सभी प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने उसके सिर पर हाथ रखा।




MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन


# बिना विलंब हो पीड़ितों की मदद : मुख्यमंत्री

- जनता दर्शन में योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 400 लोगों की समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह जनता दर्शन में आए करीब चार सौ लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। निर्देश दिए कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

योगी ने कहा कि यदि किसी स्तर पर कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो वहां जिम्मेदारी सुनिश्चित कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत किए जाने पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

# एक लाख श्रद्धालुओं ने किया रामलला के झूलनोत्सव का दर्शन

**अयोध्या।** श्रीरामलला के दरबार सहित पूरी रामनगरी में झूलनोत्सव की बहार है। रिमझिम फुहारों के बीच झूला झूलते चारों भाइयों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं अपार भीड़ उमड़ रही है। राम मंदिर में रजत हिंडोले पर सवार होकर श्री रामलला सरकार के साथ लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न झूला झूल रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्री रामलला के समक्ष कजरी गीतों पर दर्शन करने पहुंची महिलाएं झूमती गाती दिखती हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने बताया कि लगभग एक लाख श्रद्धालु मंदिर परिसर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया है।


JPM GROUP OF INSTITUTIONS
LEARN • SERVE • SHARE ESTD. 2006
Affiliated to Mahatma JyotibaPhule Rohilkhand University, Bareilly (MJPRU Code: 128) Affiliated to SCERT, Lucknow (SCERT Code: 080004), Approved by NCTE, New Delhi
Affiliated to BTE, Lucknow (BTE Code: 2354) and Approved by PCI, New Delhi (PCI Code: 5493)
JPM PG COLLEGE | JPM COLLEGE OF PHARMACY | JPM COLLEGE OF TEACHERS' TRAINING



ADMISSION OPEN SESSION 2024-25
SCHOLARSHIPS FOR D.PHARMA., B.PHARMA. & B.EL.ED. STUDENTS 20,000
HURRY UP LIMITED SEATS LEFT
D.Pharma
D.El.Ed. | B.El.Ed. | D.Pharma | B.Pharma*
B.Sc.(Agriculture)Hons | B.Sc.(H.Sc.) | B.Sc.(PCM)
M.Sc.(Human Dev.) | M.Sc.(Food & Nutrition)
M.Sc.(Chemistry/Zoology) | M.Sc.(H.Sc.) | B.Sc.(ZBC)
BBA | BCA | M.Com. | B.Com. | MA | BA
*Subject to Affiliation. #T&C Apply.
>>>>> CAMPUS FACILITIES >>>>>
High-Tech Labs with Latest Equipments • Free Coaching for Competitive Exams
Alumni Association • Placement Cell • AV Rooms • Botanical Garden • Canteen
Library • Auditorium • Digital Classroooms • Sports Ground with latest facilities
>>> 100% PLACEMENT ASSISTANCE FOR ELIGIBLE CANDIDATE
ENQUIRE NOW 8899484668, 9149232322, 8057037500
Campus: Bhairpura Khajuria, Nainital Road, Bareilly (U.P.)
City Office: City Heart Enclave, Opp. Model Town Gate, Stadium Road, Bareilly (U.P.)
Know More at: www.jpmc.ac.in



# शहीद अशफाक के प्रपौत्र को किया गया सम्मानित



अशफाक उल्ला खां को स्मृति चिन्ह भेंट करते अंजुमन इदरीसिया के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर शुरू किए गए शताब्दी कार्यक्रम में दूसरे दिन शनिवार को सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया के सदस्यों ने शहीद अशफाक उल्ला खां के पैतृक आवास पर पहुंच कर उनके प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां और आफाक उल्ला खां को काकोरी ट्रेन एक्शन यादें समेटे हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इसी कड़ी में इंजीनियर अहमद मुबीन इदरीसी ने अशफाक उल्ला खां और महबूब हुसैन इदरीसी ने आफाक उल्ला खां को संस्था का लोगो बना अंगवस्त्र भी भेंट किया। कोषाध्यक्ष नौशाद हुसैन इदरीसी, सलीमुद्दीन इदरीसी आदि मौजूद रहे।

### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष के अवसर पर शहीदों को दी गई काव्यमय श्रद्धांजलि

# यादें हैं रोशन, बिस्मिल की और शान बने अशफाक यहां की

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गांधी भवन में कवि सम्मेलन में कवियों ने बिखेरी देशभक्ति की छटा
- कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एमएलसी और डीएम ने किया आरंभ

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन और नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष के अवसर पर शुक्रवार रात गांधी भवन प्रेक्षागृह में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। आमंत्रित कवियों ने रचनाओं के माध्यम से अमर बलिदानियों को काव्यमय श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्रोताओं में राष्ट्रप्रेम का संचार करते हुए खूब तालियां बटोरीं।

कवि सम्मेलन की शुरुआत सरिता बाजपेई ने मां शारदे की वंदना से किया। इसके बाद लखीमपुर खीरी के कवि अनिल अमल ने देशभक्ति गीत सुनाते हुए कहा- दुल्हन जैसी आज़ादी, मान बचाए रखना है, उनकी पावन स्मृतियों के दीप जलाए रखना है। रायबरेली के कवि नीरज पांडेय ने सुनाया- यादें हैं रोशन, बिस्मिल की और शान बने अशफाक यहां की, यह शाहजहांपुर तीर्थ है, चंदन जैसी ही पाक है खाक यहां की। लखनऊ के कवि कमल आग्नेय ने कुछ यूं सुनाया- चंद्रयान से आगे बढ़कर सूर्ययान का भारत है, डर-डर कर जीना छोड़ दिया अब स्वाभिमान का भारत है। संयोजक कवि डॉ. इंदु अजनबी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा- अमर शहीदों की धरती यह, हम सबका अभिमान है, यहां का कण-कण गीता, बाइबल, गुरु ग्रंथ और कुरान है।

बरेली के कमल कांत तिवारी ने सुनाया-मां भारती के शीश को कटने नहीं देंगे। सम्मान अपनी भूमि का घटने नहीं देंगे। स्थानीय कवि कुलदीप दीपक ने सुनाया- हक के लिए न झुकना किसी के सामने, वाणी में प्रबल हुंकार होनी चाहिए। मस्तक पर चंदन लगाकर कभी घूमना न, रक्त से ललाट का श्रृंगार होना चाहिए। पुवायां के रामबाबू शुक्ला ने सुनाया- तीर तरकश में कम नहीं रखते, दम किसी से भी कम नहीं रखते। हम उपासक हैं शब्द साधक हैं, लेखनी रखते हैं हाथों में बम नहीं रखते। शायर राशिद हुसैन राही ने बलिदानियों को नमन करते हुए कहा- अमर शहीदों की धरती दिल जिस पर कुर्बान है, मिट जाऊं मैं इस धरती पर मेरा ये अरमान है। स्थानीय कवियत्री सरिता वाजपेयी ने भी काव्य पाठ किया। नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने आभार व्यक्त किया।

देर रात तक चले कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्र, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, डीआईओएस डॉ. हरिवंश कुमार, ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, तहसीलदार सदर अरुण सक्सेना, नायब तहसीलदार अनुराग दुबे, उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, डॉ. अनुपम पांडेय, शाहनवाज खां समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजन और श्रोता मौजूद रह।



गांधी भवन में हुए कवि सम्मेलन में कवियों को सम्मानित करते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

### प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए गए कवि

इससे पहले कवि सम्मेलन का आरंभ वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, डीएम उमेश प्रताप सिंह ने काकोरी एक्शन के अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक़ उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### चंदर बने वॉलीबाल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष

**शाहजहांपुर।** लखनऊ में हुई उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन की साधारण सभा की वार्षिक बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में गुरुवार को हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को अध्यक्ष, सुनील कुमार तिवारी को अवैतनिक सचिव व मोहम्मद इब्राहिम को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। शाहजहांपुर के वरिष्ठ कोच चंद्र प्रकाश यादव उर्फ चंदर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### पुलिस से कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के गांव सरसवां निवासी मनीराम ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि एक ग्रामीण ने गांव में स्थित ज्वाला देवी मंदिर में रखी हुई देवी की मूर्ति नशे में शीशा तोड़कर बाहर निकाल ली और मूर्ति तालाब के किनारे फेंक दी। चार चांदी के सिक्के लूट लिए। मनीराम मंदिर की देखभाल व रखरखाव में मदद करते हैं। आरोपी ने मनीराम को धमकी दी कि यदि मंदिर परिसर में दोबारा दिखे तो तुम्हें जान से मार देंगे, गांव में रहना मुश्किल कर देंगे। इस घटना से ग्रामवासियों में जबरदस्त रोष है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# तिरंगा यात्रा में युवाओं में दिखा भारी उत्साह

## भाजयुमो के बैनर तले आयोजित किया गया कार्यक्रम, वित्त मंत्री ने खिरनीबाग चौराहे से यात्रा को किया रवाना



खिरनीबाग चौराहा पर तिरंगा यात्रा को झंडा दिखाकर रवाना करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।



तिरंगा यात्रा निकालते बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान रखने का किया आह्वान, युवाओं ने लगाए नारे

**अमृत विचार :** काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के बैनर तले शनिवार को महानगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया।

तिरंगा यात्रा को रवाना करते वक्त कैबिनेट मंत्री खन्ना ने कहा कि हमारे तिरंगा झंडा को संविधान सभा द्वारा स्वीकार किया गया था। खुशी इस बात की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वाभिमान जगाने के लिए तिरंगा यात्राएं जैसे कार्यक्रम निर्धारित किए। उन्होंने कहा कि अपने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान रखना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। देशवासियों को इसके गौरव की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में युवा बाइकों पर सवार होकर और तिरंगा झंडा लेकर शामिल हुए। सबसे आगे तिरंगा झंडों से सुसज्जित वाहन पर देशभक्ति गीत बजाकर युवाओं में जोश भरने का काम किया जा रहा था। युवा भारत माता के जयघोष करते हुए खुशी से झूम रहे थे। महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, संयोजक राजाराम वर्मा, अर्जुन सिंह, रोबिन तिवारी, स्वप्निल शर्मा, देवाशीष पांडेय, वैभव खन्ना, आशीष गुप्ता, मोहम्मद शीबू, आशीष शुक्ल, गिरिजा शंकर, संजीव सक्सेना, दिलीप गुप्ता, आयुष शंखधार, शुभम सक्सेना, लता तिवारी, पार्षद सुधीर गुप्ता, सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, आशीष वर्मा, हरीश बजाज, राहुल मिश्रा, अमन समेत बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

### समापन पर बाबा साहब को अर्पित किए श्रद्धासुमन

तिरंगा यात्रा खिरनीबाग चौराहा से शुरू होकर अंटा चौराहा, बेरी चौकी, मालखाना मोड़ होते हुए सुभाष टॉवर (घंटाघर) के समक्ष विसर्जित हुई। समापन पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्कूलों में चलाएं सदस्यता अभियान

**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में हुई। प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव ने कहा कि लक्ष्य पूर्ति के लिए कार्यकर्ताओं को जिले के सभी शैक्षिक संस्थानों में सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को परिषद की सदस्यता ग्रहण कराने का प्रयास करना चाहिए। ठक में प्रांत कोषाध्यक्ष मचकेंद्र सिंह, डॉ. अनुराग अग्रवाल, प्रांत खेलो कार्य प्रमुख रविकांत शुक्ला, आशीष ठाकुर, जिला प्रमुख बृजेश मिश्रा, जिला संयोजक योगेंद्र मिश्रा, जिला सदस्यता सहसंयोजक संजय गुप्ता, महानगर अध्यक्ष बरखा सक्सेना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकपा ने सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्वाल को सौंपा ।पार्टी के सह सचिव कामरेड रामशंकर लाल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में टैक्स की राशि, खेती, रोजगार, गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और बेरोजगारी को खत्म करने के लिए बजट बढ़ाया जाए, जातीय जनगणना कराई जाए, एमएसपी कानून बनाने संबंधी मांगे शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद सलीम, सुरेश कुमार, जोगिंदर कौर, उर्मिला देवी, संजीव कुमार आदि शामिल रहे।

### क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने घर-घर तिरंगा फहराने को किया प्रेरित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भावलखेड़ा ब्लॉक में भाजपा कनेग मंडल की बैठक शनिवार को पार्टी के जिला कार्यालय पर हुई। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पुर्णेश मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर के साथ-साथ जन संपर्क करके प्रत्येक घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में विभाजन विभीषिका पर संगोष्ठी, प्रदर्शनी आदि के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस समारोह बढ़-चढ़ कर मनाने पर जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीपीएस राठौर, पृथ्वीराज सिंह, दिनेश अवस्थी, आनंद सिंह, पंकज, सुमित भदौरिया, देवेंद्र अवस्थी, सुधीर त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख राजाराम, सुरेंद्र मिश्रा, सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बच्चों ने समाचार संकलन कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रॉयन इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए मास कम्युनिकेशन कोर्स के तहत चैनल शुरू किया गया। बीबीएन नामक चैनल के माध्यम से बच्चों ने अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर समाचार संकलन कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शनिवार को अभिभावकों के समक्ष बुलेटिन स्क्रीनिंग की गई। प्रधानाचार्य वर्षा अग्रवाल ने बताया कि मास कम्युनिकेशन कोर्स के अंतर्गत पांच अगस्त से बीबीएन कार्यशाला संचालित की गई, जिसका शनिवार को धूमधाम से समापन किया गया। छह दिवसीय कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कैमरा ऑपरेशन, शूटिंग, एडिटिंग, न्यूज एंकरिंग, एडिटिंग की कलाएं सीखीं। चिकित्सकों, समाजसेवियों, खिलाड़ियों, राजनीतिज्ञों आदि से बातचीत कर संबंधित खबरें तैयार की गईं। मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि डिप्टी जेलर अनिल कुमार विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि माधुरी मिश्रा, उप प्रबंधक विपणन अब्दुल मोनीम सईद और अर्जुन अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। मुंबई की प्रशिक्षक शिवानी शर्मा के नेतृत्व में चली कार्यशाला में कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इससे पहले कार्यक्रम का आरंभ शौर्य सिंह, माही पाठक ने ईश प्रार्थना से किया।

### उर्वी, वृंदा, सीनू ने जीती पोस्टर प्रतियोगिता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अंतर्गत शनिवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं को अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह के चित्र बनाने को दिए गए। उर्वी श्रीवास्तव, वृंदा शर्मा, सीनू राना के चित्र सर्वाधिक सराहे गए। तीनों छात्राओं को प्रबंध समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय और प्रधानाचार्य डॉ. राखी मिश्रा ने प्रशस्त्रि पत्र एवं पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इससे पूर्व हुई गोष्ठी में शिक्षिका आभा श्रीवास्तव, मंजरी यादव, रवि प्रभा जौहरी, रीतू अरोड़ा, सुमन शर्मा, प्रज्ञा सिंह, प्राची त्रिवेदी, सोनाक्षी, अर्पिता आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन अर्चना सक्सेना ने किया।

### गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई

**पुवायां, अमृत विचार :** शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पुवाया में गोस्वामी तुलसीदास जयंती वंदना सत्र में मनाई गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र और मुख्य वक्ता के रूप मे श्रीकृष्ण व संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह रहे। इस अवसर पर बच्चों ने अपने विचार अनेक माध्यमों से प्रस्तुत किये और अंत में श्रीकृष्ण ने गोस्वामी तुलसीदास के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

# खाली पेट नहीं खिलानी चाहिए कीड़े वाली दवा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस: सीएमओ ने दवा खिलाकर शुरु किया अभियान

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने डॉ. सुदामा प्रसाद स्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फीता काटकर उद्घाटन किया। बच्चों को अपने सामने दवा खिलाकर अभियान की शुरुआत की।

उन्होंने बताया कि पेट के कीड़े निकलने की दवा बच्चों व किशोरों को खाली पेट नहीं खिलानी चाहिए। बीमार बच्चों को दवा नहीं खिलानी चाहिए। पेट के कीड़े बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है। इनके पेट में रहते बच्चों का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है और बच्चे कई तरह की बीमारियों का शिकार हो जाते है। बच्चों में एनीमिक व कुपोषित होने का एक बड़ा कारण पेट के कीड़े ही है। यह कीड़े मनुष्य की आंत में रहते है और जीवित रहने के लिए शरीर के जरूरी पोषक तत्व को खाते रहते हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पीपी श्रीवास्तव, वीरेंद्र शर्मा, इमरान, पुष्पराज, संजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य उज्जवल मिश्रा आदि मौजूद रहे।



निगोही के एक परिषदीय विद्यालय में बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाते शिक्षक।

### छोटे बच्चों को पीसकर दी जाएगी गोली

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गोविंद स्वर्णकार ने बताया कि जिले में एक से 19 वर्ष तक के लगभग 17,33 लाख किशोर व किशोरियों को दवा का सेवन कराया जाएगा। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को 200 मिग्रा. अर्थात आधी गोली व 2 से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों-किशोरियों पूरी गोली खिलानी है। छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जाएगी।

### बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल

**कांट।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। सीएचसी के बीसीपीएम इरफान अंसारी ने बताया कि जो वंचित रह गए हैं, उन्हें 14 अगस्त को खुराक खिलाई जाएगी। इसी क्रम में मदरसा अंजुमन नाज इस्लामिया कॉलेज में समाजसेविका नाजवी की उपस्थिति में वहां के 83 छात्र-छात्राओं को दवा खिलाई गई। इस मौके पर प्रबंधक मोहम्मद इमरान खां, मोहम्मद रिजवान रजा, उवैस रजा, खुशबू नाज, मैहबिश नाज आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को किया गया जागरूक

**निगोही।** संविलियन विद्यालय पतराजपुर में मध्यान्ह भोजन के पश्चात बच्चों एवं शिक्षकों ने एल्बेंडाजोल की टैबलेट खाई। इंचार्ज प्रधानाध्यापक आजम खान ने टेबलेट खाने के महत्व से बच्चों को अवगत कराया। सुभद्रा देवी महेश चंद्र इंटर कॉलेज हमजापुर में स्वास्थ्य विभाग के सुरेंद्र पाल के निर्देशन में टैबलेट खिलाई गई। सुरेंद्र पाल ने खाने का सही तरीका एवं सावधानी के बारे में बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि सभी के सहयोग से बच्चों को हुकवर्म संक्रमण से बचाना है। इसके लिए यह आवश्यक है कि सभी बच्चों को दवाई खिलाई जाए। संविलियन विद्यालय सहदेवपुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुरेश पाल कुशवाहा, संविलियन विद्यालय उदरिया में राजेंद्र प्रसाद वर्मा, प्राथमिक विद्यालय पिपरिया खुशाली में प्रधानाध्यापक खुशीराम यादव, प्राथिम विद्यालय बहादुरपुर खुर्द में इंचार्ज प्रधान अध्यापक कृष्ण कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरगवां में इंचार्ज प्रधानाध्यापक रेनू शुक्ला, संविलियन विद्यालय धुल्लिया में इंचार्ज प्रधानाध्यापक निर्मला गंगवार, प्राथमिक विद्यालय ऊनखुर्द में इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुनील कुमार के निर्देशन में बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाई गई।

# स्तुति राज चुनी गईं तीज क्वीन, कंचन की मेहंदी ने लुभाया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ताल नृत्य संस्थान की नृत्य और मॉडलिंग कार्यशाला का समापन

**अमृत विचार :** ताल नृत्य संस्थान में चल रही नृत्य एवं मॉडलिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का शनिवार को तीजोत्सव के साथ समापन हो गया। अंटा चौराहा स्थित एक रेस्टोरेंट में मनाए गए तीजोत्सव में महिलाओं ने मॉडलिंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता और डांस के माध्यम से खूब मस्ती की।

तीजोत्सव का प्रारंभ मुख्य अतिथि नीलम वर्मा, विशिष्ट अतिथि विभा सिंह, पारुल वर्मा, प्रभा मिश्रा ने निर्णायक मंडल के सदस्यों श्रुति मिश्रा और नाजिश परवीन के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद शताक्षी दुबे एवं सान्वि शर्मा ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। मॉडलिंग के माध्यम से सभी महिलाओं ने वाहवाही लूटी। झूला तो पड़ गया अमवा की डाल पे गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। ताल डांस संस्थान के कोरियोग्राफर अंकित मिश्रा के मार्गदर्शन में मनाए गए तीजोत्सव में स्तुति राज को ताल तीज क्वीन खिताब से नवाजा गया। फर्स्ट रनर अप कुसुम सिंह चौहान और सेकंड रनर अप ब्यूटी शर्मा रहीं। मेहंदी प्रतियोगता में कंचन गुप्ता विजेता और स्तुति राज उप विजेता बनी। वैष्णवी मिश्रा के संचालन में चले तीजोत्सव में तृप्ति दुबे, आरती यादव, दुर्गावती, कंचन गुप्ता, ताल संस्था के निदेशक नितेश गुप्ता, प्रभा मिश्रा, रविंद्र मिश्रा, अनमोल, असीम आदि मौजूद रहे।



तीजोत्सव में क्वीन को ताज पहनाकर सम्मानित करते अतिथि।

### आईकेएमजी ने उल्लास से मनाया तीजोत्सव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय खत्री महासभा ग्रुप (आईकेएमजी) की ओर से शुक्रवार देर शाम हरियाली तीजोत्सव उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। उत्सव में सभी महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में सजधज कर शामिल हुईं। हाउजी गेम का सभी ने आनंद उठाया। इसके बाद महिलाओं ने सावन गीतों पर डांस कर खूब मस्ती की। सरप्राइज गेम द्वारा बेस्ट परिधान, हेयर स्टाइल, स्माइलिंग फेस, सुंदर आंखें, मैचिंग, फेस कट, नृत्य एवं सुंदरता के आधार पर तीज क्वीन का चयन किया गया। अध्यक्ष रजनी सेठ ने तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही सभी महिलाओं को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर करिश्मा टंडन, सचिव रिद्धि बहल, कोआर्डिनेटर बीना मल्होत्रा, रोली टंडन, कोषाध्यक्ष पूनम कपूर, सलाहकार कोमल खन्ना, शृंगारिका टंडन, डिंपल टंडन, इवेंट मैनेजर नीरू कपूर, विजय लक्ष्मी सूद, माला कपूर आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### भकियमू ने शुरू की भूख हड़ताल

**पुवायां, अमृत विचार :** समस्याओं का समाधान न होने के चलते भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार से भूख हड़ताल शुरू कर दी। भारतीय किसान मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता कई समस्याओं के समाधान को लेकर 18 जुलाई से डाक बंगला परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। 23 दिन बीत जाने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर प्रदर्शनकारियों ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। पहले दिन हरपाल सिंह, नन्ही देवी, ढाकन लाल, नवाब सिंह बैठे।













इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आजादी के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ़ता भारत व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष-5, अंक-266, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 29.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 40 सूर्यास्त 06 :55

बरेली, रविवार, 11 अगस्त 2024


नई मेघाओं को मंच देना चाहता हूं: आमिर खान...14

## कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़, दो जवान शहीद

श्रीनगर, एजेंसी



- आतंकियों की गोलीबारी में तीन सैनिक और एक सिविलियन घायल

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में सेना और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सेना के दो जवान शहीद हो गए। वहीं तीन जवान घायल हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है।

कश्मीर ज़ोन पुलिस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा, "अनंतनाग जिले के अहलान गगरमांडू इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बल काम पर लगे हुए हैं।" हालांकि शहीद सैनिकों के बारे में तत्काल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

सेना के चिनार कॉर्प्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा, "चल रहे ऑपरेशन में आतंकवादियों की अंधाधुंध गोलीबारी के कारण दो नागरिक भी घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। ऑपरेशन जारी है।"

चिनार कॉर्प्स के एक और पोस्ट के मुताबिक, "विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर आज भारतीय सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ़ ने अनंतनाग के कोकरनाग क्षेत्र में एक ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया। गोलीबारी में दो जवान भी घायल हो गए हैं।"


हालांकि भारतीय सेना ने किसी भी जवान के मारे जाने की जानकारी साझा नहीं की है। हाल के दिनों में भारतीय सेना और चरमपंथियों के बीच कई मुठभेड़ें हुई हैं, जिनमें कई सैनिकों की जान भी गई है।

## बांग्लादेश के हिंदू वोट बैंक नहीं, इसलिए सबके मुंह सिले

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंदुओं पर हुए अत्याचार का फिर किया जिक्र, कहा- उनकी रक्षा करना हमारा दायित्व

संवाददाता, मिल्कीपुर (अयोध्या)

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर बांग्लादेश की हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, लेकिन यहां सब चुप हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर इसलिए सबके मुंह सिले हुए हैं कि उन्हें पता है कि बांग्लादेशी हिंदू वोट नहीं हैं। मुख्यमंत्री योगी मिल्कीपुर में अयोध्या विद्यापीठ परिसर में श्रीराम दरबार और अशर्फी भवन अयोध्या धाम के पूज्य आचार्यों की दिव्य एवं भव्य प्रतिमा के स्थापना कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि परिस्थितियां सम हों या विषम, कोई हमें हमारे मूल्यों से डिगा नहीं सकता। उन्होंने बांग्लादेश के हालात पर बोलते हुए कहा कि वहां प्रताड़ित होने वाले 90 प्रतिशत हिंदू दलित समाज का हिस्सा हैं, लेकिन वहां के हिंदू यहां के वोट बैंक नहीं हैं तो सभी पार्टियां चुप हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा करना हमारा दायित्व है। मुख्यमंत्री ने सभी से 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने, तिरंगा यात्राएं निकालने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जो नकारात्मक ताकतें हैं, जो राम-कृष्ण को नहीं मानते, भारतीयता के प्रति सम्मान का भाव नहीं रखते, जो दुनिया के किसी कोने में कोई हिंदू प्रताड़ित हो रहा है तो उसके लिए आवाज नहीं उठा सकते, क्योंकि उन्हें डर लगता है कि इससे यहां का उनका वोट बैंक न खिसक जाए। उन्होंने कहा कि राक्षसी वृत्तियां जब भी प्रबल हों, उनका मुकाबला करने के लिए हमें तैयार होना होगा। सीएम योगी ने कहा कि हमारी आजादी सुरक्षित होगी, तभी हमारा भविष्य भी सुरक्षित होगा।

### ..वरना, आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगी: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने हित और अहित को पहचानना होगा। देखना होगा कि हमें कहां और कैसे सुरक्षा मिलेगी, कौन हमारे हितैषी हैं, कौन विरोधी हैं। समय रहते इसका विचार करना होगा, वरना आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगी। उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव का जिक्र करते हुए पं. रामप्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्लाह खां और चंद्रशेखर आजाद के देशप्रेम को नमन किया।

## एक नजर

### कैबिनेट सचिव बने टीवी सोमनाथन, राजीव गौबा की लेंगे जगह



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी टीवी सोमनाथन को शनिवार को कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया। वह राजीव गौबा की जगह लेंगे। तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी सोमनाथन वर्तमान में केंद्रीय वित्त सचिव व व्यय सचिव के रूप में कार्यरत हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने टीवी सोमनाथन को 30 अगस्त से दो साल के कार्यकाल के लिए कैबिनेट सचिव के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी है। सोमनाथन को कैबिनेट सचिवालय में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी है, जो उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर कैबिनेट सचिव के रूप में कार्य करने तक लागू रहेगा।

### विनेश मामले पर पंचाट का फैसला 13 तक टाला



**पेरिस।** खेल पंचाट (कैस) का तदर्थ प्रभाग ओलंपिक महिला 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती के फाइनल मुकाबले से पहले अयोग्य करार दी गईं भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की अपील पर विचार करने पर अभी कुछ और समय लेगा और इस मामले पर फैसला अब 13 अगस्त को सुनाया जाएगा। मामले की सुनवाई शुक्रवार को समाप्त हुई, जिसमें कैस ने विनेश की अपील स्वीकार कर ली थी। विनेश ने फाइनल मुकाबले की सुबह 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ अपील की थी। इस अपील पर फैसला पहले रविवार शाम सुनाया जाना था।।

### 3 साल से फरार कुख्यात मानव तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एनआईए ने लिट्टे से संबंध रख चुके एक शख्स द्वारा चलाई जा रही सीमापार मानव तस्करी मामले में शनिवार को एक प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी सीनी अब्दुलखान को तमिलनाडु के रामनाथपुरम से पकड़ा गया। वह और उसके साथी तस्करी के शिकार लोगों को गहरे समुद्र में नौका पर बंधक बनाकर रखते थे और फिर बाद में उन्हें ट्रेन, कार, मोटरसाइकिल से मंगलुरु भेजते थे, जहां इन लोगों को फिर बंधक बनाकर रखा जाता था।

### अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग का सेबी अध्यक्ष और उनके पति पर गंभीर आरोप

## अडाणी घोटाले के विदेशी फंड में थी बुच दंपती की हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने शनिवार को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी बुच के खिलाफ एक नया हमला किया। हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया कि सेबी अध्यक्ष बुच और उनके पति धवल बुच के पास अडाणी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट ऑफशोर फंड (विदेशी फंड भी कहते हैं) में हिस्सेदारी थी।

हिंडनबर्ग ने अडाणी पर अपनी पिछली रिपोर्ट के 18 महीने बाद एक ब्लॉगपोस्ट में आरोप लगाया कि सेबी ने अडाणी के मॉरीशस और ऑफशोर शेल संस्थाओं के कथित अघोषित जाल में आश्चर्यजनक रूप से रुचि नहीं दिखाई है। शॉर्ट-सेलर ने व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि सेबी की वर्तमान प्रमुख माधवी बुच और उनके पति के पास अडाणी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए दोनों अस्पष्ट ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी थी। कथित तौर पर समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी के बड़े भाई विनोद अडाणी अस्पष्ट ऑफशोर बरमूडा और मॉरीशस फंडों को नियंत्रित करते थे। हिंडनबर्ग का आरोप है कि इन फंडों का इस्तेमाल धन की हेराफेरी करने और समूह के शेयरों की कीमत बढ़ाने के लिए किया गया था। हिंडनबर्ग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि आईआईएफएल में एक प्रधान के हस्ताक्षर वाले फंड की घोषणा में कहा गया है कि निवेश का स्रोत वेतन है और दंपती की कुल संपत्ति एक करोड़ अमेरिकी डॉलर आंकी गई है।



हिंडनबर्ग संस्थापक नाथन एंडरसन।

रिपोर्ट में आगे आरोप लगाया गया है कि दस्तावेजों से पता चलता है कि हजारों मुख्यधारा के प्रतिष्ठित भारतीय म्यूचुअल फंड उत्पादों के होने के बावजूद एक उद्योग जिसका अब वह विनियमन करने के लिए जिम्मेदार है, सेबी की चेयरपर्सन माधवी बुच और उनके पति धवल बुच के पास अल्प परिसंपत्तियों के साथ एक बहुस्तरीय ऑफशोर फंड संरचना में हिस्सेदारी थी।" हिंडनबर्ग ने कहा कि इनकी परिसंपत्तियां ज्ञात उच्च जोखिम वाले अधिकार क्षेत्र से होकर गुजरती थीं, जिसकी देखरेख घोटाले से कथित तौर पर जुड़ी एक कंपनी करती थी। यह वही इकाई है, जिसे अडाणी के निदेशक चलाते थे और जिसका विनोद अडाणी द्वारा कथित अदाणी नकदी हेरफेर घोटाले में महत्वपूर्ण रूप से उपयोग किया गया था। रिपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला भी दिया, जिसमें यह कहा गया था कि सेबी इस बात की जांच में खाली हाथ रहा कि अडाणी के कथित ऑफशोर शेयरधारकों को किसने वित्तपोषित किया। ऐसे फंड जो विदेशी बाजारों में निवेश करते हैं, उन्हें ऑफशोर फंड कहते हैं। इन्हें विदेशी या अंतर्राष्ट्रीय फंड भी कहते हैं।

### माधबी बुच ने पति को ट्रांसफर किए अपने शेयर

हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपने आरोपों में कहा है कि अप्रैल 2017 से लेकर मार्च 2022 के दौरान माधबी पुरी बुच सेबी की पूर्णकालिक सदस्य होने के साथ अध्यक्ष थीं। उनका सिंगापुर में अगोरा पार्टनर्स नाम से कंसलटिंग फर्म में 100 फीसदी शेयर था। वहीं, 16 मार्च 2022 को सेबी के चेयरपर्सन के तौर पर नियुक्त किए जाने से दो हफ्ते पहले उन्होंने कंपनी में अपने शेयर्स अपने पति धवल बुच के नाम ट्रांसफर कर दिए थे।

## पीएम मोदी अच्छी उपज देने वाली फसलों की 109 किस्में करेंगे लॉन्च

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को यहां भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की उच्च पैदावार वाली, जलवायु अनुकूल और जैव पोषित 109 किस्में लॉन्च करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे।

लॉन्च की जाने वाली 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में ज्वार-बाजरा जैसे मोटे अनाज, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास समेत अन्य के बीज जारी किए जाएंगे। इसमें कहा गया है कि बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागानों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की जाएंगी। इसके अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा टिकाऊ खेती और जलवायु अनुकूल पद्धतियों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया है। उन्होंने भारत को कुपोषण से मुक्त बनाने के लिए मध्याह्न भोजन और आंगनवाड़ी जैसे कई सरकारी कार्यक्रमों के साथ जोड़कर फसलों की जैव-पोषित किस्मों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया है।

## आयुर्वेद-होम्योपैथ छात्र सरकारी अस्पतालों में नहीं कर सकेंगे इंटर्नशिप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अस्पताल के बेड की क्षमता के अनुपात में सीटें होंगी अलाट
- पहला मौका एमबीबीएस छात्रों को दिया जाएगा

**अमृत विचार :** अब आयुर्वेद-यूनानी और होम्योपैथी के छात्रों को इंटर्नशिप के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ेगी। सरकारी अस्पतालों में इंटर्नशिप के लिए विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई करके आने वाले छात्रों को पहले मौका दिया जाएगा। सीटें रिक्त बचने पर ही अन्य स्वास्थ्य विधाओं के छात्रों को मौका मिल सकेगा। इस संबंध में उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. नरेंद्र अग्रवाल का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में कुल बेड क्षमता की दस प्रतिशत सीट पर इंटर्नशिप कराए जाने का नियम है। प्रदेश के 140 अस्पतालों में इंटर्नशिप कराई जाती है। अभी तक सरकारी अस्पतालों में इंटर्नशिप के लिए एमबीबीएस छात्र नहीं मिलते थे। ऐसे में आयुर्वेद-यूनानी व होम्योपैथी छात्रों को छह माह की इंटर्नशिप कराई जाती थी, लेकिन कोविड, यूक्रेन-रसिया युद्ध से विदेशों में एमबीबीएस करने वाले छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो चुकी है। इन छात्रों को इंटर्नशिप में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त क्रम में 103 छात्रों को अस्पतालों में भेजा जा चुका है। सीट खाली रहने पर ही दूसरी विधा के छात्रों को इंटर्नशिप में दाखिला मिलेगा।

उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि विदेशों में एमबीबीएस पढ़ाई कर आने वाले छात्रों को इंटर्नशिप कराई जानी है। अभी तक 66 छात्र दो साल की इंटर्नशिप और 27 छात्र एक साल की इंटर्नशिप करने को राजधानी के दो अस्पतालों में भेजा गया है।

> दूसरी विधा के छात्रों के नए बैच इंटर्नशिप भर्ती पर रोक लगाई गई है। अभी तक 48 एमबीबीएस छात्रों ने इंटर्नशिप के लिए ज्वाइन कर लिया है।
> **-डॉ. एनबी सिंह**, सीएमएस बलरामपुर अस्पताल

## यौन उत्पीड़न महिला-पुरुष दोनों कर सकते हैं: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, ऐसे मामलों में जेंडर ढाल नहीं, महिला आरोपी पर चलाया जाए केस

दिल्ली हाईकोर्ट ने शनिवार को पॉक्सो एक्ट के एक मामले में सुनवाई की। न्यायमूर्ति जयराम भंभानी ने कहा कि पॉक्सो एक्ट के तहत पेनिट्रेटिव यौन हमले और गंभीर पेनेट्रेटिव यौन हमला (जबरन किसी चीज से बच्चों के निजी अंगों से छेड़छाड़) मामले में महिलाओं के खिलाफ भी केस चलाया जा सकता है। ऐसे मामलों में जेंडर कोई ढाल नहीं हैं।

कोर्ट की टिप्पणी एक महिला की ओर से दाखिल याचिका पर आई है। उसका तर्क है कि पॉक्सो एक्ट की धारा 3 में पेनिट्रेटिव यौन हमला और धारा-5 में गंभीर पेनिट्रेटिव यौन हमला का मामला किसी महिला पर दर्ज नहीं हो सकता,




क्योंकि इनकी परिभाषा से पता चलता है कि इसमें केवल सर्वनाम 'वह' का उपयोग किया गया है, जो पुरुष को दर्शाता है। दरअसल, याचिककर्ता महिला पर वर्ष 2018 में केस दर्ज हुआ था। मार्च 2024 में ट्रायल कोर्ट ने उसके खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत आरोप तय किए थे। इसके बाद महिला ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

## दरोगा ने रिश्वत में मांगे पांच किलो आलू, निलंबित

- दो किलो आलू पर बात बनी, आलू का मतलब रुपये से लगाया जा रहा

**कन्नौज, अमृत विचार:** एक मामले को निपटाने के लिए रिश्वत के रूप में पांच किलोग्राम आलू मांगने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक पुलिस उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि आलू को कोडवर्ड के रूप में प्रयोग कर रुपये की मांग की गई थी। वायरल ऑडियो में एक पीड़ित दरोगा रामकृपाल से गिड़गिड़ा रहा है। इसमें पांच किलो आलू का सौदा किया जा रहा है। फिर पीड़ित के मजबूरी जताने पर तीन व दो किलो आलू मांगने व देने की बात कही जा रही है। चर्चा है कि दरोगा होकर घूस के तौर पर दो किलो आलू की मांग क्यों करेगा। हो सकता है कि वह आलू की आड़ में रुपये मांग रहा हो। मामले का संज्ञान लेते हुए कन्नौज के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने चौकी प्रभारी रामकृपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## बांग्लादेशी बताकर झुग्गी बस्ती पर हमला

### हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं पर मुकदमा, सभी पीड़ित शाहजहांपुर निवासी

गाजियाबाद, एजेंसी

मधुबन बापूधाम क्षेत्र के गुलधर इलाके में कुछ लोगों ने झुग्गी बस्ती पर हमला बोल दिया। इनमें रहने वालों को बांग्लादेशी बताकर उनके साथ मारपीट की और उन्हें खदेड़ दिया। इस सिलसिले में गाजियाबाद पुलिस ने हिंदूवादी संगठन हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी समेत कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने कहा कि झुग्गी बस्ती में कोई भी बांग्लादेशी नहीं था। ये परिवार उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर



का रहने वाला है। गाजियाबाद के एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि जिन लोगों के साथ मारपीट की गई है, वे बांग्लादेश के नहीं हैं, बल्कि शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर के मुताबिक, पिंकी चौधरी अपने 15-20 कार्यकर्ताओं के साथ गुलधर रेलवे स्टेशन के करीब फ्री होल्ड जमीन पर बनी झुग्गी-बस्ती में पहुंचे और यहां कई झुग्गियों में तोड़फोड़ की और लोगों के साथ मारपीट की। पुलिस के मुताबिक, पुलिसकर्मियों के रोकने के बावजूद पिंकी चौधरी और उनके साथ आए कार्यकर्ता नहीं रुके। जिन लोगों पर हमला किया गया है, वे कचरा उठाने का काम करते हैं। एफआईआर के मुताबिक, हमलावरों ने कई झुग्गियों में रखा सामान भी तोड़ दिया। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किए गए हैं। झुग्गियों में आग लगी भी दिख रही है।

## सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म, फिर हत्या

कोलकाता, एजेंसी

- कोलकाता सरकारी डॉक्टरों ने काम बंद किया, आरोपी 14 दिन की पुलिस हिरासत में

एक सरकारी अस्पताल की महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। शनिवार को आरोपी संजय को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। वहीं, इस घटना के बाद कोलकाता के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा जाएगा।

बहरहाल, पुलिस ने आरोपी संजय को 9 अगस्त को गिरफ्तार किया था। पड़ताल में सामने आया है कि वह अस्पताल का कर्मचारी नहीं है, बाहरी व्यक्ति है। लेकिन उसकी अस्पताल के अलग-अलग विभागों में काफी पहुंच है। पुलिस के मुताबिक, संजय की हरकतें संदिग्ध हैं। वह सीधे तौर पर घटना में है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुरली धर ने कहा कि हत्या और दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। जांच के लिए एसआईटी बनाई है। कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में शुक्रवार को ट्रेनी महिला डॉक्टर का अर्धनग्न शव मिला था। आंख, मुंह और प्राइवेट पार्ट्स से खून बह रहा था।

### प्रकृति

### भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाने वाली 10 में से तीन प्रजातियों की मौजूदगी पीटीआर में, एक किमी तक सुनाई देती है हॉर्नबिल की आवाज

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बसने लगा दुर्लभ हॉर्नबिल का संसार

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघों की बढ़ती संख्या को लेकर विश्व पटल पर पहचान बना चुका है। तराई के इस जंगल में वैश्विक स्तर के पक्षियों के साथ कई अन्य ऐसे पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं, जो शेड्यूल वन से भी ऊपर हैं। अब पीटीआर में जंगल के किसान कहे जाने वाले हार्नबिल पक्षी ने भी दस्तक दे दी है।

वन्यजीव प्रेमी इसे शुभ संकेत मान रहे हैं। 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी जैवविविधता को लेकर पूरी दुनिया में मशहूर होता जा रहा है। बाघों की बढ़ती संख्या को लेकर पीटीआर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का टी एक्स टू अवार्ड के अलावा बाघ संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान के लिए कैट्स जैसे अवार्ड भी हासिल कर चुका है। वन्यजीवों के साथ अब पक्षियों को भी पीटीआर की आबोहवा रास आने लगी है। वर्तमान में पक्षियों की 350 से अधिक प्रजातियां पीटीआर में मौजूद हैं। इसमें वैश्विक स्तर की 10 प्रजातियां भी शामिल हैं। अपने प्रेम के लिए दुनिया भर में जाना जाने वाला हार्नबिल भारत में केरल, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और हिमालय के जंगलों में पाया जाता रहा है।



### पीटीआर में हैं 3 प्रजातियां

हार्नबिल, जिसे धनेश भी कहा जाता है, ने पीटीआर में दस्तक दे दी है। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी ने अपने अध्ययन में पीटीआर में हॉर्नबिल की तीन प्रजातियां होने की बात कही है। सोसायटी अध्यक्ष अख्तर मियां खान के मुताबिक पीटीआर में इंडियन ग्रे हार्नबिल, ओरिएंटल पाइड हॉर्नबिल और ग्रेट हॉर्नबिल की मौजूदगी देखी गई है।

### जंगल का किसान भी है करिश्माई हॉर्नबिल

अख्तर मियां खान के मुताबिक इंडियन हॉर्नबिल को जंगल के किसान के रूप में भी जाना जाता है। फलों के बीजों को फैलाने में उनकी भूमिका के कारण इन्हें यह नाम दिया गया है। खास बात यह है कि इसकी कर्कश आवाज एक किलोमीटर दूर से सुनाई देती है।

### नर द्वारा लाया भोजन खाती है मादा हॉर्नबिल

फलों पर निर्भरता के चलते हॉर्नबिल फल वाले पेड़ों के आसपास किसी पेड़ के छिद्र में अपने घोंसला बनाते हैं। ये पंछी आपस में प्रगाढ़ प्रेम के लिए जाने जाते हैं। घोंसला मिलकर चुनते हैं। घोंसले के लिए छिद्र का चुनाव करने के बाद मादा उसमें स्वयं को बंद कर लेती है। छिद्र के उतने ही हिस्से को खुला छोड़ती है, जिसमें से वह अपनी चोंच बाहर निकाल सके और नर द्वारा लाए गए भोजन को ग्रहण कर सके। इसलिए हॉर्नबिल का जोड़ा काफी सोच-समझकर घर ढूंढ़ता है। जितने समय तक मादा हॉर्नबिल घोंसले में कैद रहती है, नर उसे अपनी चोंच से खाना देता रहता है।

> पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों के साथ पक्षियों की कई विशेष प्रजातियों की मौजूदगी देखी जा रही है। हॉर्नबिल की तीन प्रजातियां भी पीटीआर में देखने को मिली है। इससे पूर्व वैश्विक स्तर के पक्षियों की मौजूदगी में देखने को मिली है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले दिनों में पीटीआर बर्ड वॉचिंग की दिशा में अग्रसर होगा। **- अख्तर मियां खान**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# मना करता रहा... लगा दिया इंजेक्शन, चली गई बेटी की जान

## गांव शंकरपुर पिटराई का मामला, एक साल की रोहिणी को दो दिन से आ रहा था बुखार, पिता झोलाछाप के पास ले गया था

संवाददाता, जैतीपुर/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शंकरपुर पिटराई में एक साल की बच्ची को दो दिन से बुखार आ रहा था। परिवार वाले उसे गांव में झोलाछाप के पास ले गए। पिता के मना करने पर भी उसने बच्ची को इंजेक्शन लगा दिया। जिससे कुछ देर बाद बच्ची की मौत हो गई। परिवार वालों ने झोलाछाप पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। वहीं झोलाछाप दुकान बंद करके भाग गया। पुलिस ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



पोस्टमार्टम हाउस पर गमजदा खड़े परिजन। ● अमृत विचार



मृतका रोहिणी।

जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव शंकरपुर पिटराई निवासी निवासी हरवीर सिंह की एक साल की बेटी रोहणी को दो दिन से बुखार और उल्टी आ रही थी। वह शुक्रवार की शाम पांच बजे बेटी को लेकर पड़ोस के गांव अमईपुर संडा में एक झोलाछाप के पास दवा दिलाने के लिए गया। जहां झोलाछाप ने कहा कि दवा खिलाने से बेहतर है कि इंजेक्शन लगाने पर आराम मिल लाएगा। हरवीर ने बताया कि उसने कहा कि दवा दे दो और इंजेक्शन मत लगाओ लेकिन उसने बात नहीं मानी और मनमानी करते हुए बच्ची को इंजेक्शन लगा दिया। जिसके पांच मिनट बाद ही रोहणी की तबीयत और अधिक बिगड़ने लगी। आरोपी कहने लगा कि बच्ची को दूसरी जगह ले जाओ। इस पर हरवीर बच्ची को दूसरे डॉक्टर के पास जाने के लिए निकला। वह झोलाछाप की दुकान से कुछ दूरी पर पहुंचा, तभी उसकी बेटी ने दम तोड़ दिया। मौत की जानकारी लगते ही झोलाछाप दुकान बंद करके भाग गया। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां रामा देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। हरवीर ने थाने पर पहुंचकर मामले की सूचना दी। जिस पर थाना प्रभारी अवधेश सेंगर गांव पहुंचे और मृतका के परिवार वालों से जानकारी की। हरवीर सिंह ने बताया कि झोलाछाप को इंजेक्शन लगाने से मना किया था लेकिन उसने जबरदस्ती इंजेक्शन लगा दिया। पिता का आरोप है कि झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगाने से उसकी बेटी की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- पिता ने गलत इंजेक्शन लगाने का लगाया आरोप, पुलिस ने गांव पहुंचकर ली मामले की जानकारी

> झोलाछाप के इंजेक्शन से बच्ची की मौत की जानकारी मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। तब फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> –अवधेश सेंगर, थाना प्रभारी

## दो दिन से आ रहा था बुखार, दवा लेने के बाद अचानक बिगड़ गई हालत, युवक की मौत

संवाददाता, शाहजहांपुर/ जैतीपुर

**अमृत विचार :** भटिया गांव में एक युवक को दो दिन से बुखार आ रहा था। गांव के झोलाछाप से दवा लेने गया। घर आने पर दवा खाने से उसकी तबीयत अधिक बिगड़ गई। जिससे उसकी घर पर ही मौत हो गई।

गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव भटिया निवासी ओमकार(18) पुत्र राजू पानीपत में काम करता था। वह दो दिन पहले पानीपत से घर आया तो उसकी तबीयत खराब हो गयी। शुक्रवार शाम पांच बजे राजू गांव में झोलाछाप की दुकान पर दवा लेने के लिए गया। उसने दवा दी। घर आकर दवा खाई लेकिन उसके बाद और अधिक तबीयत खराब हो गई। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इधर, झोलाछाप अपनी दुकान बंद करके भाग गया। गढ़िया रंगीन थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत सिपाहियों के साथ गांव में पहुंचे और मृतक के परिवार वालों से जानकारी की। मृतक के पिता ओमकार ने बताया कि उसका बेटा झोलाछाप से दवा लेकर आया था और दवा खाने के बाद उसकी मौत हो गई। उनका आरोप है कि झोलाछाप की गलत दवा देने से उसके बेटे की मौत हो गई है।



पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम खड़े परिजन।

- पानीपत से दो दिन पहले आया था ओमकार, झोलाछाप फरार

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। मृतक राजू छह भाइयों में पांचवें का नंबर का था और मां का नाम जगदेवी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## गाजियाबाद के गैंगस्टर को दो वर्ष का कारावास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना रामचंद्र मिशन से गैंगस्टर की कार्रवाई में घिरे गाजियाबाद के गोपाल शर्मा को कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर दो वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र की पूजा कॉलोनी निवासी गोपाल शर्मा के खिलाफ वर्ष 2022 में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। जिसका मुकदमा थाना रामचंद्र मिशन में दर्ज किया गया था। गोपाल पर आरोप लगा था कि यह संगठित गिरोह का सदस्य रहकर जनता में भय व आतंक व्याप्त करते हुए अपने निजी स्वार्थ लाभ के लिए धनोपार्जन करता है। पुलिस ने विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया गया। कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई के दौरान पुलिस की मानीटरिंग सैल, थाना रामचंद्र मिशन पुलिस व अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित करके समयबद्ध रूप से न्यायालय एडीजे-05 में साक्षियों को साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की गई। न्यायाधीश ने सरकारी वकील के तर्कों और पेश किए गए साक्ष्यों व पत्रावली का अवलोकन कर दोष सिद्ध होने पर गोपाल शर्मा को दो के कारावास की सजा व पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

## पहली रात गायत्री ने कोठरी में जागकर गुजारी

**शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र में पति की हत्यारोपी पत्नी को महिला बैरक में रखा गया और उस की निगरानी की जा रही। गुरुवार को रोजा क्षेत्र के गांव हथौड़ा में पति सत्यपाल की सिर पर ईंट मारकर हत्या करने वाली गायत्री को महिला बैरक में बनी एक कोठरी में रखा था। उसकी निगरानी बराबर की जा रही है। उसने शाम को दो रोटी और सब्जी खायी। वह एक कोने में बैठ गयी। रात 12 बजे तक जागती रही और लोहे की सलाखों से अन्य महिला बंदियों को देखती रही। वह रात 12 बजे सोयी लेकिन बीच-बीच में उठकर बैठ रही थी। शनिवार की सुबह महिला बंदी उठी और मुंह धोया, धोने के बाद नाश्ता किया। जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने बताया कि महिला बैरक की एक कोठरी में उसे रखा गया और निगरानी की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### डिरलेमेंट: अधिकारियों ने मंडल कार्यालय रिपोर्ट भेजी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी के एक वैगन के चार पहिये पटरी से उतर जाने के मामले में चार विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रिपोर्ट बनाकर मुरादाबाद मंडल को भेज दी है। शुक्रवार की रात दस बजे मालगाड़ी मुरादाबाद से लखनऊ की ओर जा रही थी। रोजा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर तीन मालगाड़ी के एक वैगन के चार पहिये पटरी से उतर गए थे। जिसके चलते रेल लाइन उखड़ गयी थी। डाउन लाइन पर संचालन तीन घंटे ठप रहा था। डाउन लाइन की जननायक को मोहम्मदी रेलवे फाटक के आइवीसी, जनसेवा को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन, बरेली-रोजा पैसेंजर को बंथरा रेलवे स्टेशन और मालगाड़ी को तिलहर में रोक दिया गया था। तीन घंटे बाद संचालन शुरू किया गया। रोजा-बरेली पैसेंजर को रोजा के स्थान पर बंथरा रेलवे स्टेशन से संचालन किया गया। पीडब्लूआई, कैरिज एण्ड विभाग, आपरेटिंग, सिग्नल विभाग के अधिकारी अपनी संयुक्त रिपोर्ट बनाकर मुरादाबाद मंडल कार्यालय को भेज दी है। अधिकारी अपने स्तर से जांच कर रहे है।

### हिस्ट्रीशीटर का साथी तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि सात अगस्त को 25 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर सुवेग वर्मा ने साथियों के साथ मोहल्ला अजीजगंज में फायरिंग की थी। जिसका वीडियो वायरल हुआ था। मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सुवेग वर्मा, शिवम शंखधार निवासी मस्जिदगंज चौक कोतवाली सूरज वर्मा निवासी सुभाषनगर कॉलोनी थाना सदर बाजार और सचिन रावत निवासी मतानी चौक कोतवाली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। शुक्रवार को पुलिस ने मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर सुवेग को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को पुलिस ने सूचना के आधार पर नामजद सचिन को मोहल्ला बिजलीपुरा से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

### करंट लगने से चार मवेशी मरे, साढ़े पांच घंटा बाधित रही आपूर्ति

**कांट, अमृत विचार :** बिजली करंट की चपेट में आकर चार मवेशियों की मौत हो गई। इस दौरान लगभग साढ़े पांच घंटा आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों के जानवर नगर के बाहर मोहल्ला गढ़ी पश्चिमी के क्षेत्र में ही खेतों पर घास चर रहे थे। शनिवार सुबह करीब 10 :30 बजे बारिश भी हो रही थी। खेतों के पास से निकली 11000 केवी की लाइन के खंभे का इंसुलेटर अचानक फट गया, जिससे लोहे के खंभे व जमीन पर करंट उतर आया। पोल के पास में ही चर रहे जानवर करंट की चपेट में आ गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर सप्लाई काटी गई। चेयरमैन मुनारा बेगम के पुत्र प्रोफेसर शहजाद अहमद खां ने जानवरों का परीक्षण कराकर जेसीबी मशीन द्वारा मृत पशुओं को वहां से हटवाया। घटना में मोहल्ला गढ़ी पश्चिमी निवासी प्रवास वर्मा, मोहल्ला गढ़ी पश्चिमी निवासी अजीत, मोहल्ला शेरान निवासी कैसर अली को नुकसान पहुंचा है। इससे नगर में करीब 5 :30 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।

## करंट से ई-रिक्शा चालक की मौत

**मदनापुर/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कांट से सवारियां उतारकर घर लौट रहे ई रिक्शा चालक की लघुशंका करने के दौरान करंट लगने से मौत हो गयी।



मृतक अनिल कुमार।

मदनापुर के गांव रतनपुर निवासी अनिल कुमार (35) ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। शुक्रवार की शाम वह सवारियां छोड़ने कांट गया था। रात आठ बजे घर आ रहा था। गांव से पहले 100 मीटर की दूरी पर ई-रिक्शा सड़क किनारे खड़ा कर लघुशंका करने चला गया। ई-रिक्शा के पास आ रहा था। तभी उसका हाथ बिजली के खंभे पर स्पर्श हो गया। करंट लगा तो वह चिल्लाया और उसने दम तोड़। खबर से गजोधर मौके पर पहुंचे। उन्होंने थाना पर सूचना दी। मदनापुर एसओ अमित चौहान मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ ने बताया कि उसकी खंभे में करंट से मौत हुई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उसकी पत्नी का नाम मिथलेश और तीन बेटियां है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# आए थे फरियाद लेकर, ज्यादातर आश्वासन पाकर लौटे

संवाददाता, तिलहर

- तिलहर में डीएम-एसपी ने सुनी शिकायतें, पांच में दो का निस्तारण
- बंथरा गुरुद्वारे के स्वामित्व का विवाद भी पहुंचा समाधान दिवस में

**अमृत विचार :** शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में डीएम उमेश प्रताप सिंह और एसपी अशोक मीणा ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान आई पांच शिकायतों में से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिए। समाधान दिवस में बंथरा गुरुद्वारे के स्वामित्व का विवाद भी डीएम-एसपी के सामने पहुंचा। जिस पर अधिकारियों ने कोर्ट का निर्णय आने तक यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। सुरक्षा को लेकर गुरुद्वारे पर पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई।

शनिवार को कोतवाली में डीएम उमेश प्रताप सिंह ने सबसे पहले पुरानी शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। राजस्व संबंधी अधिक शिकायतें पाए जाने पर उन्होंने राजस्व अधिकारियों एवं लेखपालों से कहा कि जमीनी विवादों को मौके पर जाकर उनका निस्तारण करें। कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उनकी रिपोर्ट बनाकर आरोपियों पर कार्रवाई करें। शिवदासपुर गांव में सरकारी तालाब पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत पर उन्होंने नायब तहसीलदार निकहत को पुलिस के साथ जाकर कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज समय-सीमा के अंतर्गत निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस में भूमि संबंधी शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से टीम बनाकर मौके पर जाकर वादों का निस्तारण गुणवत्तापरक ढंग से कराया जाए तथा फरियादियों को संतुष्ट भी किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर ज्ञानेंद्र नाथ, सीओ प्रयांक जैन, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।



तिलहर में आयोजित समाधान दिवस में बंथरा गुरुद्वारे के स्वामित्व के विवाद में एक पक्ष की बात सुनते जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**गुरुद्वारे पर पुलिस और पीएसी कर दी गई तैनात : तिलहर।** बंथरा गुरुद्वारे के स्वामित्व को लेकर सिख समुदाय के दो पक्ष के लोगों का विवाद काफी समय से चल रहा है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। गुरुवार को भी खुटार के कई लोग स्वामित्व जताने लगे। इस पर दोनों पक्षों में जमकर बवाल हुआ था। दोनों पक्षों को अधिकारियों ने शनिवार को समाधान दिवस में बुलाया। यहां डीएम उमेश प्रताप सिंह ने कागजात देखे। कहा कि जब तक कोर्ट का निर्णय नहीं आता है तब तक गुरुद्वारे पर दोनों पक्ष के लोग यथा स्थिति रखेंगे और खुटार के लोग तब तक गुरुद्वारे में नहीं रहेंगे।

### सात में एक का निस्तारण, राजस्व मामले में टीम गठित

**खुटार।** शनिवार को खुटार थाने में समाधान दिवस में नायब तहसीलदार अमित कुमार, कानूनगो नारायन दास मिश्रा के साथ ही लेखपाल पहुंचे। जहां पहले से ही शिकायतकर्ता समस्याओं को लेकर अधिकारियों का इंतजार कर रहे थे। पीड़ितों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर समस्याओं को अवगत कराया और कार्रवाई की मांग की। नायब तहसीलदार अमित कुमार ने प्रार्थना पत्र का संज्ञान लिया और राजस्व विभाग से संबंधित एक शिकायत का मौके पर निस्तारण करा दिया। इसके बाद एक मामले में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। लेकिन दो पुलिस और तीन राजस्व विभाग की शिकायतों में टीम गठित कर दी और समय से जांच कर कार्रवाई का आदेश दिए। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सात शिकायतें समाधान दिवस में आई थी। दो मामलों में तत्काल कार्रवाई की गई है और अन्य में जांच की जा रही है। समाधान दिवस में थानाध्यक्ष संजय कुमार, लेखपाल मौजूद रहे।

### परौर में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**शाहजहांपुर।** एसडीएम कलान महेश कुमार कैथल की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे परौर के मजरा मोहनपुर निवासी सुमेर कश्यप ने बताया कि उसकी बैनामा की जमीन पर उसके भतीजे ने कब्जा कर लिया है। इसके निस्तारण के लिए एसडीएम ने हल्का लेखपाल व पुलिस को आदेशित किया। समाधान दिवस में 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की टीमें भेज कर मौके पर निराकरण के निर्देश दिए गए। इस दौरान राजस्व निरीक्षक सुधाकर शर्मा, लेखपाल निर्मल कांत, अरविंद कुमार, राकेश कांत, योगेंद्र कुमार, मुनेंद्र कुमार, राजीव कुमार, जितेंद्र, मोहित, पुष्पलता, परौर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश सिंह आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### एसपी ग्रामीण और एसडीएम ने सुनी शिकायतें, छह में दो का मौके पर निस्तारण

**पुवायां।** पुवायां कोतवाली में एसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी और एसडीएम पुवायां संजय कुमार पांडे ने जनता की शिकायतें सुनी। 6 शिकायतें आईं, जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम बनाकर भेजी गई। इस दौरान कोतवाल प्रदीप राय सहित क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो मौजूद रहे।

### भैंस चोरी कर बेचने का आरोप

**पुवायां।** सिंधौली के गांव हरीबल्लभपुर निवासी राजपाल ने समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि एक सप्ताह पूर्व दरवाजे के सामने साठ हजार रुपये कीमत की भैंस बंधी थी, जिसे कुछ लोग खोल ले गए। पीड़ित ने महासिर चौकी और थाने पर पुलिस को सूचना दी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। पीड़ित ने तहरीर देकर गांव के ही तीन लोगों पर भैंस चोरी कर बेचने का आरोप लगाया है।

## सरकार उत्तर प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश बनाने के लिए कटिबद्ध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- उद्यमी सम्मेलन में बोले एमएसएमई मंत्री राकेश सचान

**अमृत विचार :** लघु उद्योग भारती की ओर से शनिवार को आयोजित उद्यमी महासम्मेलन में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरकार प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश बनाने के लिए कटिबद्ध है। हमारा प्रयास उद्योगपतियों के साथ लगातार संपर्क और संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

उन्होंने कहा कि युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार एक लाख युवाओं को प्रतिवर्ष स्व रोजगार स्थापित कराएगी। इस प्रकार 10 वर्ष में 10 लाख उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। कहा कि शाहजहांपुर का अपना एक इतिहास है। जरदोजी, पेपर मिल, सीमेंट, सर्जिकल उपकरण, खाद्य संस्करण (फूड प्रोसेसिंग) यहां का प्रमुख उद्योग है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की कार्य योजनाओं को उद्यमियों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करें। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सरकार की नीति और नीयत, उद्योग और उद्योगपतियों के पक्ष में है। इससे अच्छा वातावरण पहले कभी नहीं था।

लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष नवनीत प्रकाश गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। संचालन महासचिव हर्षवर्द्धन अग्रवाल ने किया। कोषाध्यक्ष सीए निलय शुक्ला ने वर्तमान बजट के लाभ और उसके प्रभाव पर चर्चा की। कहा कि हमें जागरूकता और आर्थिक नीति को समझ कर कार्य करना होगा।


## तस्कर गिरफ्तार, 687 ग्राम स्मैक बरामद

संवाददाता, तिलहर

- मोबाइल और आठ सौ रुपये की नगदी भी मिली
- पूछताछ में कटरा के कारोबारी का नाम सामने आया

**अमृत विचार :** थाना तिलहर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 687 ग्राम स्मैक बरामद की है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60.70 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में कटरा के एक कारोबारी का नाम सामने आया है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

एसओजी प्रभारी रीतेंद्र प्रताप सिंह और तिलहर इंस्पेक्टर विशाल प्रताप सिंह ने शुक्रवार रात करीब 11 बजे मुखबिर की सूचना पर हाईवे पर लाल पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर मादक पदार्थ तस्कर बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी के कादरगंज निवासी फरमान खान को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 687 ग्राम स्मैक, मोबाइल, आठ सौ रुपये बरामद हुए। एएसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि स्मैक का असली कारोबारी रियाज उर्फ बाबू निवासी पढ़ेरा थाना फतेहगंज पूर्वी है। जो इन दिनों कटरा के मोहल्ला आतिशबाजान उर्फ पजाया में रहता है। उसने ही स्मैक की खेप के साथ फरमान को सहारनपुर भेजा था। वह देवबंद और सहारनपुर में सप्लाई करता था। एएसपी ग्रामीण ने बताया कि रियाज ने स्मैक के धंधे से दो मंजिला मकान कटरा के मोहल्ला आतिशबाजान में, निर्माण सामग्री की दुकान, जैतीपुर में ईंट भट्ठा व दो सौ बीघा जमीन भी उसने इसी धंधे से बनाई। रियाज ने फरमान को स्मैक देकर सहारनपुर में सप्लाई करने के लिए भेजा था। कटरा से बस द्वारा रात 8:15 बजे शाहजहांपुर में मोहल्ला मोहम्मदजई स्थित ननिहाल पहुंचा। जहां खाना खाने के बाद सहारनपुर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां ट्रेन का इंतजार करने के दौरान उसे नींद आ गई। देर रात में रियाज की कॉल आने पर जागा। उस वक्त चार बज चुके थे। डर की वजह से उसने रियाज को बता दिया कि वह मुरादाबाद पहुंच चुका है। इसके बाद वह यह सोचकर कटरा आ गया कि रियाज को बता दूं की गलती हो गई। डर के कारण वह कटरा में इधर-उधर घूमता रहा। इस दौरान रियाज के लगातार फोन आ रहे थे, एक बार फोन पर बात हुई, गलती के बारे में बताने पर वह गाली देने लगा। इसके बाद फोन कट जाने पर उसने फोन बंद कर लिया और सहारनपुर जाने के लिए तिलहर में हाईवे पर बस का इंतजार करने लगा, तभी उसे पुलिस ने पकड़ लिया।



आरोपी।

## कमरे में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**सिंधौली, अमृत विचार:** फतेहपुर गांव में एक महिला का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटकता मिला। ससुराल वालों ने पुलिस को बिना सूचना दिए उसका शव उतार लिया। थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी नवल किशोर की पत्नी करीना(23) का शुक्रवार की शाम छह बजे कमरे में कुंडे से साड़ी के फंदे से लटका मिला। कमरे के दरवाजे खुले में हुए थे। ससुराल वालों ने पुलिस को बिना सूचना दिए उसका शव उतार लिया। उसका मायका गोरखपुर में है और शादी के तीन साल हो गए है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके मायके वालों को सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

आवश्यकता है
कम्प्यूटर आपरेटर/सुपरवाइजर की
योग्यता :- स्नातक
लैब टेक्निशियन
योग्यता :- जॉब प्रोफाइल के अनुसार
नोट:- स्थानीय व्यक्ति को वरीयता
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMRCH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर
एच.आर.ऑफिस कमरा नं. 102
मो.-7521001986

# फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर 84551 रुपये ठगे, एसपी के आदेश पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पीड़ित को फोन कर कहा तुमने फाइनेंसियल फ्रॉड किया है, जेल से बचाने के लिए मांगे रुपये

**अमृत विचार :** दो ठगों ने सीबीआई अधिकारी बनकर तिलहर निवासी एक व्यक्ति को फाइनेंसियल फ्रॉड के नाम पर जेल भेजने की धमकी दी और जेल जाने से बचाने के नाम पर 84 हजार 551 रुपये ठग लिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने एसपी के आदेश पर दो ठगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि 26 जुलाई को सुबह सवा दस बजे मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि नोटिफाइड यूनिट जौलीग्रांट पुलिस हेडक्वार्टर से मनीष सिंह बोल रहा हूं। कहा कि तुमने दिल्ली में एचडीएफसी में खाता खुलवाया है और बैंक न्यू फ्रेंडस कॉलोनी में स्थित है। राहुल के साथ मिलकर तुमने खाते में फाइनेंशियल फ्रॉड किया है और खाते की जांच सीबीआई नई दिल्ली कर रही है। आरोपी ने कॉल कनेक्ट कर एक व्यक्ति से बात करायी। बात करने वाले ने कहा कि सीबीआई अधिकारी ब्रजेश सिंह बोल रहा हूं। आरोपी ब्रजेश ने कहा कि मामले की जांच कर रहा हूं और नाम, पता व आधार कार्ड नंबर पूछा। उसने सारी जानकारी वीडियो कॉल पर ले ली। पीड़ित ने उससे कहा कि वह राहुल को नहीं जानता है और न ही उसने कोई खाता खुलवाया है। न ही कोई रकम राहुल शर्मा से ली है। आरोपी ब्रजेश सिंह ने कई बार फोन पर बात की।

पीड़ित ने सोचा कि कहीं उसे किसी झूठे केस में न फंसा दिया जाए। उसके पास न्यू दिल्ली हाई कोर्ट से एक लेटर भी व्हाट्सएप पर भेजा। आरोपी ब्रजेश ने पत्र पढ़कर सुनाया और कहा कि जमानत मिल सकती है। आरोपी ने ब्रजेश ने दो बार में 84551 रुपये कोटक महिंद्रा बैंक शाखा गुड़गांव (हरियाणा) में जमा करवा लिए। बाद में पीड़ित ने दोनों आरोपियों को फोन मिलाया तो स्विच ऑफ था। एसपी के आदेश पर साइबर थाने में ब्रजेश व मनीश के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्कूलों में बच्चों को दी गई एल्बेंडाजोल की खुराक

## डीएम-एसपी ने मोहल्ला तखान स्थित प्राथमिक विद्यालय में किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आरंभ

पीलीभीत संवाददाता, पीलीभीत



प्राथमिक विद्यालय में बच्चे को दवा खिलाते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद में शनिवार को शहर से लेकर देहात तक स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। जिसमें एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों, किशोर-किशोरियों और युवक-युवतियों को पेट से कीड़ों को दूर करने के लिए एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई।

शहर के मोहल्ला तखान स्थित प्राथमिक विद्यालय में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ बच्चों को मौके पर ही एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाकर किया। इस दौरान डीएम ने कहा भावी पीढ़ी का अच्छे स्वास्थ्य पर पूर्ण अधिकार है।

वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आलोक कुमार ने शहर के सेंट एलॉयसियस स्कूल, बेनहर स्कूल में छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली के महत्व के बारे में बताया और कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मापअप राउंड 14 अगस्त को चलेगा। जिसमें सभी छूटे हुए बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि 11 लाख 47 हजार 851 बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाये जाने के लक्ष्य दिया गया है। बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों/किशोर / किशोरियों में कुपोषण एवं खून में कमी होती है जिसके कारण हमेशा थकावट रहती है। सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता। बताया कि स्कूल न जाने वाले बच्चों को भी यह गोली नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में खिलवायी जायेगी। 14 अगस्त को मापअप राउंड होगा। जिसमें सभी छूटे हुए बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएंगी।

# पेड़ पर झूला डालने को लेकर वनरक्षक और ग्रामीण भिड़े

संवाददाता, पूरनपुर

● वनरक्षक ने धक्का मुक्की और ग्रामीणों ने छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** पेड़ों पर झूला डालने को लेकर ग्रामीण और फारेस्ट गार्ड भिड़ गए। इस दौरान धक्का मुक्की और मारपीट हुई। फारेस्ट गार्ड ने ग्रामीणों पर वनक्षेत्र में अवैध तरीके से झूला डालने और धक्का मुक्की करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। इधर, ग्रामीणों ने मारपीट और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पताबोझी नवदिया का मौजा भीकमपुर बराही रेंज के जंगल से सटा हुआ है। बताया जाता है कि शुक्रवार को भीकमपुर गांव के बच्चे वनक्षेत्र के पेड़ों पर रस्सी का झूला डालकर झूल रहे थे। इस दौरान वनरक्षक बृजपाल वहां पहुंच गए। उन्होंने वनक्षेत्र में झूला डालने का विरोध किया। जानकारी लगते ही बच्चों के परिजन मौके पर पहुंच गए। झूला डालने को लेकर वनरक्षक बृजपाल और ग्रामीणों में कहा सुनी हो गई। इस पर वनरक्षक के साथ धक्का मुक्की की गई। घटना के दौरान दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वनरक्षक बृजपाल कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी।

इधर, ग्रामीणों ने वनरक्षक पर मारपीट करने और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाली राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि वनरक्षक की ओर से धक्का मुक्की का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई। मामले में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

# रोटरेक्ट क्लब पीलीभीत बांसुरी का किया गठन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नीरव निमेष अग्रवाल ने रोटरेक्ट क्लब पीलीभीत बांसुरी के गठन की घोषणा की। जिसमें रवि शर्मा को बांसुरी के मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। रोटरी गवर्नर ने रोटारैक्ट क्लब पीलीभीत बांसुरी के निमिष अग्रवाल को पिन लगाकर संस्थापक अध्यक्ष नामित किया। अक्षत अग्रवाल को आगामी वर्ष के लिए अध्यक्ष, प्रांजल अग्रवाल सचिव व राघव कोहली को कोषाध्यक्ष मनोनीत करने के साथ ही पदाधिकारियों को पिन लगाकर सदस्य से सम्मानित किया। मुख्य मंडल सचिव सोनल अग्रवाल, मंडल मुख्य सचिव रोटरेक्ट डॉ. एसपीएस संधू, रोटरी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष चारू धवन, पूर्व अध्यक्ष दीपाली पुरी, सचिव डॉ. प्रांजल अग्रवाल माणिक मित्तल मौजूद रहे।

# घर में घुसकर मारपीट मामले में दो लोगों पर रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी हरिप्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नौ अगस्त की शाम करीब आठ बजे उसके चाचा मदनलाल व शेरसिंह ने उसे व उसके छोटे भाई बसंत कुमार के साथ गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो

वह लड़ने पर आमादा हो गए। किसी तरह लोगों ने समझा बुझाकर शांत कर दिया। लेकिन शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे आरोपी लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और मारपीट करना शुरू कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर के

चर्म रोग विभाग में विदेशी व अत्याधुनिक मशीनों द्वारा निम्नलिखित रोगों के इलाज की सुविधा





अनचाहे बालों को हटाना
दाग, धब्बे, मुहाँसे के निशान, चोट के निशान हटाना
त्वचा का कायाकल्प
सफेद धब्बे का इलाज
मस्सों को हटाना, तिल को हटाना
गंजेपन व बालों के झड़ने का इलाज
कील, मुहासे का इलाज
जन्मजात निशान हटाना व अन्य सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा

अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें :- मो. 7521001988, 7521001989

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}

Excelled in CUET? Join the Courses:

ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/

Courses Available

Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm ( Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India

Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



# कोयले की राख से परेशान ग्रामीणों ने दौलतपुर-गजरौली मार्ग पर लगाया जाम

## चेयरमैन की शिकायत पर सड़क की सफाई कराने के बाद आक्रोशित लोग हुए शांत

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** कोयला डिपो को लेकर चल रहा मामला एक बार फिर गर्म हो उठा। डंपर से ओवरलोड कोयला भरकर ले जाने की वजह से सड़क पर कोयला और उसकी राख फैलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार सुबह दौलतपुर- गजरौला मार्ग पर जाम लगाकर नारेबाजी की। जानकारी मिलने पर चेयरमैन मौके पर पहुंचे और सड़क की सफाई कराकर लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से भी शिकायत की है।

कस्बे में भोपतपुर रेलवे स्टेशन पर कोयले का डिपो है। जहां आए दिन मालगाड़ी से कोयला उतरता है। यहां से डंपर में कोयला भरकर कस्बे से थोड़ी दूर पर बरखेड़ा पीलीभीत मुख्य मार्ग पर स्थित बजाज एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को आपूर्ति किया जाता है। डंपर कस्बे में ही दौलतपुर मार्ग से होते हुए पावर प्लांट को जाते हैं। आरोप है कि डंपर में कोयला ओवरलोड तक भरा होने के कारण कस्बे में मार्ग पर आए दिन गिरता है। शुक्रवार शाम कोयले की रैक आई थी। जहां से रात में डंपर कोयला भरकर एनर्जी प्लांट ले जा रहे थे। कोयला अधिक मात्रा में भरा होने के कारण उसकी राख सड़क पर फैल गई। शनिवार सुबह जब ग्रामीण उठे तो वह आक्रोशित हो उठे। दौलतपुर मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इससे कुछ देर के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि डंपरों से कोयले की राख उड़ती है। जो लोगों के घर और दुकानों में आ रही है। इतना ही नहीं सांस के मरीजों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पावर प्लांट के अधिकारी से वार्ता की और मार्ग पर पड़े कोयले को साफ कराया। इस दौरान करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल ने बताया कि कस्बे में दौलतपुर मार्ग पर कोयला बड़ी समस्या बना हुआ है। इसका शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो नगर के लोगों को लाइलाज बीमारी होने का खतरा बना हुआ है। इस समस्या से जुड़े हुए अधिकारियों से जल्द ही वार्ता की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से भी की जा चुकी है।



सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

● भोपतपुर में बना कोयला डिपो हटाने को लेकर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से भी हो चुकी है शिकायत

## सार-संक्षेप

### मीडियाकर्मियों समेत 70 का किया स्वास्थ्य परीक्षण



पीलीभीत, अमृत विचार : मेदांता अस्पताल लखनऊ एवं प्रेस क्लब की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पुष्प इंस्टीट्यूट में हुआ। वरिष्ठ परामर्शदाता पूनम शर्मा, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. बीडी मिश्रा, गौरव अवस्थी, शिवम त्रिपाठी ने मीडिया कर्मियों एवं इंस्टीट्यूट के स्टाफ की ब्लडप्रेशर, शुगर, कैल्शियम, वजन आदि की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर में प्रेस क्लब के संरक्षक संदीप सिंह, अध्यक्ष केशव अग्रवाल, अमिताभ अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष गिरिजाशंकर त्रिवेदी, डॉ. नीलेश कटियार, मुनिराज सिंह, अजय गुप्ता, सौरभ पांडेय, प्रियांशु सक्सेना, साकेत सक्सेना, तारिक नैय्यर, रितेश बाजपेई, जावेद शेख, सुनील यादव, सौरभ सिंह, सूर्यप्रकाश शर्मा, अदनान खान, सुमित सक्सेना, फखरुल इस्लाम, कुलदीप कल्प, शुभम मिश्रा आदि का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान पुष्प इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. एसपीएस संधू, गीतिका शुक्ला, मेघा, पारुल, सविता, मीनाक्षी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### राज्यमंत्री ने न्यू गायत्री हॉस्पिटल का किया आरंभ



**पीलीभीत।** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शहर के माधोटांडा रोड स्थित न्यू गायत्री हॉस्पिटल का फीता काटकर उद्घाटन किया। हॉस्पिटल संचालक ने बताया कि मरीजों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 20 बैड के हॉस्पिटल का संचालन शुरू कर दिया गया। हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. निर्मला गंगवार, डॉ. अभिषेक गंगवार, शनि सक्सेना, ओमकार सिंह, नमन गंगवार आदि मौजूद रहे।

### चेयरमैन ने शिवभक्तों का किया स्वागत



**बरखेड़ा।** नगर पंचायत के सिद्ध बाबा मढी से हरिद्वार गंगाजल लेने निकले शिवभक्तों का नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने शिव पटका पहनाकर रवाना किया। इसके उपरांत ग्राम पंचायत दौलतपुर पट्टी से शिव भक्तों का जत्था कछला गंगाजल लेने रवाना हुआ। जिनको भी नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने अपने आवास पर सभी शिव भक्तों को शिव पटका पहनाकर उनका स्वागत कर उन्हें विदा किया।

### ड्रेस प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**बिलसंडा,अमृत विचार :** नगर के डॉ जी आर एम पब्लिक इंटर कॉलेज में शनिवार को ड्रेस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रबंधक डॉ. सीताराम राठौर ने बच्चों की हौसला अफजाई की गई। प्रतियोगिता में छात्रा प्रियांशी देवी, शांति देवी, शालिनी ,ज्योति ,परी यादव, कामिनी, काजल ,अर्पिता राठौर, अंजू, सौम्या, राघव ,दिव्य शंकर, चिराग, उदय प्रताप सिंह, अजितेश मिश्रा ,रोहित गंगवार, अंश वर्मा ,विशाल ,हिमांशु . समेत विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

### दहेज के लिए दो बच्चों की मां को घर से निकाला

पूरनपुर, अमृत विचार : थाना सेहरामऊ क्षेत्र के जादौंपुर खुर्द की पूजा की शादी सात साल पहले थाना बंडा के एक गांव के रहने वाले युवक से हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। महिला के मुताबिक उसके पिता ने शादी में पर्याप्त दहेज दिया बावजूद ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। वह बाइक और सोने की चेन लाने की मांग करने लगे। महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## चुनाव से पहले मिठाई बांटने का विरोध करने पर युवक का सिर फोड़ा

**पूरनपुर, अमृत विचार :** 6 अगस्त को वार्ड नं. 190 में क्षेत्र पंचायत सदस्य पद का चुनाव हुआ था। इससे एक दिन पहले गांव बांसबोझी में दोनों प्रत्याशियों के समर्थक भिड़ गए थे। इस दौरान जमकर मारपीट हुई थी। इसमें महुआ गुंदे के रहने वाले नीलेश कुमार पुत्र ईश्वरचंद मिश्रा घायल हो गए थे।

पुलिस ने इनका रात में ही मेडिकल भी कराया था। शनिवार को नीलेश थाना सेहरामऊ में हुए समाधान दिवस में पहुंचे। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पांच अगस्त की रात एक पक्ष के लोग गांव में वोटरों को मिठाई और साड़ी बांट रहे थे। जानकारी लगने पर नीलेश ने विरोध किया। आरोप है दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गए। आरोप है मारपीट करने वालों के पास अवैध असलाह भी थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनका मेडिकल भी कराया। लेकिन अभी तक इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### प्रधान पुत्र समेत छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**जहानाबाद, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नौ अगस्त की सुबह उसकी नाबालिग पुत्री को गांव का प्रधान पुत्र बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी होने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का आरोप है कि घटना की जानकारी होने पर वह लोग शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचे तो प्रधान ने उन लोगों के साथ अभद्रता की। उनकी पुत्री घर में रखे 35 हजार रुपये और जेवरात भी ले गई है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म- सांई इण्टरप्राइजेज, पता सरकारी धर्मशाला मोहल्ला माली फतेहगंज पश्चिमी , जिला बरेली यू.पी. 243501 (पंजीकरण संख्या : BAR/ 0011608 (फर्म में 02 साझेदार - नन्द किशोर, विनीत कुमार थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 10.08.2024 को फर्म में एक नये साझेदार रिजवान रजा शामिल किये गये हैं तथा फर्म से एक साझेदार विनीत कुमार स्वेच्छा से दिनांक 10.08.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म/साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन -देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 02 साझेदार नन्द किशोर, रिजवान रजा हैं। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध मेंसमस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।

**नन्द किशोर, साझेदार**
**मैसर्स सांई इण्टरप्राइजेज,**
**फतेहगंज पश्चिमी, बरेली उ.प्र.**

### मगरमच्छ ने बंदर को बनाया निवाला

**बिलसंडा।** बृहस्पतिवार की रात गांव ढकरिया में एक ग्रामीण के घर में घुस गए मगरमच्छ को काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया गया था। इस घटना के बाद अब गांव बिलहरा के एक तालाब में शरण लिए हुए मगरमच्छ ने बंदर को निवाला बना लिया। सूचना देने के बाद भी वन विभाग का कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा।

### जहर की पुड़िया लेकर थाने पहुंचा युवक का पिता

**पूरनपुर।** गांव सबलपुर खास के ईश्वरी प्रसाद का पड़ोसी खेत स्वामी से विवाद हो गया था। उनका आरोप है कि पड़ोसी ने उनकी फसल पर खरपतवार नाशक का छिड़काव कर नष्ट कर दी। ईश्वरी प्रसाद ने इसकी शिकायत पुलिस की। आरोप है कि पुलिस पड़ोसी के साथ उनके बेटे को भी पकड़ ले गई। जानकारी लगने पर ईश्वरी प्रसाद कोतवाली पहुंचे और बेटे को छुड़ाने की गुहार पुलिस से लगाई।

आरोप है पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। इस पर बुजुर्ग ने अस्पताल गेट के पास जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। लोगों ने बमुश्किल उसे बचाया। इसके बाद वह जहर की पुड़िया हाथ में लेकर पत्नी के साथ कोतवाली पहुंच गए और कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने दोनों पक्षों का शांतिभग में चालान होने के बारे में बताया। इस पर ईश्वरी प्रसाद का गुस्सा शांत हो गया। बेटे की जमानत कराने के बाद वह उसे लेकर घर चले गए।

### युवक से मारपीट मामले में रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव पचपेड़ा पुखा निवासी अजयवीर ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा गया कि शुक्रवार को वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। आरोप है कि इस दौरान परिवार का ही भूपराम नशे की हालत में वहां आया और कहासुनी करने लगा। विरोध करने पर गालियां देने के साथ डंडों से मारपीट की। जिससे वह चोटिल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घायल का मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पब्लिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल ग्रेहम हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से शिवानी यादव एक किता मकान नं. 674 रक्बई 85.83 वर्गमी. वाकै ग्राम सुखदेवपुर पर. तह. फरीदपुर जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में प्लाट अजहर, पश्चिम में रास्ता खड़न्जा 8 फिट चौड़ा, उत्तर में प्लाट पुत्तू बक्श व दक्षिण में सम्पत्ति दीगर है को श्रीमती सुषमा देवी से क्रय करने हेतु मेरे मुवक्किल से ऋण ले रही है उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक पूर्व मूल बैनामा जो श्रीमती कमला देवी के पक्ष में मुन्नी देवी व शिवपाल सिंह ने निष्पादित किया था जिसकी रजिस्ट्री स. र. फरीदपुर बरेली में दिनांक 31.08.2007 ई. को बही सं. 1 जिल्द सं. 1430 के पृष्ठ 175-200 में नं. 4181 पर हुई है जो कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 08.08. 2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/बैंक/संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 15 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल ग्रेहम हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**रजत बिन्दल, एडवोकेट**
**202, सिविल लाइन्स, प्रथम तल**
**सिविल कोर्ट, बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**ग्रेहम हाउसिंग फाईनेन्स लि. बरेली**
**मो.नं. 9917149977**
**एनरोलमेन्ट नं. (डी) 870/90**

### प्रा.वि. अमसाह वि.खं. भदपुरा, बरेली

**नीलामी सूचना**

अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या- 885/68-5/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग- 5 दिनांक 03.09.2020 तथा अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंता विभाग प्रखंड- बरेली के पत्रांक 2504/ग्रा.अ.वि./कैंप/जीर्ण भवन तथा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक एस.एस.ए./निर्माण-3395/3405/2023-24 दिनांक 25.10.2023 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय के जर्जर कक्ष की नीलामी 16.08.2024 दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व धरोहर धनराशि 10000/- रू. जमा करनी होगी। नीलामी की शेष शर्ते विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिनांक को ही 10 बजे प्रातः 10:30 तक होगा। बोलीदाता अपना आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लायें।

**ममता देवी- (अध्यक्ष)** **रवीन्द्र कुमार- (सचिव)**

**विद्यालय प्रबंध समिति प्राथमिक विद्यालय अमसाह वि.खं. भदपुरा, बरेली**

### रंजिशन युवक की बाइक में मारी टक्कर

**बरखेड़ा।** गांव कटैया निवासी अमित कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 जुलाई को उसकी भतीजी कविता वर्मा की थाना बिलसंडा के गांव कैचुआ से बारात आई थी। बराती के रूप में थाना बिलसंडा के गांव ईटगांव निवासी आलोक, रजनीश, शिवम, विवेक, अमित शामिल हुए थे। जयमाल के दौरान लोगों ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया। इस पर वहां मौजूद लोगों ने समझा दिया। बरात निपटने के बाद वह बहनोई दाताराम को उनके घर कुंवरपुर बाइक से छोड़ने के लिए रात में जा रहा था। तभी बरखेड़ा क्षेत्र के गांव भोपतपुर तिराहे के पास आरोपियों ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। जिनका इलाज पहले कस्बा बरखेड़ा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। लेकिन हालत में सुधार न होने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## कार्यालय जिला मिशन प्रबन्धन इकाई
### उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
### (ग्राम्य विकास विभाग बदायूँ उ.प्र.)

पत्रांकः एनआरएलएम/संकुल सामुदायिक ऑडिटर/विज्ञप्ति/2024-25 दिनांक

**आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर की आवश्यकता**

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण गरीब परिवारों की स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामुदायिक संस्थाओं (समूह/ग्राम संगठन/संकुल) का गठन कर वित्तीय सहयोग किया जाता है मिशन द्वारा सामुदायिक संस्थानों के सभी स्तर पर खातों की पुस्तकों के रख-रखाव को बहुत महत्व देता है। वही खाता पद्वित और प्रभावी फण्ड प्रबन्धन में प्रमाणिकता, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक ऑडिट तंत्र आंतरिक एंव बाहरी दोनों होना आवश्यक है। आंतरिक लेखा परीक्षा का उद्देश्य संस्था के स्वास्थ्य, संस्था की स्थिरता के लिए वित्तीय प्रबन्धन की मानक प्रथाओं पर सदस्यों की शिक्षा को बढाना, लेखाकंन प्रणाली को सुव्यवस्थित करना, संख्यात्मक सटीकता सुनिश्चित करना और पुस्तिकों और अभिलेखों का उचित रख-रखाव, उनके आय में बृद्धि और व्यय को कम करना, शासनतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सुझाव देना, आंतरिक नियंत्रण और जोखिम प्रबन्धन क्षमताओं को मजबूत करना आदि ।

मिशन निदेशक कार्यालय पत्र संख्या 957 दिनांक 03 जून 2024 के द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में संचालित समूह /ग्राम संगठन/संकुल संघ स्तर पर आतंरिक सामुदायिक ऑडिटर का चयन किया जाना है। आतंरिक सामुदायिक ऑडिटर योग्यता एंव चयन प्रक्रिया निम्नवत् है-

| क्र.सं. | विवरण | समूह सामुदायिक ऑडिटर | ग्राम संगठन सामुदायिक ऑडिटर | संकुल सामुदायिक ऑडिटर |
|---|---|---|---|---|
| 01. | योग्यता | 10 पास | 10 पास | 12 पास |
| 02. | आयु | 21-45 वर्ष | 21-45 वर्ष | 21-45 वर्ष |
| 03. | अनुभव | समूह स्तर का बुक्स ऑफ रिकार्ड लिखने का न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव। | समूह स्तर का बुक्स ऑफ रिकार्ड लिखने का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव या समूह के आंतरिक ऑडिट करने का 1 वर्ष का अनुभव। | ग्राम संगठन का बुक्स ऑफ रिकार्ड लिखने का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव। |
| 04. | अनुमानित पदों की संख्या | 100 पद (15 प्रति ब्लाक) | 75 पद (5 प्रति ब्लाक) | 12 पद जनपद स्तर |

- उम्मीदवारों के आवेदन सम्बन्धित संकुल/ब्लाक स्तर पर जमा किये जायेगें ।
- आवेदन निर्धारित प्रारूप पर समस्त डाक्यूमेन्ट के साथ करने पर ही आवेदन मान्य किये जायेगें। बिना अनुभव प्रमाण पत्र और अपूर्ण भरे फार्म को निरस्त कर दिया जाएगा।
- अनुभव प्रमाण पत्र सम्बन्धित संकुल द्वारा जारी किया जायेगा जिसको बीएमएम द्वारा प्रमाणित किया जायेगा । संकुल स्तरीय संघ में सामुदायिक ऑडिटर चयन के प्रक्रिया सम्बंधित समय सीमा निम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | विवरण | समय सीमा |
|---|---|---|
| 01. | आंतरिक सामुदायिक ऑडिटरों पदों पर आवेदन करने की अन्तिम तिथि | 13 अगस्त 2024 |
| 02. | लिखित परीक्षा (संभावित तिथि) | 16 अगस्त 2024 |

उक्त सभी पदों से सम्बन्धित पात्रता विवरण जैसे - आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव, एवं चयन प्रक्रिया से सम्बंधित आवेदन करने हेतु निर्देश तथा अन्य सभी जानकारी एवं विज्ञापन की प्रतिलिपि समस्त संकुल स्तरीय संघ के ऑफिस, ग्राम संगठन के ऑफिस, BMMU (ब्लाक कार्यालय) एवं DMMU जिला कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जायेगा ।

**आवेदक हेतु नियम एवं शर्तेः-**

1. उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अनुमोदित निर्देशों के अनुसार किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को निरस्त व संशोधित करने के समस्त अधिकार सम्बंधित संकुल स्तरीय संघ के पास सुरक्षित रहेंगे ।
2. आंतरिक सामुदायिक ऑडिटर संकुल स्तरीय संघ एवं उन में रिक्त पदों हेतु सूचना जनपद एवं विकास खंड से प्राप्त किया जाएगा। आवेदन हेतु कोई शुल्क नहीं होगा ।

**बृजेन्द्र शुक्ला**
**उपायुक्त (स्वतः रोजगार)**
**बदायूं**

### ग्राम पंचायत बिरहनी विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिरहनी की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिअ्टी कार्य फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्म्त, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी. आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 5 बजे तक दिनांक 16.08. 2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 17.08.2024 को 10 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**गुरदीप सिंह (ग्राम प्रधान)** **रामप्रकाश (ग्राम पंचायत सचिव)**

### ग्राम पंचायत कटमटा विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटमटा की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिअ्टी कार्य फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्म्त, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी. आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 5 बजे तक दिनांक 16.08. 2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 17.08.2024 को 11 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**केवल सिंह (ग्राम प्रधान)** **राम प्रकाश (ग्राम पंचायत सचिव)**

### ग्राम पंचायत बगनेरा बगनेरी विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बगनेरा बगनेरी की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिअ्टी कार्य फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्म्त, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 5 बजे तक दिनांक 16.08.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 17.08.2024 को 12 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**देवेन्द्र कौर (ग्राम प्रधान)** **रामप्रकाश (ग्राम पंचायत सचिव)**

### ग्राम पंचायत सद्दरपुर विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सद्दरपुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिअ्टी कार्य फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्म्त, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी. आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 5 बजे तक दिनांक 16.08. 2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 17.08.2024 को 01 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**सर्वजीत कौर (ग्राम प्रधान)** **राम प्रकाश (ग्राम पंचायत सचिव)**

### ग्राम पंचायत बल्लिया विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बल्लिया की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिअ्टी कार्य फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्म्त, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी. आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 5 बजे तक दिनांक 16.08. 2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 17.08.2024 को 02 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**परमिन्दर कौर (ग्राम प्रधान)** **रामप्रकाश (ग्राम पंचायत सचिव)**

### ग्राम पंचायत निसावा निसईयां विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत निसावा निसईयां की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिअ्टी कार्य फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्म्त, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 5 बजे तक दिनांक 16.08.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 17.08.2024 को 03 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**रामस्वरूप (ग्राम प्रधान)** **राम प्रकाश (ग्राम पंचायत सचिव)**

# सोम प्रकृति की सृजन शक्ति



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

सत्य, शिव और सुंदर की त्रयी आकर्षक है। इस त्रयी में सत्य महत्वपूर्ण है, लेकिन सत्य को शिव भी होना चाहिए। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव में तीनों हैं। शिव और लोकमंगल पर्यायवाची हैं, लेकिन यह ऊर्जा सहज प्राप्य नहीं है। शिव के प्रति लोक आस्था विस्मयकारी है।

भारत में सावन का महीना शिव उपासना की जलरस भरी मुहूर्त है। शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चन्द्र हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं,वनस्पतियां औषधियां उगती हैं,खिलती हैं,खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। काशी बहुत जाता हूं। काशी मंदिर में शिव उपासना की मूर्ति है। शिव दर्शन कई बार हुआ। मैंने समूची वाराणसी को सोम शिव पाया। हर-हर महादेव की गूंज व लोक उल्लास।

शिव भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। वे रुद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं। शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी। शर शैय्या पर लेटे भीष्म से उन्होंने तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा,“ शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। वे प्रकृति से परे और पुरुष से विलक्षण हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, “रुद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत को व्याप्त किया है।” यहां श्रीकृष्ण के विराट का कारण भी शिव तत्व का बोध है। मैं भारत के मन के साथ मन मिलाते हुए महादेव को नमस्कार करता हूं।

ऋग्वेद वाले रुद्र शिव ‘सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं’ हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है,लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्ता। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो शिव के डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रुद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं,लेकिन यही रुद्र शिव भी हैं। शिव महाकाल हैं। ऋग्वेद में “जो रुद्र है, वही शिव भी है।” त्रिशूल उनका हथियार। ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं-त्रिशूल धारक जो हैं,लेकिन सोंचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। मैं मन ही मन यजुर्वेद के शिव संकल्प मंत्र दोहराता हूं- “हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो-तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।” मैं राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर तक धंसा हुआ है। सोम सामने है, भीतर ओम है,लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। करूं तो क्या करूं? ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था त्रायंबक रुद्र को-हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो। मैं स्वयं भी डंठल से चिपका हुआ पका फल हूं। संसार क्षर से क्षर की यात्रा है। अंतर्यात्रा स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा है। पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है। जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है। बीज के भीतर अनंत संभावनाएं हैं। पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल। फिर-फिर बीज। ओम प्राण शक्ति है और सोम बीज का पल्लवन पुष्पन। ऋग्वेद के सोम कम लोगों को याद हैं,लेकिन सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है। सोम से ओम की यात्रा शिव है। यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं। सोम और ओम साथ-साथ हैं। सोम शिव के ललाट पर हैं ही। शिव रूपक का सोम प्रतीक बड़ा प्यारा है। ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है। सोम असाधारण देवता हैं। आनंददाता भी हैं।

सत्य, शिव और सुंदर की त्रयी आकर्षक है। इस त्रयी में सत्य महत्वपूर्ण है,लेकिन सत्य को शिव भी होना चाहिए। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव में तीनों हैं। शिव और लोकमंगल पर्यायवाची हैं,लेकिन यह ऊर्जा सहज प्राप्य नहीं है। शिव के प्रति लोक आस्था विस्मयकारी है। कांवड़िए लंबी पदयात्रा करते हैं। शिव प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के ‘कुमार संभव’ में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने भड़काया “पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गई। आपका सुंदर हाथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?” शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा “संसार के सारे रूप शिव के ही हैं-विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।” शिव ही सभी रूपों में रूप रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले “अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।” मन करता है कि पूंछू शिव से-महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन शिव तप का पुरस्कार भी तो देते हैं। तप प्रभाव में वे स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं। पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं। बैल की सवारी और पार्वती से बतरस। ‘विज्ञान भैरवतंत्र’ में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागी। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दायी आंख में ही काजल लगाया था, वह बाई आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती शिव जगत के माता-पिता हैं। विवाह के बाद देवों ने शुभकामनाएं दीं।”

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के संवाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया,लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है,लेकिन शिव सब जानते थे। वे सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कंठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी हैं,लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद् चन्द्र की पूनो शिव रस सोम की ही वर्षा करती है। सोम और चन्द्र पर्यायवाची हैं। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दाया नेत्र है और बाया चन्द्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं। हम भारतवासी बहुदेव उपासक हैं,लेकिन बहुदेववादी नहीं। बहुदेव उपासना हमारा स्वभाव है।

शिव एशिया के बड़े भाग में प्रचलित देव हैं। शिव देव नहीं महादेव हैं। वे हजारों बरस से भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। कुछेक विद्वान रुद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। प्रख्यात मार्क्सवाद चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश (पृष्ठ 679) में लिखा है “वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।” शिव उपासना का मूल केन्द्र भारत है। यजुर्वेद प्राचीन है। इसका 16 वां अध्याय शिव की ही स्तुति है। यहां शिव कण-कण में व्याप्त चेतना हैं।

# त्योहारों में अब वह उत्साह नहीं

हमारा दायित्व है कि हम अगली पीढ़ी को कम से कम अपने कुछ गिने-चुने श्रेष्ठ पारंपरिक आयोजनों से परिचित कराते रहें। उनकी अभिरुचि जगाते रहें। तभी ये कुछ हमारे अभी भी स्पंदित हो रहे पारंपरिक आयोजन अक्षुण रह सकें।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

नागपंचमी का समापन दलभरी पूड़ी और खीर के साथ हुआ। यह हमारा त्योहारी व्यंजन है, जो नागपंचमी को परंपरा से बनता आया है। आधुनिकता के दबाव में आज कितनी ही अच्छी परंपराएं तेजी से बिसरायी जा रही हैं। मेरा प्रायः आग्रह रहता है कि कुछ रस्मी आयोजनों, खानपान को यथासंभव बरकरार रखना चाहिए। यद्यपि तीज त्योहारों का अब वह उत्साह नहीं दिखता, जो तीस चालीस वर्ष पहले तक था।

गवईं बोली में नागपंचमी पचैयां कही जाती थी। गजब का उत्साह दिखता था। बड़े बुजुर्ग एक अस्थायी अखाड़ा तैयार करते थे, जिसमें हमजोली बच्चों की कुश्तियां होती थीं। कुश्ती के दांव पेंच सिखाए जाते थे। अंटी मारना और धोबियापठान (धोबीपाट) दांव बड़े लोकप्रिय थे। हमारे एक बुजुर्ग अंटी मारने के उस्ताद थे। अंटी के दांव में पैर से ही पैर में ऐसे अंदाज से मारते कि प्रतिद्वंद्वी धड़ाम और फिर उसे उठने का मौका ही नहीं देते थे। बच्चे चमत्कृत। यह दांव सीखने को मचलते। बुजुर्ग अंटी पर अंटी तब तक मारते रहते जब प्रतिद्वंदी बिचारा हारी-हारी नहीं चिल्लाता। फिर लंबी कूद (कूड़ी) की प्रतिस्पर्धा भी होती थी, जिसमें शारीरिक और मानसिक शक्ति को बढ़ाने की प्रेरणा मिलती।

बच्चों को बांस के छोटे-छोटे डंडों को रंग बिरंगा बनाकर दिया जाता कि उससे नाग-नागिन की प्रतीक गुड़िया को पास के तालाब में डालकर पीट पीट कर डुबा दो। बच्चों में गजब की उत्फुल्लता रहती। मगर अब त्योहारों का वह स्वरूप वह उमंग जाता रहा। अब त्योहार भी रोज के दिनों जैसे हो गए हैं। खान-पान भी वही रोजाना के ढर्रे का। सामाजिक बदलाव की गति इतनी तीव्र हो चली है कि हमारी परंपराओं, रहन-सहन और संस्कृति को भी तेजी से विकृत कर रही है। विस्मृति के गर्त में ढकेल रही है। हम गरीब भले थे, मगर जीवन का रास रंग कायम था। तीज-त्योहारों को विपन्नता के बावजूद हंसी-खुशी मनाते थे। दो जून की रोटी भले नहीं जुटती थी, मगर उत्साह का पारावार नहीं था। वही तुलसीदासजी का कथन कि ‘चहिय अमिय पर जुरई न छांछी’ - आकांक्षाएं हिलोर मारती थीं। सीमित संसाधनों में ही संतुष्टि थी। जीवन आनंद से सराबोर था। त्योहारों को हम पूरे उमंग उत्साह से मनाते थे। एक दिन ही सही सुरुचिपूर्ण व्यंजन अनिवार्य रूप से बनता था,जो सोने में सुगंध सा होता।


अब समृद्धता भले ही बढ़ी हो, किंतु जीवन का वह रास रंग गायब हो गया। अब त्योहार आते हैं और चले जाते हैं। सब कुछ नीरस सा हो गया है। मनुष्य अनेक तरह के दबाओं और दुश्चिंताओं में जी रहा है। जीवन की आपाधापी ने हमारे सहज व्यक्तित्व को हमसे छीन लिया है। कभी निबंध का एक विषय यह भी होता था उत्सव प्रिया मानवाः, आज के ग्रामीण परिवेश में वह उत्सव प्रियता न जाने कहां विलीन हो गई है। बाजार हाट, शहरों में बस दुर्गा पूजा, गणेश पूजा, दशहरे की धूम जरूर है, मगर वह भी व्यावसायिकता की भेंट चढ़ चुकी है। उनमें विपन्नता में भी उत्सव आनंद मनाने का वह अनिर्वचनीय आनंद कहां? सब अर्थतंत्र का भोंडा प्रदर्शन मात्र रह गया है। यह हमारा दायित्व है कि हम अगली पीढ़ी को कम से कम अपने कुछ गिने-चुने श्रेष्ठ पारंपरिक आयोजनों से परिचित कराते रहें। उनकी अभिरुचि जगाते रहें। तभी ये कुछ हमारे अभी भी स्पंदित हो रहे पारंपरिक आयोजन अक्षुण रह सकें।

# लोकहित एवं समन्वयकारी लोकनायक तुलसी



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

गोस्वामीजी ने अपना काव्य स्वान्तः सुखाय लिखा था। उन्होंने इसका स्पष्ट उल्लेख ‘रामचरितमानस’ के प्रारंभ में किया है। स्वांतः सुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा। उनकी ‘स्वांतः सुखाय’ रचनाएं ‘जन-हिताय’ थीं।




तुलसी एक ऐसी महत्वपूर्ण प्रतिभा थे, जो युगों के बाद एक बार आया करती है तथा ज्ञान-विज्ञान, भाव-विभाव अनेक तत्वों का समाहार होती है। इनकी प्रतिभा इतनी विराट थी कि उसने भारतीय संस्कृति की सारी विराटता को आत्मसात कर लिया था। ये महान द्रष्टा थे, परिणामतः सृष्टा थे। ये विश्व कवि थे और हिन्दी साहित्य के आकाश थे, सब कुछ इनके घेरे में था। गोस्वामी तुलसीदास एक महान हिन्दू संत, समाजसुधारक के साथ ही दर्शनशास्त्र और कई प्रसिद्ध ग्रंथों के रचयिता भी थे। गोस्वामीजी की प्रत्येक रचना राम-कथा का संस्पर्श करती है।

कथा का जो भाग किसी रचना-विशेष में छूट गया है, उसकी पूर्ति उन्होंने दूसरी रचना के द्वारा कर दी है। इस प्रकार इन ग्रन्थों से गोस्वामीजी के निष्णात पांडित्य, व्यापक अनुभव, गहन एवं सूक्ष्म अंतर्दृष्टि तथा समर्थ अभिव्यंजना शक्ति का परिचय मिलता है। उन्होंने अपने सत्साहित्य द्वारा लोक आदर्श की स्थापना की, धर्म का उपदेश दिया, जीवन के मार्मिक तथ्यों का दार्शनिक निरूपण किया और जनमानस के मानस-पटल का परिष्कार किया। उन्होंने परिव्राजक के रूप में तीर्थाटन एवं सत्संग करते हुए संपूर्ण भारतवर्ष का भ्रमण किया था। अयोध्या तथा चित्रकूट उन्हें विशेष प्रिय थे। उनके जीवन का उत्तरार्ध काशी में व्यतीत हुआ था। जीवन के थपेड़ों ने जहां उनके स्वभाव में दीनता, विनम्रता, उदारता एवं परोपकार की भावना भर दी थी वहीं राम नाम के सबल आधार ने इसको निर्भीक एवं आत्मविश्वासी बना दिया था। जीवन-संघर्ष ने इनके व्यक्तित्व को तपा कर कुंदन बना दिया था और राम जैसे समर्थ स्वामी को प्राप्त करके गोस्वामीजी निश्चिंत हो गए। सोवै सुख ‘तुलसी’ भरोसे एक राम के। गोस्वामीजी की मान्यता थी कि राम ने दास भक्तों के लिए ही मनुष्य शरीर धारण किया हैं। अपने इष्टदेव के प्रति अनन्यता ही गोस्वामीजी की साधना का संबल, विचारों का मेरूदंड एवं भावों का उद्गम है। उन्होंने अपने ग्रंथों में जगह-जगह अनन्यता का भाव प्रकट किया हैं।

भारत का लोकनायक वही हो सकता है, जो समन्वय कर सके। बुध्य समन्वयकारी थे, गीता में समन्वयवाद को अपनाया गया है,तुलसी भी समन्वयवादी थे।” कविकुल चूड़ामणि गोस्वामी तुलसीदास जी का अविर्भाव ऐसे युग में हुआ, जब धर्म, समाज और राजनीति के क्षेत्रो में सर्वत्र पारस्परिक वैषम्य एवं विभेद का तांडव नृत्य हो रहा था। तत्कालीन संत कवि सारे भारत में भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। गोस्वामी जी उन्हीं संत कवियों में से एक थे, जिन्होंने तत्कालीन परिस्थिति का गहराई से अध्ययन एवं अनुशीलन करके समाज में व्याप्त विषमता एवं वैमनस्य को दूर करने का प्रयत्न किया। गोस्वामी जी ने इस विकृत रूप को दूर करने के लिए समन्वयात्मक बुद्धि से काम लिया। इस समन्वय के लिए तुलसी ने सामाजिक, पारिवारिक, अध्यात्मिक, आर्थिक, राजनैतिक आदि क्षेत्रों को चुना और इनमे समन्वय स्थापित करते हुए जन-जीवन में व्याप्त तत्कालीन घोर अशांति एवं अत्याचार आदि को दूर करने की सफल चेष्टा की। इसीलिए उनका सारा काव्य समन्वय की विराट चेष्टा से ओत-प्रोत कहा जाता है और इसी समन्वयात्मक दृष्टिकोण के कारण ही तुलसीदास जी को ‘लोकनायक’ कहा जाता है।

तुलसीदास एक विलक्षण प्रतिभा से संपन्न तथा लोकहित एवं समन्वय भाव से युक्त महाकवि थे। भाव चित्रण, चरित्र चित्रण एवं लोकहितकारी आदर्श के चित्रण की दृष्टि से इनकी काव्यात्मक प्रतिभा का उदाहरण संपूर्ण विश्व साहित्य में भी मिलाना दुर्लभ है। गोस्वामीजी ने अपना काव्य स्वान्तः सुखाय लिखा था। उन्होंने इसका स्पष्ट उल्लेख ‘रामचरितमानस’ के प्रारंभ में किया है। स्वांतः सुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा। उनकी ‘स्वांतः सुखाय’ रचनाएं ‘जन-हिताय’ थीं। उन्होंने अपने काव्य का सृजन लोकहित के लिए ही किया था। उन्होंने किसी प्राकृत (सांसारिक) जन का गुणगान करने में अपनी प्रतिभा का अपव्यय न करके जन-कल्याण के लिए ही उसे सार्थक किया था। उनके आश्रयदाता कोई लौकिक राजा नहीं वरन् स्वयं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम हैं, जिनके प्रति उनकी अनन्य भक्ति थी। वह भक्ति किसी अर्थ-लाभ अथवा वैभव-लिप्सा के गंध से दूषित न थी।

# आंबेडकर की आड़ में



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मालूम हो कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की सात जजों की एक पीठ ने अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में उप वर्गीकरण की अनुमति दे दी है। इस निर्णय में कलेवर में न्यायालय ने इस वर्ग की क्रीमीलेयर के पृथकत्व किए जाने को भी इंगित किया है।

केंद्रीय कैबिनेट ने यह पास कर दिया कि अनुसूचित जाति, जन जाति के आरक्षण में मलाईदार पर्त यानी क्रीमी लेयर का कोई ध्यान या परहेज नहीं रखा जाएगा। यानी इस वर्ग के कलेक्टर, कमिश्नर और मिनिस्टर का लड़का उसी तरह आरक्षण पाता रहेगा, जैसे झुग्गी झोपड़ी में रहने वाला दलित और सवर्ण चपरासी के बेटे के लिए नौकरी विशेष के संपूर्ण संवर्ग से काटकर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। मालूम हो कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की सात जजों की एक पीठ ने अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में उप वर्गीकरण की अनुमति दे दी है। इस निर्णय में कलेवर में न्यायालय ने इस वर्ग की क्रीमीलेयर के पृथकत्व किए जाने को भी इंगित किया है। न्याय की इस सर्वोच्च पीठिका के नैसर्गिक न्यायोचित आदेश को केंद्र सरकार लागू नहीं करने जा रही है।

संप्रति केंद्र में एक मिलीजुली कमजोर सरकार है और अनुसूचित वर्ग के लोकजन शक्ति पार्टी जैसे दल उसके समर्थक हैं। आरक्षण की व्यवस्था से मालामाल ऐसे तत्व इस सुप्रीम निर्णय का विरोध करते हुए सरकार को इसे येन केन प्रकारेण निष्प्रभावी करवाने का दबाव बना रहे हैं। चूंकि सरकार को अपनी कुर्सी बचानी है, अतः झुकना मजबूरी है। आड़ आंबेडकर की ली जा रही है कि उन्होंने, जो संविधान बनाया, उसमें ऐसी व्यवस्था नहीं है। सवाल यह है कि मूल संविधान में तो यह आरक्षण दस साल के लिए ही था। यदि यह विधाता का अमिट लेख है तो बार-बार यह दस वर्षीय कालखंड बढ़ाया क्यों जा रहा है? तब से अब तक बड़ी संख्या में संशोधन क्यों किए गए? इस कथित अमिट आलेख में मोदी ने भी तो संशोधन किए हैं। असली बात यह नहीं है। आंबेडकर तो बहाना है। सरकार को अपना सिंहासन बचाना है। दलितों के वे वर्ग, जो इस आरक्षण का बेहद कम लाभ पा सके हैं, वे अपने हाल पर जिएं। उनकी कोई आवाज़ नहीं है। सवर्ण ‘वोटबैंक’ के रूप में मतदान नहीं करता, अतः उसकी आवाज कोई नहीं उठा रहा।

ऐसे में सवर्ण युवकों और उन दलितों में क्षोभ की चिंगारी अवश्य उद्भूत होगी, जो इस लाभ से वंचित हैं और सुप्रीम न्यायिक आदेश के बावजूद ठुकराए जा रहे हैं।

# अधिचेतना



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मुझे सही शब्द नहीं मिल रहा है। सोचा कि जातीय चेतना कहूं, लेकिन जातीय जनगणना का जमाना है। आज हमारे देश के लोग ग़लत अर्थ लेने में प्रवीण हैं। सही अर्थ लेना हमारे स्वभाव से तिरोहित हो गया है। सांप जानबूझ कर टेढ़ा थोड़ी न चलता है।

तो मैं उसे अधिचेतना कहूंगा। अपने संस्कारों और संस्कृति से जुड़े होने की चेतना। एक सांस्कृतिक समुदाय का सदस्य होने की अनुभूति।

यह कोई नई बात नहीं है। यहूदी लोग सहस्राब्दी के लिए सारे विश्व में बिखरे रहे, लेकिन उनका यह संज्ञान कभी क्षीण नहीं हुआ कि वे चाहे अमरीकी हों, ब्रिटिश हों, जर्मन हों, पर वे यहूदी हैं। उनमें सब कुछ होने के बावजूद और सबके ऊपर अपने यहूदी होने की अधिचेतना है। राष्ट्रीयता में राजनीतिक पुट है, लेकिन अधिचेतना में संस्कृति का पुट है। यह अधिचेतना कमोवेश हर संस्कृति के लोगों में है।

कार्ल मार्क्स ने वर्ग चेतना की बात की है, लेकिन वह चेतना आर्थिक आधार पर टिकी है। सर्वहारा वर्ग के पास जीने का एक ही संबल है श्रम जो आधे से अधिक शिकंजों में जकड़ा हुआ है। प्रतियोगी वर्ग साधन-संपन्न है, ताकतवर है, उसे राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। सर्वहारा वर्ग में इस चेतना का होना आवश्यक है। इसी तर्ज पर अधिचेतना सांस्कृतिक वर्ग चेतना है।

मुझे इस शब्द की जरूरत क्यों पड़ी? मैं कहना चाहता हूं कि विश्व ही नहीं, भारत के हिंदुओं में भी अधिचेतना बहुत कमजोर हैं। हिंदू समुदाय जात-पात, क्षैत्रीयता, जनतांत्रिकता, धर्मनिरपेक्षता, विश्व बंधुत्व, इत्यादिक भावनाओं से जुड़ा हुआ है जो हिंदू अधिचेतना पर भारी पड़ते हैं।

# साहित्य की कसौटी राजनैतिक मतवाद नहीं, लोकमानस



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोकमंगल का साहित्य-सृजन तो दरबारी राग के बूते की बात थी नहीं, वह आलोचना के माध्यम से ही आ सकता था, आया भी। राजनीति ने उसे हजार हाथों से उपकृत किया।

साहित्य स्वभाव से ही लोक का पक्षधर होता है। दरबारी राग भी होता तो है,किंतु वह सत्ता की खुशामद का राग होता है,दरबारियों के लिए पद और पुरस्कार का राग होता है, एक प्रकार से वह लोक के विरुद्ध होता है, वह लोक की सत्ता को विखंडित करता है, विच्छिन्न करता है। लोकजीवन की सहज एकता को तोड़ने वाला होता है। उसके पीछे उसका स्वार्थ छिपा हुआ होता है।

स्वतंत्रता आंदोलन की राजनीति राष्ट्र की एकता के लिए थी,लेकिन स्वतंत्रता के बाद की राजनीति इस एकता के विरुद्ध खड़ी हो गई। उसकी कहानी बहुत लंबी है,लेकिन संक्षेप में उसकी दिशा और गति लोकजीवन की एकता और लोकमंगल के विरुद्ध है,उसकी दिशा केवल और केवल राजसत्ता है। इस राजनीति के साथ साहित्य का दरबारी राग भी बदला और नए-नए रूपों में सिद्धांत बघारने लगा। पद भी पाया और पुरस्कार के तंत्र पर भी अधिकार जमा लिया। विश्वविद्यालयों में ऐसे दरबारी राग का साम्राज्य विस्तार हुआ। लोकजीवन से दूर चला गया,परंतु लोकजीवन से उसे लेना भी क्या था? साहित्य में यह राजनीति का आक्रमण था और इसका प्रवेश आलोचना के माध्यम से हुआ। लोकमंगल का साहित्य सृजन तो दरबारी राग के बूते की बात थी नहीं, वह आलोचना के माध्यम से ही आ सकता था, आया भी। राजनीति ने उसे हजार हाथों से उपकृत किया। उसका दुस्साहस इतना बढ़ा कि वह नित-नित लोक-नमस्कृत महाकवियों को भी फेल-पास करने लगा। हालांकि उसके पास उनके जैसी एक पंक्ति भी लिखने की औकात नहीं थी,जो लोकस्वीकृत हो सके।

उस कठोर जमाने में जब “लोग सीद्यमान सोच बस” थे, जनता के पक्ष में था ही कौन? ये भक्तिकाल के आचार्य मनीषी महाकवि ही तो थे,जिन्होंने लोकजीवन को विश्वास का आधार दिया था। मंगलभवन अमंगल हारी। तुलसीदास के लोटा-सोटा भी चुरा लिए गए थे। उन पर कम आक्रमण हुआ था क्या? तुलसीदास की उन पंक्तियों पर भी नजर डालें -सोचिय विप्र जो वेद न जाना। अथवा दूबर होत नहीं कबहूं पकवान के विप्र मसान के कूकुर।” अथवा विप्र निरच्छर लोलुप कामी। निराचार सठ बृषली स्वामी। अथवा पंडित सोइ जो गाल बजावा।” तुलसीदास ने बादशाही जमाने में कहा-सोचिय नृपति जो नीति न जाना। जेहि न प्रजा प्रिय प्रान समाना। वह शासक निश्चित ही चिंता के योग्य हैं,जिसे अपने देश और प्रदेश की जनता अपने ही प्राणों के समान प्रिय नहीं है। वह शासक अवश्य ही चिंतनीय है,जो नीति को नहीं जानता है,जिसमें नैतिकता नहीं है।

लोग शोध करते रहे थे कि तुलसीदास वर्णवादी हिन्दू थे? लेकिन लोग कभी समाज के निचले स्तर पर उतरे ही नहीं,वह स्वर सुन नहीं सके, जो सारे दायरे तोड़कर लोकजीवन के आंगन में आज भी गूंज रहा है- मंगलभवन अमंगल हारी। आज भी काव्य की उस कसौटी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है -सुरसरि सम सबकर हित होई। शोध का आपका उद्देश्य शत्रुताएं बढ़ाते रहना है? तुम्हारी बगल में बिरादरी का सांप बैठा है। उस जमाने में रहीम ने कह दिया था- रामचरितमानस विमल, संतन जीवन प्रान।/ हिंदुआन कों वेद सम, यवनहिं प्रकट कुरान।

किंतु दुर्भाग्य यह है कि वोट की राजनीति राष्ट्र की लोकचेतना को छिन्न-विच्छिन्न करने के अपने सदाव्रत के लिए रामचरितमानस पर सवाल उठाती है। बहस करना बुद्धिजीवियों का पेशा है,इसके अलावा वे कर भी क्या सकते हैं? परंतु वह उपेक्षा के योग्य हैं,क्योंकि लोकजीवन से उनका कोई नाता-रिश्ता है नहीं, लोकजीवन में उनकी रीझ-बूझ भी कानी कौड़ी बराबर है। रामचरित मानस की कसौटी तो प्रेम है, शबरी और केवट है, निषाद है,वानर जैसी वनवासी जातियां हैं, हां तुम अपने मतलब के लिए नफरत पैदा करते हो, नफरत बढ़ाते हो और देश की राजनीति को गर्त में ले आए हो। लिख लीजिए, यदि समष्टि के सिद्धांत को तिलांजलि दे दी तो प्राकृतिक न्याय या शक्ति का सिद्धांत वोट बैंक की घंटी बजा देगा।

# कर्मयोगी की जीवटता का प्रतीक नयाल मार्ग



प्रदीप वेदवाल
लेखक, नोएडा

हिमालयी सरोकारों के प्रति समर्पित पर्वतपुत्र स्वर्गीय दीवान सिंह नयाल जी की 12 अगस्त को 68 वीं जयंती है। दीवान सिंह नयाल उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा राजनीतिक संगठनकर्ता और इन सबसे ऊपर मानवीय संवेदनाओं से भरपूर निष्काम कर्मयोगी थे। दीवान सिंह नयाल ने दिल्ली जैसे महानगर में अपनी काबिलियत के दम पर अपने आपको स्थापित किया था।

बचपन में ही माता-पिता का साया जिस बालक के सर से उठ जाए, उसे अपने जीवन काल में किन-किन झंझावतों से गुजरना पड़ा होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। ऐसे में इस शख्स ने न केवल दिल्ली में अपने आपको स्थापित किया, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई। दीवान सिंह नयाल से मेरा परिचय उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान कांस्टिट्यूशन क्लब में एक विचार गोष्ठी के दौरान हुआ। समय बीतता गया और नयाल जी से मेरी बातों और मुलाकातों का दौर भी बढ़ता गया। घनिष्ठता बढ़ने के साथ-साथ मैंने उन्हें एक बहुमुखी प्रतिभा वाले पर्वतपुत्र के रूप में देखा,जिसने अपने पुरुषार्थ के दम पर अपनी सफलता की कहानी लिखी। जहां उत्तराखंड राज्य आंदोलन में नयाल जी मुझे एक अग्रिम पंक्ति के सक्रिय आंदोलनकारी के रूप में अपनी ही कांग्रेस सरकार के विरोध में सड़कों पर संघर्ष करते दिखे, तो वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में उत्तराखंडी आबादी बाहुल्य इलाकों में एनएसयूआई के पक्ष में मतदान की अपील करते भी नजर आए।

13 नवंबर 2020 को कोरोना से ग्रस्त होने के कारण दीवान सिंह नयाल जी का निधन हुआ। उनके निधन के पश्चात एमसीडी की पहल पर मौजपुर मेट्रो के पास ही जो मेन रोड विजय पार्क की ओर जाती है, 12 अगस्त 2021 को उनकी जयंती के अवसर पर उसका नामकरण दीवान सिंह नयाल मार्ग किया गया। किसी भी व्यक्ति के नाम पर सड़क का नामकरण करना उस व्यक्ति के जीवन काल की उपलब्धियां का सम्मान करना होता है। समाज के प्रति उनकी उपादेयता क्या थी। विजय पार्क की यह सड़क मुझे साल 1998 में नयाल जी कि याद दिलाती है। मैं सोचता हूं कि हम एक शख्स से शख्सियत बनने और अपने निःस्वार्थ भाव से किए गए कार्यों से एक विचारधारा बन चुके दिवान सिंह नयाल जी के बताएं मार्ग पर चल सकेंगे। अगर हां तो फिर सही मायनो में दीवान सिंह नयाल मार्ग की सार्थकता होगी, उपादेयता मानी जाएगी।

### पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीअत, जमाअत इस्लामी ने छेड़ा अभियान, 3 सितंबर को लखनऊ में जुटेंगे मुस्लिम संगठन

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठन एकजुट

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

1985 में शाहबानो प्रकरण के बाद यह दूसरा मौका है, जब देश के सभी मुस्लिम संगठनों ने एकजुटता दिखाते हुए वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया है। लोकसभा में विपक्ष के भारी विरोध के बाद बिल को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया है। ऐसे में जेपीसी पर दबाव बनाने के लिए शनिवार को मुंबई में रैली के बाद 3 सितंबर को लखनऊ में जुटने की घोषणा की गई है। बिल के विरोध में देश भर में अभियान चलाने का भी फैसला लिया गया है।

वक्फ संशोधन बिल पर गठित जेपीसी में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के भी सांसद शामिल हैं। इसे देखते हुए आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीअत उलमा हिंद, आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत, जमाअत इस्लामी हिंद समेत कई मुस्लिम संगठनों ने एक प्लेटफार्म पर आकर जेपीसी तक अपनी आपत्ति बुलंद करने का फैसला लिया है। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य, आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद सुलेमान ने कानपुर में अमृत विचार से बातचीत में कहा कि जेपीसी में विपक्षी सांसद भी हैं, ऐसे में वक्फ संशोधन बिल पर उनकी क्या सोच है, उजागर हो जाएगा। सभी मुस्लिम संगठनों की सिर्फ एक मांग है कि यह बिल वापस हो। यह प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास के खिलाफ है। वक्फ संशोधन बिल के विरोध में 3 सितंबर को लखनऊ में देश भर के मुस्लिम संगठन एवं बुद्धिजीवी जुटेंगे।

#### संविधान के अनुच्छेद 26 को बाईपास न करें



प्रो. सुलेमान ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 26 में स्पष्ट है कि अलल औलाद, अलल खैर या कोई भी वक्फ की गई संपत्ति जिस मकसद के लिए वक्फ की गई है उसी मकसद में प्रयोग हो सकती है, जिस शख्स ने जायदाद वक्फ की है, यदि वह चाहे कि दोबारा वक्फ वापस ले ले तो यह मुमकिन नहीं है। अनुच्छेद में साफ किया गया है कि इस मामले में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रो. सुलेमान ने कहा कि क्या किसी मंदिर के ट्रस्ट या अन्य धार्मिक ट्रस्ट में कोई मुस्लिम सदस्य है? फिर वक्फ बोर्ड के 11 सदस्यों में 7 सदस्य गैर मुस्लिम कैसे हो सकते हैं। बहुमत होने के कारण ये 7 सदस्य जो चाहेंगे, वह निर्णय करेंगे।

## हर विद्यालय से एक छात्र जाएगा इसरो

**लखनऊ।** उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालयों के स्पेस आर्ट और बेस्ट प्रोडक्ट डेवलपमेंट कांप्टीशन में विजेता रहे छात्रों को इसरो भेजे जाने की योजना है। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय से एक विजेता छात्र का चयन किया जाएगा। यह जानकारी कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव और मुख्य कार्यकारी अधिकारी गजल भारद्वाज ने दी। बताया कि अटल आवासीय विद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा से भी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### छेड़छाड़ के विरोध पर आरोपियों ने छात्रा के ममेरे भाई को पीटा, छात्रा ने पीया जहरीला पदार्थ

**मेरठ, एजेंसी** : जिले के मवाना थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपियों ने 12वीं कक्षा की 17 वर्षीया छात्रा के ममेरे भाई की पिटाई कर दी, जिससे क्षुब्ध होकर छात्रा ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश बहादुर ने बताया कि मवाना कस्बे की एक महिला द्वारा थाना मवाना में यह शिकायत दर्ज करायी गई थी कि उसकी पुत्री अपने ममेरे भाई के साथ कॉलेज जा रही थी, तभी रास्ते में दो युवकों द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ने बताया कि ममेरे भाई द्वारा छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपी युवकों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर स्थानीय लोगों के आने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद घर पहुंच कर छात्रा ने जहरीला पदार्थ पीकर जान देने की कोशिश की। छात्रा की हालत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उप चुनाव के लिए बसपा जुटी तैयारी में, बैठक आज

**लखनऊ, अमृत विचार** : प्रदेश में विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए बसपा ने भी तैयारी शुरू कर दी है। बसपा प्रमुख मायावती की अध्यक्षता में 11 अगस्त को पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें उप चुनाव के दौरान लोगों के बीच आरक्षण मुद्दा ले जाने पर चर्चा होने की संभावना है। बीते लोकसभा चुनाव में बसपा को एक भी सीट नहीं मिल सकी थी, जबकि इससे पहले हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी केवल एक सीट जीत पाई थी। पार्टी के निरंतर निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर बसपा नेतृत्व चिंतित है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी में नये जिलाध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई थी, इन पदाधिकारियों को बैठक में बुलाया गया है। मालूम हो कि भाजपा के साथ ही, सपा व कांग्रेस पहले से ही उप चुनाव को लेकर तैयारी में जुटी हैं। कांग्रेस पांच सीटों पर चुनाव लड़ना चाह रही है। इन सीटों में गाजियाबाद, फूलपुर, खैर, मीरापुर व मझंवा सीट शामिल हैं।

### सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता की क्वीनमेरी से हुई छुट्टी

**लखनऊ, अमृत विचार** : केजीएमयू के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) में भर्ती अयोध्या में हुए सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को तबीयत में सुधार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पीड़िता को अयोध्या रवाना किया गया। बीते पांच अगस्त शाम करीब तीन बजे दुष्कर्म पीड़िता को अयोध्या से क्वीनमेरी लाया गया। यहां डॉक्टरों ने पीड़िता को भर्ती किया। जरूरी जांचे कराईं। इलाज के बाद पीड़िता की तबीयत स्थिर हुई। उसके बाद डॉक्टरों ने पीड़िता का गर्भपात कराने का फैसला किया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने टीम ने पीड़िता का सुरक्षित गर्भपात कराया। साथ ही डीएनए जांच के लिए सैंपल भी लिया गया। गर्भपात की प्रक्रिया के बाद डॉक्टरों ने पीड़िता को निगरानी में रखा। इलाज के बाद पीड़िता की तबीयत में सुधार आया। केजीएमयू प्रशासन ने उसकी तबीयत का हाल अयोध्या के जिलाधिकारी समेत अन्य अफसरों को बताया।

### किसान को अपमानित करने वाला लेखपाल निलंबित

**इटावा, अमृत विचार।** किसान को अपमानित करते हुए रिश्वत की मांग करने वाले लेखपाल का वीडियो वायरल होने पर जिलाधिकारी अवनीश राय ने तत्काल प्रभाव से उसे निलंबित कर दिया। तहसीलदार ताखा मोहम्मद असलम इस प्रकरण की जांच कर रहे हैं। वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। एक पखवाड़े पहले ताखा तहसील क्षेत्र में गांव कुदरैल गांव के राहुल शर्मा सरकारी भूमि से कब्जा मुक्त कराने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल अनूप दिवाकर को चारपाई पर बैठाकर अपनी भाभी संग जमीन पर बैठकर गुहार लगा रहे थे। लेखपाल बुरी तरह अपमानित करते हुए रिश्वत की मांग कर रहा है। इसका किसी ने वीडियो बना लिया। दो दिन पहले यह वीडियो वायरल हुआ तो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया जो काफी दूर तक प्रसारित हो गया।

# नीट यूजी काउंसलिंग की तारीख घोषित होते ही कॉलेजों में तैयारी हुई शुरू

### नए मेडिकल कॉलेजों को हॉस्टल से लेकर रिकार्ड रूम तक हो रहे तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





**अमृत विचार** : एमबीबीएस व बीडीएस प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए काउंसलिंग 20 अगस्त से शुरू हो रही है। इसके साथ ही कॉलेजों में शैक्षिक सत्र शुरू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। खासकर नए मेडिकल कॉलेजों जहां पहली बार सत्र शुरू हो रहा है, छात्रों के लिए हास्टल से लेकर लाइब्रेरी तक संसाधन जुटाए जा रहे हैं।

पहली बार मान्यता पाने वाले सात नए मेडिकल कॉलेजों में छात्रों के रहने के लिए हॉस्टलों में संसाधन तेजी से जुटाए जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात और ललितपुर में महिला व पुरुष हॉस्टलों में पीने के पानी से लेकर शौचालय तक सुविधाएं परखी जा रही हैं। प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिए पृथक बेड और अलमारी स्थापित करने का कार्य जारी है, इसके अलावा कॉपरेटिव मेस के लिए कैंटीन व्यवस्थित की गई है। छात्रों के अंक पत्र व प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए कॉलेजों में रिकार्ड रूम तैयार किए जा रहें हैं। सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.सलिल श्रीवास्तव ने बताया कि शिक्षकों को एकेडमिक समय सारणी का इंतजार है। इस आधार पर सत्र शुरू होगा।

लैब व लाइब्रेरी में अधिक से अधिक छात्रों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी तैयारी पूरी की जा रही हैं। दूसरी तरफ छह अन्य नए मेडिकल कॉलेज जिन्हें अभी अधिकारिक रूप से सत्र शुरू करने की मान्यता नहीं मिली है, केक लिए केन्द्रीय चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय से दोबारा अपील की गई है। मान्यता मिलने की उम्मीद में चंदौली, गोंडा, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, औरैया और कौशांबी के मेडिकल कॉलेजों में भी तैयारियों जोरों पर हैं।

#### साइबर कैफे और फोटो कॉपी की दुकानों पर होगी निगरानी

**लखनऊ।** नीट परीक्षा 2024 रविवार को 14 जिलों में 27 केंद्रों पर आयोजित होगी। इसे लेकर पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। फोटो कॉपी की दुकानों और साइबर कैफे पर एसटीएफ निगरानी रख रही है। डीजीपी मुख्यालय ने पूरे दिन सभी केंद्रों से लगातार पल-पल की रिपोर्ट लेने की तैयारी की है। नीट परीक्षा दो पालियों में होगी। इसमें कुल 22 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। शुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए एसटीएफ व स्थानीय पुलिस टीम को सक्रिय कर दिया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने निर्देशित किया है कि केंद्रों के आस-पास और जिले के सभी फोटो कॉपी की दुकानों व साइबर कैफे पर निगरानी की जाए।

## जेलों में संवैधानिक स्वतंत्रता का प्रकाश पहुंचाएं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्धन और असहाय कैदियों के लिए कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के मामले में दिशा निर्देश देते हुए कहा कि देश आजादी के अमृत काल का जश्न मना रहा है। भारतीय नागरिकों का एक वर्ग ऐसा है जो जेलों की अंधेरी दीवारों में गुमनाम जीवन जी रहा है, जहां संवैधानिक स्वतंत्रता का प्रकाश प्रवेश नहीं कर पाता है।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि कानूनी सहायता की कमी विशेष रूप से गरीब और हाशिए पर पड़े कैदियों के लिए अक्सर लंबे समय तक हिरासत में रखने और उन्हें स्वतंत्रता से वंचित करने का कारण बनती है। इस मुद्दे को कोर्ट के समक्ष लगातार समय-समय पर उजागर भी किया गया है, लेकिन ज्ञान न होने के कारण ऐसे जरूरतमंद आरोपियों को समय पर कानूनी सहायता नहीं मिल पाती है।

कोर्ट ने आगे यह भी स्पष्ट किया कि समय पर जमानत आवेदन दाखिल न करने से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कानूनी सहायता न मिलने के कारण कैदी जमानत के लिए उचित समय पर कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सका। ऐसी स्थिति में ट्रायल कोर्ट/मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जेल अधिकारियों का दायित्व है कि वह ट्रिगर इवेंट पर प्रत्येक कैदी की कानूनी सहायता की आवश्यकता को सक्रियतापूर्वक जांचें। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने रामू व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। कोर्ट ने अपने 90 पृष्ठ के आदेश में कैदियों के जमानत मांगने के अधिकार और कानूनी सहायता पाने के अधिकार के विभिन्न पहलुओं का सारांश दिया।

## अमौसी एयरपोर्ट पर फर्जी पासपोर्ट पर सफर करने वाला बांग्लादेशी गिरफ्तार

**लखनऊ/सरोजनीनगर।** अमौसी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर फर्जी पासपोर्ट के साथ शुक्रवार को बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार किया गया है। वह फर्जी पासपोर्ट पर बैंकॉक की यात्रा करने जा रहा था। इमीग्रेशन अधिकारी ने यात्री को पकड़ने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने इमीग्रेशन अधिकारी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर लिया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तैनात कनिष्ठ इमीग्रेशन अधिकारी राकेश कुमार यादव के मुताबिक शुक्रवार को लखनऊ से बैंकॉक (थाईलैंड) जाने वाली फ्लाइट (एफडी 147) के यात्रियों को लेकर एयरपोर्ट के टर्मिनल- 3 में प्रस्थान इमिग्रेशन काउंटर पर क्लियरेंस जांच की जा रही थी। तभी एक यात्री ने पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में रहने वाले सिंगुर थाना अंतर्गत रथताला निवासी आशीष राय के नाम से पासपोर्ट और आधार कार्ड प्रस्तुत किया। जब इसकी जांच की गई तो संदेह हुआ। इमीग्रेशन अधिकारी ने उससे पूछताछ शुरू की। पता चला कि आशीष राय मूल रूप से बांग्लादेश के शिलघाटा, छोपाछारी, सतकानिआ, चट्टोग्राम निवासी शिमुल बरुआ है। उसने फर्जी दस्तावेज पर पश्चिम बंगाल से आधार कार्ड व पासपोर्ट बनवा लिया। इसी पर वह शुक्रवार को टूरिस्ट वीजा हासिल कर लखनऊ से बैंकॉक जा रहा था। इमीग्रेशन अधिकारियों ने जांच पड़ताल की तो उसके पास से बांग्लादेश का पासपोर्ट भी बरामद हुआ।

## एससी-एसटी आरक्षण पर भाजपा की नीयत ठीक नहीं:मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि एससी-एसटी आरक्षण पर भाजपा की नीयत ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि आरक्षण में उप वर्गीकरण के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निष्प्रभावी करने के लिए केंद्र सरकार को तत्काल संविधान संशोधन विधेयक लाना चाहिए था, पर ऐसा नहीं किया गया। संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। बसपा प्रमुख शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कोर्ट के आदेश को निष्प्रभावी करने के लिए कुछ समय के लिए फिर संसद की बैठक बुलाकर संशोधन विधेयक पेश करे। उन्होंने कांग्रेस व सपा की ओर संकेत करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान बचाने का नारा देने वाले इन दलों का रवैया भी ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से ये दल चुप्पी साधे हुए हैं।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से सीआरपीएफ जवान की मौत

**इटावा, एजेंसी:** जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। भरथना थाने के प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे पाली खुर्द गांव निवासी सीआरपीएफ जवान जबर सिंह (35) अपने खेत से घर लौट रहे थे तभी वह रेलवे पटरी पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आ गए।


## वर्ग पहेली-158

**बाएं से दाएं**

4. जागने की क्रिया
6. 1. राजा का दरबार 2. राजओं का सभागृह।
7. 1. धार्मिक 2. मंगलकारी, शुभ 3. उपयोगी, उपयुक्त 4. समृद्ध 5. प्रसन्न।
9. 1. एक प्रकार का पत्थर या उपकरण जिसपर रगड़कर अस्त्रों आदि की धार तेज की जाती है 2. कसौटी नाम का एक पत्थर 3. चार माशे की एक तौल 4. सन के रेशे से बना वस्त्र, भंगरा 5. करपत्र, आरा।

**ऊपर से नीचे**

1. एक घुमंतू तथा ख़ानाबदोश जाति जो लोहे के औज़ार
2. (काव्यशास्त्र) किसी अवस्था विशेष के उत्पन्न होने पर उसके साथ तादात्म्य स्थापित हो जाना, एकात्मता, सामान्यीकरण, व्यापकीकरण।
3. 1. जो अपने में ही खोया रहता हो 2. आत्मकेंद्रित, अंतर्मनस्क।
5. हाथी के माथे पर दोनों ओर के उठे हुए भाग या हाथी के मस्तक का उभार।
8. 1. साधु-संतों के सिर के लंबे-उलझे बाल या जटा 2. कलंगी, शिखा, जूड़ा 3. शेर की गरदन के बाल, अयाल 4. सुअर के बाल 5. कबरी।



### वर्ग पहेली -157 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | भी | क | भी | | |
| | | | | 2 सू | 3 म |
| | | | 4 ता | | ज़ा |
| 5 आ | धि | 6 क | र | णि | क |
| कं | | 7 ठ | क | | प |
| पि | | जी | | | सं |
| त | | वी | | 8 ख़ु | द |

## सुडोकू -71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 4 | | 2 | |
| 8 | | 6 | | | 3 | 4 | | |
| | | | 8 | 6 | 7 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 5 | 8 | |
| | 2 | | 3 | | 6 | | 1 | |
| | 4 | 1 | | 5 | | | | |
| 3 | | | 6 | 7 | 5 | | | |
| | | 5 | 4 | | | 9 | | 7 |
| | 6 | | 1 | | | 2 | | |

### सुडोकू -70 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 2 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 |
| 7 | 4 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 5 | 2 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 6 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 5 |

# हर घर तिरंगा अभियान को शासन ने तय किए 8 कार्यक्रम

### मुख्य सचिव ने शनिवार को डीएम-कमिश्नर से लेकर शासन के शीर्ष अधिकारियों को भेजा आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** हर घर तिरंगा अभियान के दौरान तिरंगा यात्राएं, रैली, मैराथन, संगीत, कैनवास, सेल्फी, प्रतिज्ञा-कृतज्ञता के बीच आजादी का जश्न मनेगा। यह आदेश मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को जारी किया है।

सभी जिलाधिकारी, मंडलायुक्त समेत शासन के शीर्ष अधिकारी 13 से 15 अगस्त तक आठ प्रमुख कार्यक्रमों के जरिए घर-घर तिंरगा अभियान संचालित करेंगे। मुख्य सचिव ने शासनादेश में निर्देश दिया है कि तिरंगा यात्राएं आंदोलन का प्रमुख हिस्सा होगी। यह यात्रा जिलास्तर पर निकाली जाएगी। दूसरा आयोजन विभिन्न समूहों, युवाओं, राज्यों के प्रतिनिधियों के जरिए तिरंगे की भावना के समर्पित बाइक, साइकिल और कार रैली आयोजित होगी। स्वतंत्रता दिवस से पहले तिरंगा दौड़ और मैराथन होगा। तिरंगा संगीत कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय गौरव का जश्न तिरंगा गान, देशभक्ति के गीत और सांस्कृतिक आयोजनों से परिपूर्ण होगा। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि तिरंगा कैनवास के तहत राष्ट्रीय ध्वज (3:2) के समान अनुपात में डिजाइन किया जाएगा। इसके अलावा तिरंगा प्रतिज्ञा सभी कार्यक्रमों का हिस्सा होगा, जो लोगों को तिरंगे झंडे के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने के लिए प्रोत्साहित करेगा। निर्देश दिया कि कार्यक्रम में तिरंगा सेल्फी के तहत वेबसाइट (harghartiranga.com) पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। तिरंगा कृतज्ञता के तहत कृतज्ञ राष्ट की ओर से स्थानीय कार्यक्रमों में वीरों और स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवार को याद किया जाएगा, सम्मानित किया जाएगा और अभिनंदन किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने आदेश दिया है कि कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्रीगण, राज्य के मंत्रीगण, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि को आमंत्रित भी किया जाए।

#### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की गाइडलाइन जारी


मुख्य सचिव ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने को लेकर शनिवार को शासनादेश जारी किया है। उन्होंने देश के बंटवारे का दर्द बयां करते हुए निर्देश दिया है कि लखनऊ समेत सभी 75 जिलों में कार्यक्रम आयोजित होंगे, इसमें विस्तापित परिवारों के सदस्यों को आमंत्रित करके प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों की याद में मौन श्रद्धांजलि दी जाएगी। तय स्थानों पर इससे जुड़ी प्रदर्शनी होगी। कार्यक्रम में सिंधी काउसिंल आफ इंडिया, उप्र सिंधी सभा, उप्र सिंधी अकादमी, सनातनी पंजाबी महासभा आदि का सहयोग भी लिया जाए।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अगस्त रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 05.44 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 05.49 तक तत्पश्चात स्वाती।


मेष
आज आपकी आय में वृद्धि होगी। नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। समाज में आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा। परिवार में विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है।


वृष
आज समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। गूढ़ विषयों का अध्ययन करने में रुचि जागृत होगी। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। विरोधियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले सकते हैं।


मिथुन
आज सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा। छोटे मोटे तनावों को अपने ऊपर हावी न होने दें। विद्यार्थी कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपके सलाह से लोगों को लाभ होगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे।


कर्क
आज व्यापार में नया प्रयोग करेंगे। परोपकार में धन खर्च करेंगे। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अपनी क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करें। मित्र आपसे मिलने घर आ सकते हैं।


सिंह
आज सरकारी कार्यों में आपको उत्तम लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद सौंपा जा सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पलों का आनंद उठाएंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय होने की संभावना है।


कन्या
आज अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान हो सकता है। परिजनों के साथ संवाद बनाकर रखें। जीवन में उन्नति के नए अवसर बनेंगे। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।


तुला
आज मनोनुकूल काम होने से आप प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। आपके सहयोगियों की संख्या में वृद्धि होगी। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।


वृश्चिक
आज आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी महसूस होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। निरर्थक कार्यों में समय बर्बाद होगा।


धनु
आज अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आय की स्थिति मजबूत रहेगी। परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार आएगा।


मकर
आज काम करने के तरीके में बदलाव ला सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापारिक उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे। स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार होगा।


कुंभ
आज उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। कोई महत्वपूर्ण काम पूर्ण हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से ज्यादा बहसबाजी न करें। पुराने मामले उभरने की आशंका है। उधार दिया हुआ धन अटक सकता है।


मीन
आज शत्रु पक्ष को कमजोर आंकने की गलती न करें। बच्चों की परेशानियों को समझें। स्वास्थ्य कमजोर रहने वाला है। पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय जीवनसाथी के साथ डिनर के लिए जा सकते हैं। घर में साफ-सफाई का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मफिया राज
सुबह : 09.00
घायल वन्स अगेन
रात : 09.00

&pictures
ड्रीम गर्ल
सुबह : 11.14
डॉक्टर जी
रात : 08.00

SONY PIX
ओलिम्पस हेज फॉलेन
सुबह : 11.37
65
रात : 09.00

ZEE CINEMA
हम आपके हैं कौन
दोपहर : 01.13
स्कंदा
रात : 08.00

colors CINEPLEX
स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2
सुबह : 11.20
युद्ध
रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

# क्रीमी लेयर मामला: संसद के जरिए करना चाहिए था रद

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एससी/एसटी के अंदर उप-वर्गीकरण संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के प्रति विरोध जताया

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा पर कांग्रेस नेता ने आरक्षण खत्म करने के प्रयास का आरोप लगाया
- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- जब तक छुआछूत है, तब तक आरक्षण रहना चाहिए

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अंदर उप-वर्गीकरण और क्रीमी लेयर संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के प्रति विरोध जताते हुए शनिवार को कहा कि सरकार को यह निर्णय आते ही इसे संसद के माध्यम से निरस्त करना चाहिए था। उन्होंने भाजपा पर आरक्षण खत्म करने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि किसी को क्रीमी लेयर के फैसले को मान्यता नहीं देना चाहिए तथा जब तक छुआछूत है, तब तक आरक्षण रहना चाहिए।

खरगे ने कहा कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के सात न्यायाधीशों ने फैसला दिया है, जिसमें उन्होंने एससी-एसटी वर्ग के उप-वर्गीकरण के साथ ही क्रीमी लेयर की भी बात की है। भारत में दलित समुदाय के लिए आरक्षण बाबासाहेब के पूना पैक्ट से मिला था। बाद में पंडित जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी ने आरक्षण नीति को जारी रखा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक आरक्षण के साथ ही शिक्षा और रोजगार में भी आरक्षण जरूरी था, लेकिन अब एससी-एसटी को क्रीमी लेयर कहकर आरक्षण से निकालना, उनके ऊपर प्रहार है।

खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा का इरादा आरक्षण खत्म करने का है। उन्होंने कहा कि आज सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी हाथों में सौंपकर सरकारी नौकरी और आरक्षण खत्म किया जा रहा है। एक तरफ देश में लाखों सरकारी नौकरियां हैं, जिनमें भर्तियां नहीं की जा रही हैं, दूसरी तरफ आप क्रीमी लेयर लाकर दलित समाज को कुचल रहे हैं। मैं इसका विरोध करता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार, एसटी-एसटी का जो मुद्दा उठा है, उसमें दलितों-वंचितों के बारे में नहीं सोचा गया। उन्होंने कहा कि जब तक देश में छुआछूत है, तब तक आरक्षण रहना चाहिए और रहेगा। उसके लिए हम लड़ते रहेंगे। मेरी अपील है कि सभी मिलकर इस फैसले को मान्यता न दें।

### केंद्र सरकार के निर्देशों में राष्ट्रीय आपदा जैसी कोई अवधारणा नहीं

- राहुल गांधी भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की कर रहे हैं मांग

**नई दिल्ली।** सरकारी सूत्रों ने कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के मंत्री द्वारा 2013 में संसद में दिए जवाब का हवाला देते हुए शनिवार को इस बात पर बल दिया कि केंद्र सरकार के निर्देशों में राष्ट्रीय आपदा जैसी कोई अवधारणा मौजूद नहीं है। यह स्पष्टीकरण ऐसे वक्त में आया है जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा अन्य नेता केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि तत्कालीन गृह राज्य मंत्री एवं केरल से कांग्रेस सांसद मुल्लापल्ली रामचंद्रन ने 2013 में लोकसभा में कहा था कि प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का कोई प्रावधान नहीं है। उत्तर में कहा गया था कि भारत सरकार कई स्थितियों के आधार पर यह तय करती है कि आपदा की प्रकृति क्या है जिसमें इसकी तीव्रता, राहत सहायता का स्तर, समस्या से निपटने में राज्य सरकार की क्षमता और सहायता तथा राहत प्रदान करने के लिए योजना में उपलब्ध विकल्प आदि को ध्यान में रखा जाता है। प्राकृतिक आपदा के संदर्भ में राहत और सहायता देना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा था कि तो कोई मानदंड नहीं है। गंभीर प्रकृति आपदा के लिए, स्थापित प्रक्रिया का पालन करने के बाद एनडीआरएफ से अतिरिक्त सहायता पर भी विचार किया जाता है।

# लोगों को तानाशाही के खिलाफ लड़ना होगा : सिसोदिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- आप नेता ने कहा- ये लोग संविधान से ज्यादा ताकतवर नहीं
- सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में कल मिली है जमानत

आप नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कार्यकर्ताओं और लोगों से तानाशाही के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया। दिल्ली आबकारी नीति मामले में सिसोदिया को कल सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग संविधान से ज्यादा ताकतवर नहीं हैं।

सिसोदिया ने पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से कहा कि हर व्यक्ति को इस तानाशाही के खिलाफ लड़ना होगा जो न केवल नेताओं को जेल में डाल रही है बल्कि नागरिकों को भी परेशान कर रही है। आप नेता ने दावा किया कि जब वह जेल में थे तो उन्हें जमानत मिलने की चिंता नहीं थी लेकिन उन्हें यह देखकर पीड़ा हुई कि व्यापारियों को फर्जी मामलों में सलाखों के पीछे डाला दिया गया है वो भी सिर्फ इसलिए कि उन्होंने भाजपा को चंदा नहीं दिया। सिसोदिया ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जिक्र किया और उन्हें देश में ईमानदारी का प्रतीक करार दिया। सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल के काम को बदनाम करने की साजिशें रची जा रही हैं और अगर विपक्ष के नेता इस तानाशाही के खिलाफ एकजुट हो जाएं तो केजरीवाल 24 घंटे में जेल से बाहर आ जाएंगे। सिसोदिया ने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की शक्ति का इस्तेमाल कर तानाशाही को कुचल दिया। उन्हें उम्मीद थी कि सात-आठ महीने में न्याय मिल जाएगा लेकिन 17 महीने लग गए, अंततः सत्य की जीत हुई।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ : हाथी के हमले में चार लोगों की मौत

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में जंगली हाथी के हमले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत चार लोगों की मौत हो गई। बगीचा गांव में जंगली हाथी के हमले में रामकेश्वर सोनी (35), उसकी बेटी रवीता सोनी (नौ), भाई अजय सोनी (25) और पड़ोसी अश्विन कुजूर (28) की मौत हो गई। शुक्रवार रात जंगली हाथी ने बगीचा गांव में हमला किया और रामकेश्वर और उसकी बेटी रवीता को मार डाला। दोनों की चीख सुनकर अजय व अश्विन वहां पहुंचे, हाथी ने उनको भी कुचल दिया।

### शेयर कारोबार का झांसा देकर 65 लाख ठगे

**ठाणे।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई के कलामबोली में तीन लोगों ने शेयर कारोबार में अच्छे लाभ का झांसा देकर एक व्यक्ति से 65 लाख रुपये ठग लिये। नवी मुंबई के साइबर थाने के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने बताया कि मामले में एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### दुर्घटना में सिपाही की मौत, एएसपी घायल

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शनिवार को एक खड़े वाहन को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपमंडल अधिकारी (एसडीओपी) शेखर दुबे ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर घाटीगांव में सुबह करीब तीन बजे हुई।

## सुप्रीम कोर्ट में कविता की जमानत पर कल सुनवाई

**आबकारी नीति मामला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बीआरएस नेता के. कविता की कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर 12 अगस्त (कल) को सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट ने एक जुलाई को दोनों मामलों में कविता की जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि बीआरएस नेता दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 (अब रद्द कर दी गई) को बनाने और उसे लागू करने से संबंधित आपराधिक साजिश में प्रथम दृष्टया मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक हैं। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड 12 अगस्त की वाद सूची के मुताबिक, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

## गडकरी ने पंजाब सरकार से कहा- व्यवस्था सुधारें नहीं तो बंद कर देंगे परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्यमंत्री मान को केंद्रीय मंत्री ने लिखा पत्र आठ परियोजनाओं की लागत 14,288 करोड़

पंजाब में अगर कानून-व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो एनएचएआई के पास राज्य की आठ राजमार्ग परियोजनाओं को रद या बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखे पत्र में यह चेतावनी दी है। इस परियोजनाओं की कुल लंबाई 293 किलोमीटर है और लागत 14,288 करोड़ है।

गडकरी ने कहा कि उन्हें दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं पर हाल में हुई दो घटनाओं की जानकारी दी गई है। उन्होंने नौ अगस्त को लिखे पत्र में कहा कि जालंधर जिले में एक घटना में ठेकेदार के इंजीनियर पर बेरहमी से हमला किया गया। हालांकि, एफआईआर दर्ज हुई है, लेकिन अपराधियों पर कार्रवाई की जरूरत है। मंत्री ने लुधियाना में एक और घटना की ओर इशारा किया, जहां दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के ठेकेदार के परियोजना कैंप पर उपद्रवियों ने हमला किया और इंजीनियरों को धमकी दी। इस घटना में एनएचएआई अधिकारियों के लिखित अनुरोध के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं हुआ। गडकरी ने कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो 14,288 करोड़ की लागत वाली आठ परियोजनाओं को बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।





**नई दिल्ली।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार का दिन बहुत व्यस्त रहा। शनिवार को राज्यपाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को झारखंड की पारंपरिक डोकरा कला की पेंटिंग एवं हस्तनिर्मित शॉल भेंट की। मुख्यमंत्री ने भी राज्यपाल को श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट की। संतोष गंगवार ने योगी को झारखंड राजभवन आने का न्योता दिया। वहीं संतोष गंगवार ने दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। शनिवार को ही दिल्ली हवाई अड्डे पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात भी की।

## लापता महिला 18 साल बाद मिली बोली- पति की क्रूरता पर उसे छोड़ा

जबलपुर, एजेंसी

- मप्र हाईकोर्ट ने पति पर जानकारी के बावजूद याचिका के लिए लगा जुर्माना

18 साल पहले लापता हुई 50 वर्षीय महिला ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को बताया कि वह पति के क्रूरता पर उसे छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद कोर्ट ने उसके पति पर जानकारी के बावजूद याचिका के लिए जुर्माना लगाया।

महिला ने बुधवार को कोर्ट को बताया कि उसे जान बचाने के लिए 2006 में दो बेटों के साथ घर छोड़ना पड़ा था। महिला के पति नंदकिशोर राहंगडाले ने पुलिस को उसकी पत्नी को खोजने का निर्देश देने का अनुरोध करते हुए याचिका दायर की थी, जिसमें दावा था कि महिला और उसके दो बेटे, 18 अप्रैल 2006 को बालाघाट जिले के खरपड़िया गांव से लापता हो गए थे। कोर्ट ने पुलिस को आदेश दिया, जिसके बाद बालाघाट एसपी समीर सौरभ ने महिला को खोज निकाला। महिला को जबलपुर में हाईकोर्ट में पेश किया गया। महिला ने बताया कि वह इसलिए घर छोड़कर गई थी क्योंकि उसका पति उसे और बच्चों को पीटता था। भागने के बाद उसके छोटे बेटे मुकुंद की मौत हो गई। न्यायमूर्ति विशाल धगत ने सात अगस्त को सुनाए आदेश में कहा कि महिला ने बताया कि उसका पति उसे और बेटों को पीटता था, इसलिए उसने घर छोड़ दिया। महिला के बयान के बाद याचिका को 10,000 रुपये जुर्माने के साथ खारिज किया जाता है।

## लंबित मामलों के निदान को अदालतों में बुनियादी ढांचा मजबूत करने की जरूरत : सीजेआई

चंडीगढ़, एजेंसी



- मुकदमों की संख्या कम करने के लिए लोक अदालत जैसे माध्यम अपनाए जाएं

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने लंबित मामलों से निपटने के लिए अदालतों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर शनिवार को जोर दिया। मुकदमों की संख्या कम करने के लिए लोक अदालत जैसे माध्यम अपनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए अदालती फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने को लेकर कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीजेआई यहां स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) के 37वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। लंबित मुकदमों के बारे में पूछे गए एक सवाल पर प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि अस्पतालों की तरह लोगों का अदालतों पर भी विश्वास है, जो मामलों की संख्या में वृद्धि का एक कारण है।

सीजेआई ने कहा कि अगर आप अस्पताल को देखें तो मरीजों की संख्या बढ़ती रहती है, इसी तरह अदालतों में भी मामलों की संख्या बढ़ती है। इसके पीछे क्या कारण है? लोगों का अस्पतालों पर विश्वास होता है, इसलिए मरीजों की संख्या बढ़ती है। लोगों का अदालतों पर भरोसा होता है, इसलिए संख्या बढ़ती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें बुनियादी ढांचे को बढ़ाना होगा।

## 50,000 से अधिक वार्षिक आय वालों को नहीं मिलेगा मुफ्त पानी

- ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 100 रुपये का करना होगा भुगतान

**शिमला।** हिमाचल के ग्रामीण क्षेत्रों में अब सभी लोगों को मुफ्त पानी की सुविधा नहीं मिलेगी। राज्य सरकार के नए फैसले के तहत 50,000 रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 100 रुपये का भुगतान करना होगा। इसके अलावा, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी किलोलीटर के हिसाब से भुगतान करना होगा। मंत्रिमंडल ने राजस्व बढ़ाने और रियायतों में कमी करने के लिए यह निर्णय लिया। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जलापूर्ति के लिए बिल जारी करने का भी निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि 50 हजार से अधिक वार्षिक आय वालों को पानी के लिए 100 रुपये प्रतिमाह का भुगतान करना होगा, जबकि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से प्रति किलोलीटर के हिसाब से शुल्क लिया जाएगा।

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2060, राज श्री 1395, फॉर्चून कि. 1710, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1560, जय जवान 1495, सचिन 1525, सूरज 1520, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी ली 1510, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1640, चक्र टिन 1875, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2030 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल- (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8050, दाल चना 8650, लाल हिंदुस्तान 8750, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9500, चना अकोला 8400, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 15000, अरहर कोरा मोटा 15400, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16600 । चीनी-डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4080, बहेड़ी 4100 ।

### सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72100 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71100 |
| सिल्वर (पक्की) | 818 (अनुमानित) |

# बैंक जमा जुटाने को आकर्षक योजनाएं लाएं: सीतारमण

## वित्तमंत्री बोलीं- बैंकों को अपने मुख्य कारोबार जमा प्राप्त करने और कर्ज देने पर देना चाहिए ध्यान

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बैंकों से अपने मुख्य कामकाज पर ध्यान देने और जमा के लिए नई और आकर्षक योजनाएं लाने को कहा। उन्होंने कहा कि घरेलू बचत तेजी से अन्य निवेश उत्पादों में जा रहे हैं, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सीतारमण ने केंद्रीय निदेशक मंडल की 609वीं बैठक के मौके पर निदेशक मंडल के सदस्यों को संबोधित किया। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई और सरकार, दोनों बैंकों से अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देने को कह रहे हैं... उन्हें जमा प्राप्त करने और कर्ज देने पर ध्यान देना चाहिए।

वित्त मंत्री परंपरागत रूप से बजट बाद आरबीआई के निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करती हैं। उन्होंने कहा कि कर्ज और जमा वृद्धि में अंतर है, ऐसे में बैंकों को जमा प्राप्त करने पर ध्यान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई ने उन्हें ब्याज दर के प्रबंधन में कुछ स्वतंत्रता दी है। उस स्वतंत्रता का उपयोग करते हुए, उन्हें जमा को आकर्षक बनाना चाहिए। नये-नये उत्पाद लाने चाहिए और जमा जुटाना चाहिए। उन्होंने बैंक अधिकारियों



रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक के दौरान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

- सीतारमण ने कहा- घरेलू बचत तेजी से अन्य निवेश उत्पादों में जा रहे हैं, इस पर ध्यान देने की जरूरत


से बड़े या थोक जमा के बजाय छोटे बचतकर्ताओं पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा कि हम जमा और कर्ज वृद्धि के बीच तीन से चार प्रतिशत का अंतर देख रहे हैं। इसमें जमा कम है। कर्ज अब डिजिटल रूप से दिया जा रहा है, जबकि जमा के साथ ऐसा नहीं है और यह महत्वपूर्ण बदलाव है। इसीलिए बैंकों को जमा प्राप्त करने के लिए अनूठे उत्पाद पर ध्यान देना चाहिए। दास कहा कि कर्ज और जमा का अनुपात बढ़ा है। कासा (चालू और बचत खाता) जमा, कुल जमा का घटकर 39 प्रतिशत पर आ गया है जो एक साल पहले 43 प्रतिशत था। दूसरी तरफ कर्ज बढ़ा है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है और नहीं दिया तो नकदी प्रबंधन की समस्या हो सकती है। दास ने कहा कि ब्याज दरें नियंत्रण मुक्त हैं और बैंक प्रायः पैसा जुटाने के लिए जमा दरें बढ़ाते हैं।

### देश के बैंकों में नकदी प्रबंधन की हो सकती है समस्या : दास

आरबीआई गवर्नर ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए बैंक क्षेत्र में जमा-कर्ज के बीच अंतर पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि बैंक कर्ज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अल्पकालिक गैर-खुदरा जमा और देनदारी के अन्य साधनों का अधिक सहारा ले रहे हैं। दास ने आगाह किया कि बैंकों में नकदी प्रबंधन की समस्या हो सकती है। बैंक नवीन उत्पादों और सेवा पेशकशों और घरेलू वित्तीय बचत जुटाने पर ध्यान दें। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव टीवी सोमनाथन, आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन सचिव तुहिन कांत पांडेय मौजूद थे।

# चीनी मिल एथनॉल के कच्चे माल में विविधता ले आएं : अमित शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- एनएफसीएसएफ के कार्यक्रम में शाह ने कहा- 20% एथनॉल मिश्रण का 2030 रखा गया है लक्ष्य

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को चीनी मिलों से एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने का विकल्प तलाशने को कहा और जैव ईंधन विनिर्माण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) के कार्यक्रम में शाह ने कहा कि 20% एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य 2030 रखा गया है। हम 2025-26 में इसे हासिल कर लेंगे।

मंत्री ने कहा कि सरकार के एथनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम से कच्चे तेल के आयात बिल को कम करने और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करने में मदद मिली है। शाह ने चीनी मिलों के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। शाह ने सहकारी चीनी मिलों से आग्रह किया कि वे रूढ़िवादी दृष्टिकोण त्यागें और मक्का तथा बांस जैसे वैकल्पिक कच्चे माल का उपयोग करें। मिश्रण के लिए 1,000 करोड़ लीटर एथनॉल की आवश्यकता है और इसको प्राप्त करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा मौजूद है। उन्होंने चीनी मिलों के आधुनिकीकरण और नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की स्थापना के बाद संभावित निर्यात अवसरों का हवाला दिया।

मंत्री ने एनएफसीएसएफ को परिचालन का विस्तार करने तथा महासंघ को एक वर्ष में चार राज्यों के हर तीन जिलों में एक सहकारी चीनी मिल स्थापित करने का सुझाव दिया। शाह ने घाटे में चल रही सहकारी समितियों के मार्गदर्शन के लिए पेशेवरों की नियुक्ति तथा दो वर्षों में कारोबार को 25% बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करने की भी सलाह दी।

## खाद्य बाजार के 47% बढ़कर 1,274 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

चेन्नई, एजेंसी



घरेलू खाद्य बाजार के 2027 तक 47 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,274 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की रिपोर्ट में यह बात कही गई।

डैनफॉस इंडिया के सहयोग से तैयार रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में अत्याधुनिक तकनीक के साथ नवाचारी स्टार्टअप उभर रहे हैं। भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र - दक्षिणी राज्यों के लिए संभावनाएं शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु भारत के प्रसंस्कृत फलों, जूस और मेवों के निर्यात में सबसे आगे है। राज्य की मात्रा के हिसाब से 33% और मूल्य के हिसाब से 27% हिस्सेदारी है। अध्ययन में उभरते रुझानों, प्रौद्योगिकियों और निर्यात अवसरों के बारे में विचार किया गया है। सीआईआई नेशनल काउंसिल फॉर कोल्ड चेन एंड एग्री लॉजिस्टिक्स के चेयरमैन रविचंद्रन पुरुषोत्तमन ने कहा कि इस वृद्धि को गति देने में प्रौद्योगिकी अग्रणी भूमिका निभाएगी।

## मालदीव में भारत शुरू करेगा यूपीआई सेवा

**माले।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और मालदीव ने यहां एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि इस समझौते का मालदीव के पर्यटन क्षेत्र पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जयशंकर की तीन दिवसीय आधिकारिक मालदीव यात्रा के दौरान शुक्रवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने एक्स पर कहा कि मालदीव में (ए) डिजिटल भुगतान प्रणाली की शुरुआत पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और मालदीव के आर्थिक विकास और व्यापार मंत्रालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

# आईएफएससी से चर्चा, जल्द शुरू होगा हरित बॉण्ड कारोबार : आरबीआई गवर्नर

नई दिल्ली, एजेंसी



- सरकार ने बॉण्ड से दो साल में कुल 36,000 करोड़ रुपये जुटाए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शनिवार को कहा कि गुजरात स्थित अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सरकारी हरित बॉण्ड कारोबार शुरू हो सकता है। दास ने कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) के साथ चर्चा कर रहे हैं। इसे जल्द चालू किया जाएगा। मुझे लगता है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में यह शुरू हो जाएगा।

आरबीआई ने घोषणा की थी कि वह गिफ्ट सिटी में सरकारी हरित बॉण्ड के कारोबार को सुगम बनाने के लिए रूपरेखा जारी करेगा। सरकार 2022-23 से ग्रीन यानी हरित बॉण्ड के माध्यम से धन जुटा रही है और पिछले दो साल में कुल 36,000 करोड़ जुटाए गए हैं। सरकार ने हरित बॉण्ड से सितंबर में समाप्त होने वाली पहली छमाही में अबतक 1,697 करोड़ रुपये जुटाए हैं। जबकि 12,000 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखा था। इसका कारण अनुकूल बोलियां नहीं मिलना है।

हरित बॉण्ड को लेकर निवेशकों की धीमी प्रतिक्रिया पर दास ने कहा कि सरकार के कर्ज प्रबंधक के रूप में हम इस पर नजर रखते हैं कि वास्तव में क्या हो रहा है और अगर कुछ करने की जरूरत है तो हम सरकार के साथ बातचीत करेंगे और इससे निपटेंगे। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में एक बड़ी घोषणा जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए जलवायु वित्तपोषण को लेकर टैक्सोनॉमी विकसित करने के बारे में है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसका हरित क्षेत्र के लिए धन जुटाने को लेकर महत्वपूर्ण दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। न केवल हरित बॉण्ड से बल्कि हरित क्षेत्र के समग्र वित्तपोषण पर इसका असर होगा।






# पेरिस ओलंपिक 2024





## खेल डायरी

### इथियोपिया के टमिरेट ने पुरूषों की मैराथन जीती




पेरिस। इथियोपियाई धावक तामिरत टोला ने शनिवार को यहां पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की मैराथन जीतकर कीनिया का दबदबा खत्म किया। टोला ने दो घंटे, छह मिनट, 26 सेकेंड का समय निकालकर ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया जबकि बेल्जियम के बशीर अब्दी 21 सेकंड पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे। कीनिया के बेनसन किप्रूतो 34 सेकंड पीछे कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। दो बार के गत विजेता एलियुड किपचोगे पूरे समय संघर्ष करते रहे और टोला से आठ से ज्यादा मिनट पीछे रहे। पुरुष वर्ग की मैराथन जीतने वाले पिछले गैर कीनियाई एथलीट युगांडा के स्टीफन किप्रोटिच थे जिन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में पहला स्थान हासिल किया था।

### केशव महाराज ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर भेजा

पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)। केशव महाराज के तीन विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर कर बारिश से प्रभावित पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना पलड़ा भारी रखा। वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 145 रन बनाए हैं और वह अभी दक्षिण अफ्रीका से 212 रन पीछे है। दक्षिण अफ्रीका ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 344 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 357 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय एक विकेट पर 114 रन था लेकिन लगातार 28 ओवर करने वाले महाराज ने कीसी कार्टी और एलिक अथानाजे के विकेट लिए जिससे स्कोर चार विकेट पर 124 रन हो गया। महाराज ने अभी तक 45 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय जैसन होल्डर 13 और कावेम हॉज 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की तरफ से कार्टी ने सर्वाधिक 42 रन बनाए।

### शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गाफ नेशनल बैंक ओपन से बाहर



टोरंटो। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गाफ 14वीं वरीयता प्राप्त डायना स्नाइडेर से 6-4, 6-1 से हारकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस से बाहर हो गईं। स्नाइडेर का सामना अब छठी वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा से होगा जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6-2, 6-4 से मात दी थी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कैटी बूल्टर को 6-3, 6-3 से हराया। गत चैंपियन जेसिका पेगुला ने क्वालीफायर एशलिन क्रूगर को 6-2, 6-4 से मात दी। अब उनका सामना पेटोन स्टीयर्न्स से होगा जो विक्टोरिया अजारेंका के जांघ में चोट के कारण कोर्ट छोड़ने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। टेलर टाउंसेंड ने चौथी वरीयता प्राप्त येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-1 से हराया। वहीं एम्मा नवारो ने मार्टा कोस्टियुक को 7-5, 7-5 से हराया।

### प्री क्वालीफायर में 'फ्री अफगान वूमेन' के नारे वाली पोशाक पर अफगानिस्तान की ब्रेक डांसर अयोग्य घोषित

पेरिस। अफगानिस्तान के रहने वाली और ओलंपिक में शरणार्थी टीम की तरफ से भाग ले रही ब्रेक डांसर मनिझा तलाश को शुक्रवार को अयोग्य घोषित कर दिया क्योंकि उन्होंने प्री क्वालीफायर के दौरान फ्री अफगान वूमेन (अफगानिस्तान की महिलाओं को आजादी दो) के नारे वाली पोशाक पहन रखी थी। यह 21 वर्षीय ब्रेक डांसर अगर अयोग्य घोषित नहीं भी की जाती तब भी आगे नहीं बढ़ पाती क्योंकि वह भारत की ब्रेक डांसर सार्डजो से हार गई थी। सार्डजो को बी-गर्ल इंडिया के नाम से जाना जाता है। ओलंपिक में खेल के मैदान और पोडियम पर राजनीतिक बयानों और नारों पर प्रतिबंध है। वर्ल्ड डांसस्पोर्ट फेडरेशन ने बाद में एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि प्री-क्वालीफायर मुकाबले के दौरान अपनी पोशाक पर राजनीतिक नारा प्रदर्शित करने के लिए उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। तलाश ने 2021 में अफगानिस्तान को छोड़कर स्पेन में शरण ली थी।

**भारतीय हॉकी टीम के सदस्यों का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत, कप्तान ने कहा- देशवासियों का ऐसा स्नेह देख बढ़ गई है जिम्मेदारी**

## अभिभूत हूं, देश मना रहा है हमारी जीत का जश्न : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरूष हॉकी टीम के सदस्यों का शनिवार की सुबह पेरिस से यहां पहुंचने पर सैकड़ों की संख्या में हवाई अड्डे पर मौजूद खेलप्रेमियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय टीम गुरुवार को स्पेन को कांस्य पदक के मुकाबले में 2-1 को हराकर हॉकी में 13वां ओलंपिक पदक जीतकर लौटी। भारतीय हॉकी की दीवार गोलकीपर पी आर श्रीजेश पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में दो पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक होंगे।

श्रीजेश, अमित रोहिदास, राजकुमार पाल, अभिषेक, सुखजीत सिंह और संजय समापन समारोह के बाद लौटेंगे। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और टीम का फूलों की मालाओं और ढोल ताशे के साथ इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया।



दिल्ली हवाई अड्डे पर प्रशंसकों को अपने मेडल दिखाते खिलाड़ी।

कांस्य पदक के मैच में दोनों गोल करने वाले हरमनप्रीत ने मीडिया से कहा हमें पूरा सहयोग मिला और हमारी सारी जरूरतें पूरी की गई। हम धन्यवाद देना चाहते हैं। हॉकी के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इस प्यार से हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। हम हर बार पदक जीतकर लौटने की कोशिश करेंगे। हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक में सर्वाधिक 10 गोल दागे। उन्होंने कहा कि इस स्वागत से टीम अभिभूत है। टीम ने तैयारी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी और यह देखकर खुशी हुई कि हमारी मेहनत रंग लाई और हमारी जीत का जश्न पूरा देश मना रहा है। भारत ने पेरिस ओलंपिक में ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया और म्युनिख ओलंपिक 1972 के बाद ओलंपिक में आस्ट्रेलिया पर यह पहली जीत थी।




खेली मंत्री मनसुख मांडविया को जर्सी सौंपते हरमनप्रीत साथ में कांस्य विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### यह जीत आपकी दृढ़ता, टीम वर्क, जज्बे का प्रमाण : मांडविया

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम को शनिवार को यहां सम्मानित करते हुए उनकी दृढ़ता और अदम्य जज्बे की सराहना की। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार ओलंपिक कांस्य पदक जीता। मांडविया ने कहा आपने भारत को बहुत गौरव दिलाया है और लाखों युवा खिलाड़ियों को अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। मांडविया ने खिलाड़ियों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक मंच पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। पूरे देश को आपकी उपलब्धि पर गर्व है। यह जीत आपकी दृढ़ता, टीम वर्क और अदम्य जज्बे का प्रमाण है। आपने भारत को बहुत गौरव दिलाया है और लाखों युवा एथलीटों को अपने सपने पूरे करने के लिए प्रेरित किया है। केंद्रीय मंत्री ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोचिंग स्टाफ और सहयोगी टीम के अथक प्रयास की भी सराहना की। उन्होंने भारत में हॉकी को और अधिक बढ़ावा देने के साथ देश की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।


## क्वार्टर फाइनल में चित हुईं रीतिका

### आखिरी अंक गंवाने के कारण किर्गिस्तान की एइपेरी मेतेट के खिलाफ मिली हार

पेरिस, एजेंसी

भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा को पेरिस ओलंपिक महिला कुश्ती के 76 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की एइपेरी मेतेट के खिलाफ बराबरी के बाद आखिरी अंक गंवाने के कारण हार का सामना करना पड़ा।

अपना पहला ओलंपिक खेल रही 21 साल की रीतिका ने शीर्ष वरीयता प्राप्त पहलवान को कड़ी टक्कर दी और शुरुआती पीरियड में एक अंक की बढ़त बनाने में सफल रही। दूसरे पीरियड में रीतिका ने कड़ी टक्कर देने के बावजूद पैसिविटी (अति रक्षात्मक रवैया) के कारण एक अंक गंवाया जो इस मैच का आखिरी अंक साबित हुआ। नियमों के अनुसार मुकाबला बराबर रहने पर आखिरी अंक बनाने वाले खिलाड़ी को विजेता घोषित किया जाता है। किर्गिस्तान की पहलवान अगर फाइनल में पहुंचती है तो रीतिका के पास रेपेचेज से कांस्य पदक हासिल करने का मौका होगा। इस भारवर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की पहली पहलवान रीतिका ने इससे पहले तकनीकी श्रेष्ठता से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।



क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की एइपेरी मेतेट के खिलाफ जोर आजमातीं भारत की रीतिका हुड्डा। >>

उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में हंगरी की बर्नाडेट नैगी को 12-2 से तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। रीतिका पहले पीरियड में 4-0 से आगे थी लेकिन उन्होंने दूसरे पीरियड में शानदार प्रदर्शन कर आठवीं वरीयता प्राप्त पहलवान को ज्यादा मौके नहीं दिए।

रीतिका ने रक्षात्मक खेल के साथ शुरुआत की और हंगरी की पहलवान के आक्रमण को शानदार तरीके से रोकने में सफल रही। रीतिका को इसके बाद पैसिविटी के कारण रेफरी ने चेतावनी दी और इस पहलवान के पास अगले 30 सेकंड में अंक बनाने की चुनौती थी। बर्नाडेट ने रीतिका के पैर पर आक्रमण किया लेकिन भारतीय पहलवान ने 'फ्लिप' कर शानदार बचाव के बाद पलटवार के साथ दो बार दो अंक हासिल करने में सफल रहीं। शुरूआती पीरियड में 0-4 से पिछड़ने वाली हंगरी की पहलवान ने दो अंक हासिल कर वापसी की लेकिन रीतिका ने इसके बाद उन्हें कोई मौका नहीं दिया। रीतिका ने प्रतिद्वंद्वी को टेकडाउन कर दो अंक हासिल करने के बाद लगातार तीन बार अपने दांव पर दो-दो अंक हासिल किए जिससे रेफरी को 29 सेकंड पहले ही मैच को रोकना पड़ा।

**पदक तालिका**

| देश | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 37 | 27 | 23 | 87 |
| अमेरिका | 33 | 41 | 39 | 113 |
| ऑस्ट्रेलिया | 18 | 17 | 14 | 49 |
| जापान | 16 | 10 | 13 | 39 |
| फ्रांस | 15 | 21 | 22 | 58 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 14 | 20 | 24 | 58 |
| द. कोरिया | 13 | 8 | 8 | 29 |
| नीदरलैंड | 13 | 6 | 11 | 30 |
| जर्मनी | 12 | 9 | 8 | 29 |
| इटली | 11 | 12 | 14 | 37 |
| भारत | 0 | 1 | 5 | 6 |

### एनआरएआई 14 सितंबर को अपना अध्यक्ष चुनेगा

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) 14 सितंबर को अपना अध्यक्ष चुनेगा क्योंकि यह पद पिछले साल रनिंदर सिंह के 12 साल के कार्यकाल के खत्म होने के बाद खाली पड़ा है।

एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने पीटीआई को बताया कि चुनाव मौजूदा चुनावी चक्र में बचे हुए कार्यकाल के लिए ही होंगे और यह कार्यकाल प्रभावी रूप से सिर्फ एक साल का है। सिंह ने कहा चुनाव सिर्फ बचे हुए कार्यकाल के लिए अध्यक्ष पद के लिए होंगे। हम 14 सितंबर को दिल्ली में आम सभा की बैठक बुलाएंगे और उसी दिन अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। पिछले साल खेल मंत्रालय ने निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रमुख राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार 12 साल से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकते। इससे एनआरएआई का नेतृत्व पिछले 16 महीनों से वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश सिंह देव कर रहे हैं।

## महिला गोल्फ स्पर्धा में पदक तक नहीं पहुंच सकीं अदिति और दीक्षा

पेरिस, एजेंसी

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर शनिवार को पेरिस ओलंपिक में महिला गोल्फ स्पर्धा के आखिरी दिन नहीं पहुंच सकी पदक तक। दोनों गोल्फर क्रमशः टी25 और टी49 स्थान पर रहीं।

भारत की नंबर वन महिला गोल्फर अदिति अशोक गुरुवार को दूसरे राउंड के बाद टी14 पर थीं। तीसरे राउंड के बाद वह 26 स्थान नीचे खिसककर टी40 पर पहुंच गईं, लेकिन शनिवार को 4-अंडर 68 के स्कोर से उन्हें दो ओवर 290 के अंतिम स्कोर के साथ 11 स्थान का फायदा हुआ। गोल्फ नेशनल में प्रतिस्पर्धा करते हुए अदिति ने शुक्रवार को सात ओवर 79 का स्कोर करने के बाद अंतिम दिन सात बर्डी और तीन बोगी लगाए। इस बीच दीक्षा डागर 6 ओवर 78 का स्कोर दर्ज करने के बाद सात स्थान नीचे खिसककर टी49 पर आ गईं।





गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर।

स्पर्धा का स्वर्ण पदक न्यूजीलैंड की लिडिया को ने 10-अंडर 278 के स्कोर के साथ जीता। उल्लेखनीय है कि इस तरह भारत ने पेरिस ओलंपिक में गोल्फ मीट को बिना पदक के समाप्त किया। पिछले सप्ताह पुरुष गोल्फ में शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर ने क्रमशः टी40 और टी45 पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया था।

### महिला विश्व कप की मेजबानी के लिए सेना से मांगा आश्वासन

ढाका। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश में बनी राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने देश के सेवा प्रमुख से 3 से 20 अक्टूबर के बीच होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के आयोजन के लिए सुरक्षा का आश्वासन मांगा है।

महिला टी-20 विश्व कप बांग्लादेश के दो शहरों सिलहट और मीरपुर में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के अभ्यास मैच 27 सितंबर से शुरू हो जाएंगे। क्रिकबज के अनुसार, बीसीबी ने बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वेकर उज जमान को पत्र लिखकर टूर्नामेंट के आयोजन के लिए सुरक्षा आश्वासन मांगा है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भी बांग्लादेश की स्थिति पर नजर रखे हुए है जहां सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शनों में सैकड़ो लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा। आईसीसी समान समय क्षेत्र में इस टूर्नामेंट का आयोजन कर सकता है तथा ऐसे में उसके पास भारत, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका विकल्प होंगे।

## 61.5 किलो आया वजन, 10 घंटे बहाया पसीना

पेरिस, एजेंसी

कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है और पेरिस ओलंपिक में भारत को कुश्ती का कांस्य पदक दिलाने वाले अमन सेहरावत को 4.6 किलो वजन खोना पड़ा। सेमीफाइनल में जापान के रेइ हिगुची से हारने के बाद अमन का वजन 61.5 किलो आया था। अब कांस्य पदक के प्लेआफ के लिये मैट पर उतरने से पहले उनके सामने वजन कम करने की चुनौती थी।

ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाले भारत के सबसे युवा खिलाड़ी अमन ने दस घंटे के भीतर 4.6 किलो वजन कम किया क्योंकि उन्हें 57 किलोवर्ग के मुकाबले में उतरना था। दूसरे दिन सुबह वजन किया गया तो कोच जगमंदर सिंह और वीरेंदर दहिया ने राहत की सांस ली क्योंकि अमन का वजन निर्धारित सीमा के भीतर आया। कुछ दिन पहले ही विनेश फोगाट सौ ग्राम वजन अधिक पाये जाने के कारण फाइनल से अयोग्य करार दी गई थी। अमन ने मिशन की शुरूआत डेढ घंटे अपने दो सीनियर कोचों के साथ मैट पर अभ्यास करने के साथ की। इसके बाद एक घंटा गर्म पानी से स्नान किया। चूंकि पसीने से भी वजन कम होता है तो आधा घंटे के ब्रेक के बाद पांच पांच मिनट के पांच सौना बाथ सत्र हुए। आखिरी सत्र के बाद अमन का वजन 900 ग्राम अधिक था तो उनकी मालिश की गई और कोचों ने उसे हल्की जॉगिंग करने के लिए कहा। इसके बाद 15 मिनट दौड़ लगाई। सुबह 4.30 तक उसका वजन 56.9 किलो आ गया। इस दौरान उसे गर्म पानी के साथ नींबू और शहद और थोड़ी कॉफी दी गई। अमन उसके बाद सो ही नहीं सका। उसने कहा मैने कुश्ती के मुकाबलों के वीडियो पूरी रात देखे। कोच ने कहा हम हर घंटे उसका वजन जांचते रहे।




● अमन ने सौना के पांच सत्र, ट्रेडमिल पर अभ्यास से 10 घंटे में घटाया 4.6 किलो वजन

### अमन का जीवन प्रेरणादायक : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर पहलवान अमन सेहरावत की शनिवार को सराहना की और कहा कि उनका जीवन दूसरों के लिए प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री ने पहलवान को फोन पर बधाई दी, कहा वह इस ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में सबसे कम उम्र के है और उनकी यह उपलब्धि लंबे समय तक खुशी देती रहेगी। सेहरावत ने कम उम्र में अपने माता-पिता को खो दिया था और उन्होंने खुद को कुश्ती के लिए समर्पित कर दिया।

## ओलंपिक में जीते यह पदक बच्चों को करेंगे प्रेरित : नीरज


● स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनाए रखते हुए भाला फेंक को लोकप्रिय बनाना चाहते हैं नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम

पेरिस, एजेंसी

भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम मैदान पर अपनी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और मैदान के बाहर पक्की दोस्ती से भारत और पाकिस्तान के युवाओं को प्रेरित करने और इस खेल से जोड़ने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

नदीम ने पेरिस ओलंपिक की पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो से ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि अपने खिताब का बचाव कर रहे चोपड़ा ने 89.45 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीता। चोपड़ा से जब पूछा गया कि क्या दोनों की सफलता से भारत और पाकिस्तान दोनों में एथलेटिक्स लोकप्रिय होगी तो उन्होंने कहा यह पहले से ही बहुत बढ़ चुकी है। हम पहले से ही भारत में अधिक प्रतिभाशाली भाला फेंक एथलीट देख रहे हैं। पाकिस्तान में भी यही हो रहा है।

चोपड़ा ने कहा यह तभी संभव होगा जब हमारे पास क्रिकेट की तरह काफी प्रतियोगिताएं हों। हमारे पास दो बड़ी प्रतियोगिताएं हैं। चार साल में ओलंपिक और दो साल में विश्व चैंपियनशिप। अगर अधिक प्रतियोगिताएं होती तो ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देखेंगे जैसे डायमंड लीग और कुछ अन्य प्रतियोगिताओं को देखते हैं। 27 वर्षीय नदीम ने कहा मैं बहुत खुश हूं। भाग लेने वाले सैकड़ों देशों में से पाकिस्तान और भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। नीरज ने बुडापेस्ट में (2023) विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और यह मेरे लिए एक सुनहरा पल है। नदीम ने कहा हमारी दोस्ती बहुत मजबूत है और मैं चाहता हूं कि यह लंबे समय तक जारी रहे।




### विनेश ने देश के लिए जो कुछ किया, उसे लोग नहीं भूलेंगे

पेरिस। स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पहलवान विनेश फोगाट की खेल पंचाट (सीएएस) की गयी अपील को सफल रहने की उम्मीद जताते हुए कहा कि अगर यह फैसला उनके पक्ष में नहीं रहा तो भी लोगों यह भूलना नहीं चाहिये कि उन्होंने देश के लिए क्या किया है। वह विनेश के गले में पदक सिर्फ एक कारण से देखना चाहते है क्योंकि इससे 'लोग उनकी उपलब्धि को भूलेंगे नहीं। अगर उसे पदक मिलता है, तो यह बहुत अच्छा होगा। अगर चीजें उस तरह से नहीं हुई होती, तो उसके पास पदक होता। मुझे उम्मीद है कि उसे यह मिलेगा क्योंकि अगर यह आपके गले में नहीं है, तो आपको हमेशा इसकी निराशा रहती है।

## विनेश का दर्द समझता हूं: हिगुची

पेरिस, एजेंसी

कुछ अतिरिक्त ग्राम के कारण अयोग्य घोषित किए जाने के दर्द से सभी पहलवान परिचित हैं और अब जापानी ओलंपिक चैंपियन रेई हिगुची ने भारतीय पहलवान विनेश फोगाट का समर्थन करते हुए कहा कि वह उनका दर्द समझते हैं।

विनेश को निर्धारित सीमा से 100 ग्राम अधिक होने के कारण पेरिस ओलंपिक के फाइनल के लिए अयोग्य ठहराकर बाहर दिया गया था। पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता हिगुची को तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक के क्वालीफायर से सिर्फ 50 ग्राम अधिक वजन होने के कारण बाहर कर दिया गया था। इसके बाद वह अपने घरेलू ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले सके। हिगुची ने 57 किग्रा फ्रीस्टाइल के सेमीफाइनल में भारत के अमन सेहरावत को हराकर फाइनल में प्रवेश किया और स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने विनेश की संन्यास की घोषणा पर टिप्पणी करते हुए 'एक्स' पर लिखा, मैं आपका दर्द अच्छी तरह समझता हूं। बस 50 ग्राम। दूसरों की बातों की चिंता मत करो। जिंदगी चलती रहती है। असफलताओं से उबरना सबसे खूबसूरत चीज है।



● जापान के ओलंपिक चैंपियन ने किया फोगाट का समर्थन, कहा- ऐसे मै धैर्य बनाए रखना जरूरी

हिगुची ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक जीता था। उन्होंने 'जापान न्यूज' से तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में असफल होने के बारे में कहा मैं असफलता और निराशा से गुजर चुका हूं, लेकिन मैं खुद पर विश्वास करके सफल होने में कामयाब रहा। फिर भी मुझे नहीं लगता कि मैं सिर्फ अपने प्रयासों से स्वर्ण पदक जीत सकता था। तब हिगुची को 'जंक फूड' के प्रति लगाव के लिए दोषी माना जा रहा था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### मोंटाना जा रहे ट्रंप के विमान का मार्ग बदला



**बोजमैन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के विमान में शुक्रवार रात उस समय यांत्रिक समस्या आ गई, जब वह मोंटाना के बोजमैन में एक जनसभा में शामिल होने रवाना हुआ था। समस्या के कारण ट्रंप के विमान के मार्ग में बदलाव किया गया।

### भारत-नेपाल में उपग्रह प्रक्षेपण को लेकर करार

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय और इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने नेपाल निर्मित मुनाल उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए सहायता देने के लिए शनिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### सिंगापुर में गुरुद्वारे में शताब्दी वर्ष समारोह

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक गुरुद्वारे की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर समारोह आयोजित किया गया और इस दौरान वहां प्रार्थना सभाएं भी आयोजित की गईं जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यह गुरुद्वारा सिंगापुर जनरल हॉस्पिटल के सामने जालान बुकिट मेराह में स्थित है।

### उत्तर कोरिया ने उड़ाए दक्षिण कोरिया में गुब्बारे

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने फिर से दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाए हैं। सेना ने शनिवार को कहा कि हवा से ये गुब्बारे दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के उत्तरी क्षेत्रों तक पहुंच सकते हैं।

### असम सीमा विवाद हल करने को प्रतिबद्धः लालदुहोमा

**आइजोल।** मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार पड़ोसी राज्य असम के साथ सीमा विवाद सुलझाने और सीमा पर शांति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। लालदुहोमा ने एक बयान में कहा कि उनकी सरकार मौजूदा कार्यकाल के दौरान अंतरराज्यीय सीमा विवाद को हल करने की इच्छुक है।

### चीनी विमानों ने फिलीपीन के विमान को घेरा

**मनीला।** फिलीपीन के सेना प्रमुख ने शनिवार को कहा कि दक्षिण चीन सागर के ऊपर गश्त पर निकले उनकी वायुसेना के एक विमान के रास्ते में चीनी वायुसेना के दो विमानों ने खतरनाक पैंतरेबाजी की और आग का गोला गिराया जो एक भड़काऊ कृत्य है।

### ब्राजील ने शुरू की विमान हादसे की जांच

**विन्हेडो।** ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में शुक्रवार को हुए विमान हादसे में 62 लोगों की मौत के मामले में अधिकारियों ने कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की। विमानन कंपनी वेपास ने बताया कि 'एटीआर72' विमान में 58 यात्री और चालक दल के चार सदस्य मौजूद थे।

# तिमोर लेस्ते से द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाएगा भारत

तिमोर-लेस्ते, एजेंसी



● राष्ट्रपति मुर्मू को तिमोर-लेस्ते का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि भारत और तिमोर-लेस्ते लोकतंत्र और बहुलवाद के मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं और दोनों देशों के बीच मधुर एवं मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। मुर्मू ने तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता के साथ दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की। मुर्मू शनिवार को इस दक्षिण-पूर्व एशियाई देश पहुंची थीं। दिली स्थित राष्ट्रपति भवन में मुर्मू का स्वागत किया गया और उन्होंने सलामी गारद का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भारत और तिमोर-लेस्ते लोकतंत्र और बहुलवाद के मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं और दोनों देशों के बीच मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से नवाजा। मुर्मू को यह सम्मान सार्वजनिक सेवा में उपलब्धियों तथा शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिला सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है।

# बांग्लादेश के प्रधान न्यायाधीश सहित छह जजों का इस्तीफा

ढाका, एजेंसी

## मोहम्मद अशफाकुल इस्लाम को बनाया गया कार्यवाहक प्रधान न्यायाधीश

बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ओबैदुल हसन और पांच अन्य न्यायाधीशों ने छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उच्चतम न्यायालय के जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद शफीकुल इस्लाम ने बताया कि अपीलीय डिवीजन के न्यायाधीश मोहम्मद अशफाकुल इस्लाम को कार्यवाहक प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। प्रधान न्यायाधीश (65) ने अपना निर्णय दोपहर करीब एक बजे घोषित किया, जब भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के प्रदर्शनकारी अदालत परिसर में एकत्र हुए। अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार प्रोफेसर आसिफ नजरुल ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश का त्यागपत्र राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद शीर्ष अदालत के पांच अन्य न्यायाधीशों ने कानून मंत्रालय के माध्यम से राष्ट्रपति को इस्तीफा सौंप दिया।

### छात्रों के दबाव में दिया इस्तीफा



भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयकों में से एक हसनत अब्दुल्ला ने प्रधान न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों को इस्तीफे के लिए दोपहर एक बजे तक का समय दिया था। प्रधान न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों की बैठक बुलाई थी किंतु छात्रों के विरोध के मद्देनजर बैठक स्थगित कर दी और बाद में कहा कि वह पद से इस्तीफा दे देंगे।

### पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह

**कोलकाता।** कॉमनवेल्थ जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) ने शनिवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से देश में पत्रकारों और मीडिया संस्थानों के लिए सुरक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बांग्लादेश में पत्रकारों पर गंभीर हमलों और धमकाने की घटनाओं के मद्देनजर एसोसिएशन ने यह पत्र लिखा है।

### हिंदुओं पर हमले रोकने के लिए अमेरिका करे हस्तक्षेप, भारतीय-अमेरिकी सांसद ने उठाई मांग

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी सांसद थानेदार ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ समन्वित हमलों को रोकने का विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से आग्रह करते हुए अमेरिकी सरकार से अल्पसंख्यक समुदाय के सताए गए सदस्यों को शरणार्थी के रूप में अस्थायी संरक्षित दर्जा देने का अनुरोध किया है। बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना सरकार के पतन के बाद अल्पसंख्यक समुदायों पर 52 जिलों में कम से कम 205 हमले हुए।

### बांग्लादेश से घुसपैठ चिंता का विषय : बीरेन सिंह

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश में अशांति के मद्देनजर पड़ोसी मुल्क से होने वाली घुसपैठ चिंता का विषय है और उनकी सरकार ने इसे रोकने के लिए कुछ जिलों में रात्रि कर्फ्यू लगाया है।

### अल्पसंख्यकों पर हमले जघन्य अपराध : यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अल्पसंख्यकों पर हमलों की निंदा करते हुए इन्हें जघन्य करार दिया और युवाओं से उनकी रक्षा करने का आग्रह किया।

# इजराइल ने किया गाजा में स्कूल पर हवाई हमला, 80 नागरिकों की मौत

## हमले में 47 लोग हुए घायल, मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक

दीर अल-बलाह, एजेंसी

● इजराइल का दावा-स्कूल में उसने हमास के कमांड सेंटर को बनाया निशाना

गाजा सिटी में शरणार्थी शिविर में तब्दील एक स्कूल पर शनिवार तड़के हुए इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच 10 महीने से जारी युद्ध में यह हमला अब तक के भीषण हमलों में से एक है। इजरायली सरकार ने हमले की बात स्वीकार करते हुए दावा किया है कि उसने स्कूल के अंदर स्थित हमास के कमान सेंटर को निशाना बनाया। हालांकि, हमास ने इससे (कमान सेंटर से) इनकार किया है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मध्य गाजा में तबीन स्कूल पर हुए हमले में 47 लोग घायल भी हुए हैं। स्कूल का इस्तेमाल युद्ध के चलते अपने घरों को छोड़कर भागने को मजबूर हुए लोगों को शरण देने के लिए किया जा रहा था। गाजा सिटी में अल-अहली अस्पताल के निदेशक फदेल नईम ने कहा कि हवाई हमले में मारे गए 70 लोगों के शव और 10 अन्य के शरीर के अंग लाए गए हैं। लोगों को बचाने में जुटे एक प्रत्यक्षदर्शी अबू अनस के अनुसार, हमला बिना किसी चेतावनी के सुबह सूर्योदय से पहले हुआ, जब लोग स्कूल के अंदर स्थित मस्जिद में नमाज अदा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वहां लोग नमाज कर रहे थे, कुछ लोग नहा रहे थे और कुछ ऊपर सो रहे थे, जिनमें बच्चे, महिलाएं और बूढ़े भी शामिल थे।

### जून में भी हुआ था स्कूल पर हमला

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध के दौरान छह जुलाई तक गाजा के 564 स्कूलों में से 477 पर सीधा हमला हुआ है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार जून में, मध्य गाजा में विस्थापित फलस्तीनियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली हमले में कम से कम 33 लोग मारे गए थे, जिनमें 12 महिलाएं और बच्चे थे।

### स्कूल-मस्जिद में थे छह हजार शरणार्थी

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि मिसाइल अचानक उन पर गिर गई। पहले एक मिसाइल गिरी, फिर एक और। हमने शवों के अंग बरामद किए हैं। हमास की स्थानीय सरकार के तहत काम करने वाले नागरिक सुरक्षा दल के प्रवक्ता महमूद बस्सल ने बताया कि तीन मिसाइल स्कूल और मस्जिद के अंदर गिरीं, जहां युद्ध के कारण लगभग 6,000 लोग शरण लिए हुए थे। उन्होंने कहा कि मृतकों में से अधिकांश की पहचान नहीं हुई है और मृतक संख्या बढ़ने की आशंका जताई। बस्सल ने कहा कि मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।



**झंडा ऊंचा रहे हमारा...** हिमालय पर्वतारोहण संस्थान (एचएमआई) द्वारा कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान से अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो तक दिव्यांगजन अभियान के हिस्से के रूप में 7,800 वर्ग फुट का राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित किया जा रहा है।

# श्रीलंका पीपुल्स फ्रंट के बागी बनाएंगे अपनी पार्टी

**कोलंबो, एजेंसी।** राजपक्षे परिवार की अगुवाई वाले दल के बागी नेताओं ने 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में निवर्तमान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का समर्थन करने के प्रयास के तहत अगले सप्ताह नया संगठन बनाने का निर्णय किया है। राजपक्षे परिवार के प्रति निष्ठावान रह चुके महिंदानंद अलुथगामगे ने मध्यवर्ती कैंडी जिले में एक राजनीतिक सभा में कहा कि नई पार्टी के गठन की तैयारी चल रही है। राजपक्षे श्रीलंका में शासन करने वाले प्रभावशाली राजनीतिक परिवारों में एक है। राजपक्षे की श्रीलंका पीपुल्स फ्रंट (एसएलपीपी) करीब दो दशक तक केंद्र में शासन कर चुका है। वर्ष 2020 में संसद के लिए निर्वाचित हुए एसएलपीपी के 145 से अधिक सांसदों में से 100 से अधिक अब 75 वर्षीय विक्रमसिंघे के साथ हैं जिन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है।

### यूक्रेन को 12.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मदद

**वाशिंगटन।** रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिका ने उसे अतिरिक्त 12.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के हथियार भेजने का फैसला किया है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को बताया कि यूक्रेन को भेजी जा रही अतिरिक्त सैन्य सहायता में अति आवश्यक वायु रक्षा प्रणालियां, टैंक रोधी हथियार और दुश्मन द्वारा दागे गए गोलों का पता लगाने व उन्हें नष्ट करने में मदद करने वाले राडार शामिल हैं। अमेरिका ने यूक्रेन के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता की घोषणा ऐसे समय में की है, जब कीव ने फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से रूस की जमीन पर अपना अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में हमला किया, जिससे मॉस्को को आपातकाल घोषित करना पड़ा और वहां अतिरिक्त सैन्य बल भेजना पड़ा। राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए यूक्रेन अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए गए हथियारों का इस्तेमाल बाइडन प्रशासन की नीतियों के अनुरूप ही कर रहा है।

### दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश होने से यातायात बाधित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में शनिवार को बारिश हुई, जिससे यातायात बाधित हो गया और जगह-जगह जलभराव हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम है। पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को दिन में बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई थी। दिल्ली यातायात पुलिस ने शनिवार को बताया कि बारिश होने से रोह तक रोड पर यातायात प्रभावित हुआ है। दिल्ली यातायात पुलिस ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि नांगलोई से टीकरी बॉर्डर की ओर जाने वाले रोहतक रोड पर गड्ढों और जलभराव के कारण यातायात प्रभावित है। राजधानी में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 92 प्रतिशत दर्ज किया गया। दिल्ली में शुक्रवार को भी भारी बारिश हुई और शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया।

## इस्माइली फिर बने ईरान के परमाणु विभाग के प्रमुख

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने अमेरिका में पढ़े अधिकारी मोहम्मद इस्माइली को एक बार फिर देश के परमाणु विभाग का प्रमुख नियुक्त किया है, जिन पर 16 साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने प्रतिबंध लगाए थे। इस्माइली ईरान के असैन्य परमाणु विभाग के प्रमुख के तौर पर काम करते रहेंगे। वर्ष 2015 का परमाणु कार्यक्रम समझौता खत्म होने के बाद पश्चिमी देशों ने ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जिनके बीच पेजेश्कियान ने इस्माइली को दोबारा इस पद पर नियुक्त किया है। समझौते के तहत ईरान को परमाणु गतिविधियों में कटौती के बदले प्रतिबंधों से राहत मिली थी। पेजेश्कियान ने राष्ट्रपति चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान कहा था कि वह परमाणु समझौते को बहाल करने का प्रयास करेंगे। संयुक्त राष्ट्र ने इस्माइली पर ईरान की संवेदनशील परमाणु गतिविधियों में शामिल होने, सीधे तौर पर जुड़े रहने या समर्थन प्रदान करने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# भारत हमारा करीबी और बहुमूल्य साझेदार : मुइज्जू

माले, एजेंसी



विदेशमंत्री जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से मुलाकात की।

● मालदीव के राष्ट्रपति से मिले विदेशमंत्री जयशंकर

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को कहा कि भारत हमेशा से एक करीबी सहयोगी और बहुमूल्य साझेदार रहा है तथा उनके देश को जब भी उसकी जरूरत पड़ी तब नई दिल्ली ने हर तरह की सहायता प्रदान की है। उन्होंने मालदीव में 28 द्वीप क्षेत्रों में जलापूर्ति व सीवर सुविधाएं शुरू किए जाने को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। भारत सरकार ने भारतीय एक्जिम बैंक के माध्यम से ऋण सुविधा के तहत इन परियोजनाओं का वित्तपोषण किया है।

इससे पहले, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मुइज्जू से मुलाकात कर दोनों देशों की जनता और क्षेत्र के लाभ के लिए भारत-मालदीव संबंधों को मजबूत बनाने की नई दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई। मुइज्जू ने कहा कि इन परियोजनाओं से महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ होंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और कुल मिलाकर देश की समृद्धि में योगदान होगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से ये परियोजनाएं महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने एक बार फिर मालदीव और भारत के बीच ऐतिहासिक एवं निकट संबंधों को मजबूत बनाने की अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। मुइज्जू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मालदीव को उदारतापूर्वक व निरंतर सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारत सरकार और भारत के मित्रवत लोगों का आभार व्यक्त किया। जयशंकर मालदीव की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।

### जल एवं स्वच्छता परियोजनाएं मालदीव को सौंपी

**माले।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मालदीव के 28 द्वीपों में भारत के वित्तपोषण वाली 11 करोड़ अमेरिकी डॉलर की व्यापक जल एवं स्वच्छता परियोजनाएं शनिवार को पड़ोसी देश को सौंप दीं। तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से परियोजनाओं की शुरुआत की। भारत ने एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से ऋण सुविधा के तहत मालदीव के 28 द्वीपों में जल एवं स्वच्छता परियोजनाएं शुरू की हैं।

### मालदीव के रक्षा मंत्री से सुरक्षा संबंधों पर चर्चा

**माले।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ सकारात्मक बैठक की और द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग तथा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने में साझा हित पर चर्चा की। अपनी मालदीव यात्रा के दूसरे दिन जयशंकर ने द्वीपीय राष्ट्र के रक्षा मंत्री मौमून से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि रक्षा मंत्री मौमून से रक्षा और सुरक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा के लिए संयुक्त पहल और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में हमारे साझा हितों पर चर्चा हुई। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब पिछले वर्ष राष्ट्रपति मुइज्जू के पदभार ग्रहण करने के बाद से मालदीव के साथ चीन के सैन्य संबंध बढ़ रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# नई मेधाओं को मंच देना चाहता हूं : आमिर खान



**नई दिल्ली।** सुपरस्टार आमिर खान का कहना है कि लापता लेडीज फिल्म बनाने का उनका फैसला इस अहसास पर आधारित है कि वह हर रोचक कहानी में अभिनय नहीं कर सकते और अब वह उभरते कलाकारों के लिए मौका पैदा करना चाहते हैं। किरण राव निर्देशित यह फिल्म शुक्रवार शाम में यहां उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों, उनके परिवारों और अधिकारियों को दिखायी गई। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने खान एवं राव का स्वागत किया। फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद के सत्र को संबोधित करते हुए खान ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान उनके पास अपने करियर के बारे में सोचने के लिए काफी वक्त था।

### अर्जुन रामपाल का एक्स खाता हैक



**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन रामपाल ने शनिवार को अपने प्रशंसकों से अनुरोध किया कि वे उनके एक्स अकाउंट से किसी भी संदेश का जवाब न दें, क्योंकि यह हैक हो गया है। रामपाल (51) ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट में यह खबर साझा की। उन्होंने लिखा यह अच्छी खबर नहीं है कि मेरा एक्स अकाउंट हैक हो गया है। हाल ही में प्रसिद्ध गीतकार और शायर जावेद अख्तर ने भी खुलासा किया कि उनका एक्स खाता हैक कर लिया गया था और 2024 पेरिस ओलंपिक से संबंधित एक पोस्ट साझा कर दी गयी थी। अख्तर ने पोस्ट किया था मेरा एक्स खाता हैक हो गया है। मेरे अकाउंट से ओलंपिक के लिए हमारी भारतीय टीम के बारे में एक संदेश आया है। यह पूरी तरह से हानिरहित है, लेकिन मैंने इसे नहीं भेजा है।

### यश चोपड़ा की फिल्म पर महेश भट्ट ने कसा तंज

**मुंबई।** फिल्ममेकर महेश भट्ट ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान यश चोपड़ा की फिल्म सिलसिला पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर सीक्रेट रिलेशनशिप होती है, गार्डन में जाकर गाना नहीं गाते। लोग इसे सीक्रेट रखते हैं। महेश भट्ट ने यह भी कहा कि उनकी फिल्म अर्थ यशराज की फिल्म सिलसिला से प्रेरित नहीं थी। दरअसल, महेश भट्ट ने जब अर्थ बनाई थी तो उस समय यह अफवाह उड़ी थी कि उन्होंने यह फिल्म यशराज की सिलसिला देखने के बाद बनाई थी। महेश भट्ट ने कहा- मैंने अर्थ अपने जीवन के अनुभवों से प्रेरणा लेकर बनाई थी। इससे पहले जो चार फिल्में बनाई थीं वो फ्लॉप थीं। मेरा करियर खत्म होने वाला था। सोचा कि एक और रिस्क लेते हैं। लोग मुझसे कहते थे कि आप पहले से फ्लॉप डायरेक्टर हैं और अब अर्थ जैसी फिल्म बना रहे हैं। जिस पर पहले ही सिलसिला जैसी फिल्म बन चुकी है। जो फ्लॉप थी।

## ज्ञान-विज्ञान

90 किमी से नीचे गिरने वाली उल्कावृष्टि में यह प्रभाव देखा जा सकता है

# आसमान में घंटाभर प्रभाव बनाए रख सकता है उल्कापात

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** आसमान की रोमांचक घटनाओं में शूमार उल्कावृष्टि यानी टूटते तारों को लेकर नई जानकारी आई है कि आसमान से धरती की ओर आने वाली उल्का एक घंटे तक आसमान में अपना प्रभाव छोड़ सकती है। यह प्रभाव आसमान में सीमित ऊंचाई से आने वाली उल्काओं पर ही देखा जा सकता है, जबकि अधिक ऊंचाई पर जलने वाले उल्कापिंड कुछ ही पल में नष्ट हो जाते हैं।

उल्कापिंड आम तौर पर पलक झपकते ही दिखना बंद हो जाती हैं। यह रोमांचक खगोलीय घटना होती है और वर्ष में रोजाना होने वाली खगोलीय घटना है। मगर साल में कुछ ही दिनों का अवसर मिलता है, जब हम इन्हें काफी संख्या में आसमान से जमीन की ओर गिरते देख सकते हैं। मगर नई जानकारी के मुताबिक कभी कभी उल्का एक स्थायी आभा आसमान में छोड़ जाता है। खगोलविदों ने सौ वर्षों से भी अधिक समय से इन लगातार चलने वाली घटनाओं का अध्ययन किया है और इनकी उत्पत्ति से लेकर अंत तक विस्तार से जांच पड़ताल की है। स्विट्जरलैंड के बर्न विश्वविद्यालय के खगोल भौतिकीविद कहते हैं कि 10 से 60 मिनट तक स्थायी प्रभाव तब बनता है, जब अंतरिक्ष से जली हुई धातुएँ वायुमंडल में ऑक्सीजन व विशेष रूप से ओजोन के साथ प्रतिक्रिया करती हैं।

रासायनिक प्रतिक्रिया से गर्मी और प्रकाश निकलता है, जो उल्कापिंड को एक घंटे तक बनाए रखता है। बड़ी बात यह है कि जब हवा उन्हें दूर ले जाती है तो वे चमकीले सापों की तरह ऐंठ और मुड़ सकती हैं। वैज्ञानिकों द्वारा 1940 से 1950 के दशक के किए अध्ययनों से पता चला है कि प्रत्येक 750 उल्काओं में से एक उल्का पर यह प्रभाव देखा जाता है। वायुमंडलीय भौतिकविद कहते हैं कि उल्कापिंड से टकराकर गिरने वाले छोटे आवेशित धूल के कण एक विद्युत क्षेत्र उत्पन्न कर सकते हैं जो उल्का को एक साथ बनाए रख सकता है।



### 17 को होगी उल्कावृष्टि

**नैनीताल :** 17 अगस्त की रात सिग्निड उल्कावृष्टि की घटना होगी। मगर इस खगोलीय घटना का लुत्फ उठाने में चंद्रमा की रोशनी बड़ी बाधा होगी। चंद्रमा के अस्त होने के बाद ही इसे देखा जाना आसान हो सकेगा। वर्ष में कई दिन आते हैं, जब उल्कावृष्टि चरम पर होती है। जिसमें दर्जनों से लेकर सैंकड़ों उल्कापात प्रति घंटे की दर से देखी जा सकती हैं।